CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :34°C
न्यूनतम: 23°C

मुजफ्फरनगर, शनिवार 27 सितम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 256 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 4 रबी उल सानी 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



एआई की मदद से छात्रवृत्ति प्रक्रिया सरल बनाई जाएगी: योगी

पेज 2



हारिस रऊफ पर गिरी आईसीसी की गाज

खेल टाइम्स



प्रकृति, संस्कृति और समाज को जोड़ता सतत पर्यटन

सम्पादकीय



तुर्की के जवाब में भारत ने साइप्रस का मुद्दा उठाया

पेज 12

## पेपर लीक करवा रही भाजपा का दूसरा नाम 'पेपर चोर पार्टी' : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने उत्तराखंड में पेपर लीक की ताजा घटना को लेकर भाजपा सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए शुक्रवार को कहा कि बार-बार पेपरलीक होने की घटनाओं से युवाओं का सपना तबाह करने वाली भाजपा सरकार 'पेपर चोर' सरकार बन गई है। श्री गांधी ने कहा कि अब तक भाजपा वोट चोरी करवाकर सत्ता में आने के षड्यंत्र में लिप्त रही है, लेकिन अब इससे भी आगे निकल कर देश के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने उत्तराखंड में यूकेएसएसएससी के हाल में हुए पेपर लीक का हवाला दिया और कहा कि पेपर चोर हो चुकी भाजपा युवाओं की मेहनत पर पानी फेर रही है।

## हाईकोर्ट ने खारिज की राहुल गांधी की याचिका

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सिख समुदाय से जुड़े विवादित बयान को लेकर दायर निगरानी याचिका के खिलाफ कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की याचिका को खारिज कर दिया है। न्यायाधीश समीर जैन की अदालत ने इस मामले में सभी पक्षों की बहस पूरी होने के बाद तीन सितम्बर को अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था,जिस पर शुक्रवार को फैसला सुनाया गया। राहुल गांधी ने वाराणसी के स्पेशल जज एमपी/एमएलए कोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका दाखिल की थी। उन्होंने वाराणसी एमपी एमएलए कोर्ट द्वारा निगरानी याचिका स्वीकार किए जाने को दी थी। याचिका को खारिज कर दिया।

## डा. मनमोहन सिंह के नाम पर पुस्तकालय का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी तथा पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को यहां पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के नाम पर अनुसंधान केंद्र और पुस्तकालय का उद्घाटन किया। डा. सिंह के नाम पर स्थापित इस एक का नाम डा. मनमोहन सिंह अनुसंधान केंद्र और पुस्तकालय रखा गया है। यह केंद्र कांग्रेस के नए मुख्यालय इंदिरा भवन में स्थापित किया गया है। इस केंद्र पर डा. सिंह की पुस्तकें, उनके लेख और भाषणों के संकलन रखे गए हैं। इस मौके पर डा. सिंह की पत्नी गुरशरण कौर, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा अन्य कई प्रमुख नेता मौजूद रहे।

## यूसीसी वक्त की जरूरत: हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की वकालत की। कोर्ट ने कहा कि पर्सनल लॉ बाल विवाह की परमिशन देता है, जबकि पोक्सो एक्ट, बीएनएस में यही अपराध है। इन कानूनों के बीच बार-बार होने वाले टकराव को देखते हुए इसकी कानूनी रूप से स्पष्ट व्याख्या जरूरी है।

# ट्रम्प ने अब ब्रांडेड दवाओं पर लगाया 100 प्रतिशत टैरिफ

**वाशिंगटन, वार्ता**

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने ब्रांडेड या पेटेंटेड दवाई पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। ये टैरिफ एक अक्टूबर 2025 से लागू होगा।

यह टैक्स उन कंपनियों पर नहीं लगेगा, जो अमेरिका में ही दवा बनाने के लिए अपना प्लांट लगा रही हैं। भारत पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने पहले ही 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। ये टैरिफ 27 अगस्त से लागू हो चुका है। कपड़े, जेम्स-ज्वेलरी, फर्नीचर, सी फूड जैसे भारतीय प्रोडक्ट्स का एक्सपोर्ट इससे महंगा हो गया है। हालांकि दवाओं को इस टैरिफ से बाहर रखा गया था। ट्रम्प ने कहा कि एक अक्टूबर से हम ब्रांडेड या पेटेंटेड दवाई पर 100 फीसदी टैरिफ लगा देंगे, सिवाय उन कंपनियों के जो अमेरिका में अपना दवा बनाने वाला प्लांट लगा रही हैं। लगा रही हैं का मतलब होगा कंस्ट्रक्शन चल रहा है। इसलिए, अगर कंस्ट्रक्शन शुरू हो गया है, तो उन दवाइयों पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। जियोजित इनवेस्टमेंट्स लिमिटेड के चीफ इनवेस्टमेंट स्ट्रैटजिस्ट -शेष पृष्ठ दो पर



- एक अक्टूबर से लागू होगा नया फरमान, अमेरिका को 30 प्रतिशत दवाएं एक्सपोर्ट करता है भारत
- जेनेरिक दवाओं पर भी बैन लगा सकते हैं ट्रम्प
- जेनेरिक दवाओं का विश्व में सबसे बड़ा निर्यातक है भारत

### अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर हुई रचनात्मक बातचीत: सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को कहा कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में अमेरिका गए भारतीय प्रतिनिधिमंडल की वहां के अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में रचनात्मक बातचीत हुई और दोनों पक्षों ने निर्णय तक शीघ्र पहुंचने के लिए बातचीत जारी रखने का फैसला किया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कहा कि भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने 22-24 सितम्बर तक अपने दौरे में वहां अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर और भारत के लिए नामित अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के साथ बैठकें कीं। बयान में कहा गया है कि प्रतिनिधिमंडल ने समझौते के विभिन्न पहलुओं पर अमेरिकी सरकार के साथ रचनात्मक बैठकें कीं। दोनों पक्षों ने समझौते की संभावित रूपरेखा पर विचारों का आदान-प्रदान किया और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते पर शीघ्र निष्कर्ष निकालने के उद्देश्य से बातचीत जारी रखने का निर्णय लिया गया।

## वांगचुक एनएसए के तहत गिरफ्तार

**लेह।** लद्दाख में राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग को लेकर आंदोलन का नेतृत्व कर रहे पर्यावरणविद और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को पुलिस ने शुक्रवार को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई उस घटना के एक दिन बाद हुई, जब लेह में बंद और विरोध प्रदर्शनों के दौरान सुरक्षाबलों और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई भीषण झड़पों में चार लोगों की मौत हो गई थी। वांगचुक की गिरफ्तारी के बाद लेह में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है।

# आई लव मुहम्मद के बैनर को लेकर बरेली में बवाल

## सड़कों पर उतरे सैकड़ों लोग, तोड़फोड़-हंगामा, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बरेली में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। शहर के अलग-अलग इलाकों में आई लव मुहम्मद लिखे पोस्टर बैनर लेकर सैकड़ों लोग सड़कों पर उतरे। इस दौरान खलील स्कूल के पास कुछ शरारती तत्वों ने तोड़फोड़ की। पुलिस ने स्थिति पर काबू पाने के लिए लाठीचार्ज किया। साथ ही मौलाना तौकीर रजा को नजरबंद कर लिया गया है।

डीआईजी रेंज बरेली अजय कुमार साहनी ने कहा कि नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। कुछ शरारती तत्व माहौल खराब करना चाहते थे, उन्हें खदेड़ दिया गया है। श्यामगंज में पुलिस ने प्रदर्शन करने वालों को रोकने का प्रयास किया। इस दौरान एसपी क्राइम से नोकझोंक भी हुई, लेकिन जुलूस के रूप से भीड़ नारेबाजी करते हुए आगे बढ़ती गई। स्थिति को देखते हुए श्यामगंज में पुलिस ने दुकानें भी बंद करा दी। नौमहला मस्जिद के बाहर भी सैकड़ों लोग जुटे। लोगों ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। वहीं, खलील स्कूल के पास प्रदर्शनकारियों ने अचानक वाहनों में तोड़फोड़ शुरू कर दी। पुलिस ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माने। प्रदर्शनकारियों को शांत कराने के लिए पुलिस ने लाठियां पटकीं, तो भगदड़ मच गई। इत्तेहाद-ए-मिल्लत कौंसिल (आईएमसी) के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के ऐलान के बाद से शहर में गहमागहमी का माहौल है। मौलाना ने आई लव मुहम्मद मामले में डीएम के जरिये राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजने की बात कही है। ज्ञापन में लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से शामिल होने की अपील की। इसके मद्देनजर गुरुवार शाम से ही शहर में चौकसी बढ़ा दी गई थी। शुक्रवार को सुबह से ही इस्लामिया मैदान और बिहारीपुर को छावनी में तब्दील कर दिया गया। श्यामगंज मंडी वाले रोड पर बैरिकेडिंग करने के साथ भारी फोर्स तैनात की गई। सैलानी इलाका बंद रहा। दोपहर होते-होते लोग घरों से निकलने लगे। जुमे की नमाज के बाद लोग जुलूस -शेष पृष्ठ दो पर





- मौलाना तौकीर रजा नजरबंद जुमे की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न

### पोस्टर को गाड़ियों पर लगाकर न घूमें

**बरेली।** दरगाह की तरफ से युवाओं से यह अपील की गई कि वह पोस्टर को गाड़ियों पर लगाकर न घूमें, घरों पर पोस्टर न चिपकाएं और पोस्टर लेकर जुलूस में शामिल न हों, क्योंकि यदि पोस्टर फटेंगे तो जमीन पर गिरेंगे और लोगों के पैरो तले आएंगे इससे इस्लाम की तोहीन होगी।

### सहारनपुर में जुमे की नमाज के बाद लहराया 'आई लव मुहम्मद' का पोस्टर

**सहारनपुर ब्यूरो।** महानगर में जुमे की नमाज के दौरान एक युवक ने 'आई लव मुहम्मद' के नाम का पोस्टर लहराया। इसके बाद पुलिस ने तुरंत उसे पकड़ लिया। काफी जद्दोजहद के बाद उससे पोस्टर छीन लिया और अपने साथ ले गई। महानगर की जामा मस्जिद में शुक्रवार दोपहर एक बजे नमाज शुरू हुई। नमाज अदा होने के बाद नमाजी अपने-अपने घर की ओर जाने लगे, तभी उनमें से एक व्यक्ति ने अपनी जेब में से आई लव मुहम्मद लिखा पोस्टर निकालकर लहराना शुरू कर दिया। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल उस व्यक्ति को पकड़ लिया और उसे वहां से ले गए। इस दौरान कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल हो गया। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए कड़े बंदोबस्त किए थे। मौके पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल एवं अधिकारी मौजूद रहे। बताया गया कि पुलिस उक्त व्यक्ति से पूछताछ कर रही है।

# दिल्ली-NCR में पटाखे बनाने की इजाजत, बिक्री पर रोक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिवाली से पहले शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर में पटाखा बनाने की इजाजत दे दी। कोर्ट ने कहा कि जिन मैन्युफैक्चरर्स के पास ग्रीन पटाखा बनाने के लिए एनईईआरआई और पीईएसओ का परमिट हैं, सिर्फ वे ही पटाखा बना सकते हैं।

सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस के. विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने मैन्युफैक्चरर्स के लिए एक शर्त भी रखी। बेंच ने कहा कि वे कोर्ट के अगले आदेश तक एनसीआर में कोई भी पटाखा नहीं बेचेंगे। अगली सुनवाई 8 अक्टूबर को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पटाखों पर पूरी तरह बैन न तो संभव है, न ही यह सही है। हम केंद्र से आग्रह करते हैं कि दिल्ली सरकार, पटाखा बनाने और बेचने वालों सहित सभी हितधारकों से बातचीत करके पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध को संशोधित करने का प्रस्ताव लेकर आएं। एक व्यावहारिक समाधान लेकर आएं, जिसे सभी स्वीकार करें। सुप्रीम कोर्ट ने 3 अप्रैल 2025 को दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर बैन सिर्फ सर्दियों के मौसम के बजाय पूरे साल तक बढ़ाने का आदेश दिया था। इस फैसले को कोर्ट में चुनौती दी गई है, जिस पर अभी सुनवाई चल रही है।



- सुप्रीम कोर्ट बोला- सिर्फ ग्रीन पटाखे बना सकेंगे, बैन का आदेश लागू नहीं हो सका

# उत्तराखंड राज्य चुनाव आयोग पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाया दो लाख का हर्जाना

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उत्तराखंड राज्य चुनाव आयोग (एसईसी) की उस चुनौती को खारिज कर दिया, जो उसने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर की थी। हाईकोर्ट ने आयोग के उस स्पष्टीकरण वाले सर्कुलर पर रोक लगाई थी, जिसमें कहा गया था कि जिन उम्मीदवारों के नाम कई मतदाता सूचियों में दर्ज हैं, वे पंचायत चुनाव लड़ सकते हैं।

जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने यह आदेश पारित किया और एसईसी पर 2 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। जस्टिस नाथ ने आयोग के वकील से सवाल किया कि आप कैसे वैधानिक प्रावधान के विपरीत निर्णय ले सकते हैं? हाईकोर्ट में दाखिल याचिका में बताया गया था कि कई मामलों में ऐसे लोगों को चुनाव लड़ने की अनुमति दी जा रही थी, जिनके नाम एक से अधिक मतदाता सूचियों में शामिल थे। एसईसी के स्पष्टीकरण में कहा गया था कि किसी उम्मीदवार का नाम एक से अधिक ग्राम पंचायत/क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्र/नगर निकाय की मतदाता सूची में दर्ज होने के आधार पर उसका नामांकन पत्र निरस्त नहीं किया जाएगा। हाईकोर्ट ने उपलब्ध सामग्री का अध्ययन करने के बाद यह पाया कि यह स्पष्टीकरण उत्तराखंड पंचायती राज अधिनियम, 2016 का उल्लंघन प्रतीत होता -शेष पृष्ठ दो पर

- एसईसी की हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ याचिका खारिज

# मिग-21 ने भरी आखिरी उड़ान, 62 साल बाद हुआ रिटायर

**चंडीगढ़, वार्ता**

**भारतीय वायुसेना** की रीढ़ कहा जाने वाला मिग-21 एयरक्राफ्ट शुक्रवार को रिटायर हो गया। चंडीगढ़ एयरबेस में फाइटर जेट को विदाई दी गई। शुक्रवार से विमान की सेवाएं आधिकारिक तौर पर खत्म हो गई हैं।

विदाई समारोह में एयरफोर्स चीफ एपी सिंह ने 23 स्क्वाड्रन के 6 जेट के साथ आखिरी उड़ान भरी। स्क्वाड्रन लीडर प्रिया शर्मा ने भी फ्लाईपास्ट में हिस्सा लिया। 1963 में एयरक्राफ्ट चंडीगढ़ में ही वायुसेना में शामिल हुआ था। 62 साल की सर्विस के दौरान सुपरसोनिक मिग-21 ने 1965 के भारत-पाक युद्ध, 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम, 1999 के कारगिल युद्ध और 2019 के बालाकोट एयर स्ट्राइक में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह भारत का पहला सुपरसोनिक जेट था यानी ये आवाज की गति (332 मीटर प्रति सेकंड) से तेज उड़ सकता है। अब इसकी जगह तेजस एलसीए मार्क 1ए को शामिल किया जाएगा। मिग-21 के रिटायरमेंट समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, तीनों सेनाओं के प्रमुख समेत रक्षा मंत्रालय के कई अधिकारी शामिल हुए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि लंबे समय से मिग-21 अनेक वीरतापूर्ण कार्यों का साक्षी रहा है। इसका योगदान किसी एक घटना या किसी एक युद्ध तक सीमित नहीं रहा है। 1971 के युद्ध से लेकर कारगिल संघर्ष तक, या बालाकोट हवाई हमले से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक, ऐसा कोई क्षण नहीं रहा जब मिग-21 ने हमारे सशस्त्र बलों को जबरदस्त ताकत प्रदान न की हो। आपकी वीरता की जो यह यात्रा रही है इसमें मिग-21 का भी योगदान रहा है। आज हम सब इसको विदाई दे रहे हैं। मेरे मन में गौरव और कृतज्ञता की भावना भी है। हम एक ऐसे अध्याय को विदाई दे रहे हैं, जिससे काफी यादें जुड़ी हैं। यह एक मशीन भर नहीं है बल्कि भारत रूस की मित्रता की मिसाल है। मिग ने कई गौरव के पल जोड़े हैं। भारत में 850 मिग रहे हैं। अभी आप लोगों ने देखा कि फाइनल फ्लाई पास्ट को खुद लीड किया। यह उसके प्रति सम्मान दर्शाता है। सूर्यकिरण टीम भारतीय वायुसेना की एरोबेटिक डिस्प्ले टीम है। इसे दुनिया की चुनिंदा और सबसे बेहतरीन सैन्य एरोबेटिक टीमों में गिना जाता है।

- मिग-21 की अंतिम उड़ान में एयरफोर्स चीफ हुए सवार
- 1965, 1971 और कारगिल जंग में शामिल रहा चर्चित एयरक्राफ्ट



**Global HR Solutions**
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़ः
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## संक्षिप्त समाचार

### दवाओं पर ट्रम्प के टैरिफ का सबसे ज्यादा असर होगा

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अक्टूबर से सभी ब्रांडेड और पेटेंट प्राप्त दवाओं पर 100 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा का सबसे अधिक भारतीय कंपनियों के प्रभावित होने की आशंका है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में भारत से अमे. रिका को फार्मास्यूटिकल्स का निर्यात 21.09 प्रतिशत बढ़कर 978.39 करोड़ डॉलर पर पहुंच गया था। खासकर भारतीय कंपनियां अमेरिका को जेनरिक दवाओं का बड़े पैमाने पर निर्यात करती हैं, जो वहां सस्ती दवाओं का प्रमुख स्रोत है। उद्योग मंडल फिक्की की पिछले साल प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका की जेनरिक दवाओं की 40 प्रतिशत मांग की पूर्ति भारतीय कंपनियों द्वारा की जाती है।

### मुख्तार पर शिकंजा कसने वाले आईपीएस के घर में चोरी


**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के विकासनगर क्षेत्र में तैनाती के दौरान माफिया मुख्तार अंसारी पर शिकंजा कसने वाले आईपीएस अधिक. ारी यमुना प्रसाद के घर में बीते बुधवार को चोरी की वारदात हुई है। चोरों ने घर से नकदी, घड़ियों, चांदी के बर्तन और टोटियां समेत कई सामान पार कर दिए। पुलिस सूत्रों के अनुसार यमुना प्रसाद वर्तमान में नोएडा में डीसीपी पद पर तैनात हैं और परिवार के साथ वही रहते हैं। लखनऊ के आवास पर रिश्तेदार असित सिद्धार्थ रहते थे, जिन्होंने चोरी की जानकारी पुलिस को दी। घटना का खुला. सा 23 सितम्बर को तब हुआ, जब बिजली विभाग के कर्मचारी घर पहुंचे। घर खोलने पर भीतर का सामान अस्त-व्यस्त मिला।

# हाईकोर्ट की यूपीपीएससी की मुख्य परीक्षा नहीं कराने के आदेश पर रोक

**प्रयागराज, वार्ता**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की संयुक्त राज्य इंजीनियरिंग सेवा (मुख्य परीक्षा) पर रोक लगाने के एकल पीठ के आदेश पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा कि आयोग मुख्य परीक्षा का आयोजन करे, मगर इसका परिणाम जारी नहीं किया जाएगा।

इससे पूर्व एकल पीठ ने मुख्य परीक्षा के आयोजन पर रोक लगाते हुए प्रारंभिक परीक्षा-2024 के परिणाम को संशोधित करने का आदेश दिया था। एकल पीठ ने कहा है कि



■ परीक्षा कराएं, मगर परिणाम नहीं होगा जारी

आयोग पहले प्रारंभिक परीक्षा का संशोधित परिणाम जारी करे और उसके आधार पर ही मुख्य परीक्षा आयोजित करे। इस आद. ेश के खिलाफ आयोग ने विशेष अपील दाखिल की। न्यायमूर्ति एमसी त्रिपाठी और न्यायमूर्ति अनीस कुमार गुप्ता की पीठ के समक्ष शुक्रवार को वरिष्ठ अधिवक्ता अनूप त्रिवेदी ने अपील पर सुनवाई का अनुरोध किया, जिसे स्वीकार करते हुए खंडपीठ ने एकल न्याय पीठ के आदेश पर आंशिक रोक लगा दी है और मुख्य परीक्षा के आयोजन की छूट दे दी है। प्रतियोगी राजत मौर्या व 41 अन्य की ओर से दायर याचिकाओं पर कहा गया कि यूपीपीएससी ने प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम तैयार करते समय आरक्षण के माइग्रेशन (प्रवासन) के सिद्धांत का पालन नहीं किया। इसके तहत आरक्षित वर्ग के जिन उम्मीदवारों ने योग्यता के आधार पर अनारक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के बराबर या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं, उन्हें अनारक्षित सूची में शामिल किया जाना अनिवार्य है।

# भारत को आत्मनिर्भर बनाना होगा: राष्ट्रपति

## रेयर अर्थ एलिमेंट के प्रोडक्शन पर बोलीं द्रौपदी मुर्मू, रिसर्च की अपील

**नई दिल्ली, वार्ता**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति को देखते हुए भारत को रेयर अर्थ एलिमेंट के प्रोडक्शन में आत्मनिर्भरता हासिल करनी चाहिए। मुर्मू ने यहां राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार 2024 में बोलते हुए कहा कि इससे भारत को विकसित राष्ट्र बनने के अपने लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी और देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उन्होंने कहा कि वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति को देखते हुए यह बहुत जरूरी है कि भारत दुर्लभ अर्थ एलिमेंट के प्रोडक्शन में आत्मनिर्भर बने। उन्होंने कहा कि ये एलिमेंट दुर्लभ इसलिए नहीं हैं क्योंकि इनकी उपलब्धता कम है, बल्कि इन एलिमेंट की पहचान करने की प्रक्रिया बहुत जटिल है।



■ बाढ़, भूस्खलन, भूकंप और सुनामी जैसी प्राकृतिक आपदाओं की रिसर्च करे वैज्ञानिक

राष्ट्रपति मुर्मू ने आगे कहा कि स्वदेशी तकनीक के विकास से इस जटिल प्रक्रिया को पूरा करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडेक्टर और क्लीन एनर्जी टेक्नोलॉजी का दौर है। स्मार्टफोन, इलेक्ट्रिक वाहन और रेन्युबल एनर्जी टेक्नोलॉजी में रेयर अर्थ एलिमेंट आवश्यक हैं। बता दें कि रेयर अर्थ एलिमेंट 17 रासायनिक रूप से समान धात्विक तत्वों का एक समूह है जो स्मार्टफोन, इलेक्ट्रिक वाहन और वाइंड टर्बाइन सहित एडवांस टेक्नोलॉजी के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि माइन्स मंत्रालय स्थिरता और इनोवेशन के लिए प्रतिबद्ध है। खनन क्षेत्र एआई मशीन लर्निंग और ड्रोन-बेस्ड सर्वे को बढ़ावा दे रहा है। खदानों के अवशेषों से मूल्यवान तत्वों की प्राप्ति पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस साल देश के कई हिस्सों में बादल फटने और भूस्खलन के कारण लोगों को काफी नुकसान हुआ है और ऐसी प्राकृतिक आपदाओं की जानकारी समय पर प्राप्त करना बेहद जरूरी है। राष्ट्रपति ने कहा कि भूवैज्ञानिक समुदाय से मेरी अपील है कि वे बाढ़, भूस्खलन, भूकंप और सुनामी जैसी प्राकृतिक आपदाओं की रिसर्च पर अधिक ध्यान दें।

## चार लाख छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरित करते हुए बोले सीएम योगी

# एआई की मदद से छात्रवृत्ति प्रक्रिया होगी सरल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को चार लाख छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरित करते हुए कहा कि कई बार विद्यालयों से छात्रवृत्ति के लिए डाटा फीड करने में त्रुटि हो जाती है। ऐसे में छात्र अपने अधिकार से वंचित रह जाता है। इसके लिए हम एआई के माध्यम से प्रक्रिया को सरल बना रहे हैं।

योगी ने कहा कि इस प्रक्रिया में मानवीय हस्तक्षेप कम रहेगा और जैसे ही छात्र का पंजीकरण हो जाए, उसके फोन पर पूरी डिटेल उपलब्ध हो और समय पर छात्रवृत्ति पहुंच जाएगी। इसकी व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए यह बातें कहीं। इस दौरान उन्होंने



■ 2017 के पहले उप्र में छात्रों को छात्रवृत्ति देने में भेदभाव किया जाता था

कहा कि 2017 के पहले छात्रों को छात्रवृत्ति देने में भेदभाव किया जाता था। 2017 में जब हमारी सरकार आई तो हमने 2016-17 और 17-18 की छात्रवृत्ति एक साथ दी। उन्होंने कहा कि दरअसल फरवरी-मार्च में मिलने वाली छात्रवृत्ति इस बार सितम्बर में नवरात्र के अवसर पर छात्रों को दी जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति सितम्बर के महीने में मिल रही है। इसकी सभी विद्यार्थियों को बधाई। पहले जो छात्रवृत्ति फरवरी-मार्च में मिलती थी अब सितम्बर में मिला करेगी। मुख्यमंत्री योगी ने प्रतीकात्मक तौर पर कई विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का चेक प्रदान किया। इस बार फरवरी-मार्च में मिलने वाली छात्रवृत्ति इस बार सितम्बर में नवरात्र के अवसर पर छात्रों को दी जा रही है। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर और सरदार पटेल ने अपनी शिक्षा से, अपनी योग्यता से हमारे देश को और समाज को दिशा दी थी। सरकार का प्रयास है कि हर छात्र को सहायता मिले जिससे कि वो अपनी शिक्षा से समाज के विकास में योगदान दे सके।

### यूपी के 240 गांवों में बीएसएनएल के 4-जी नेटवर्क पर होगी बात

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को उड़ीसा से भारत संचार निगम लिमिटेड की 4-जी सेवा का शुभारंभ करेंगे।

देश मे बीएसएसनल की 4-जी सेवा के शुरू होने के बाद उत्तरप्रदेश के उन 240 गांवों में संचार नेटवर्क आसानी से उपलब्ध होंगे, जहां पर अभी तक मोबाइल पर लोगों का बात करना सपने के समान था। इन गांवों में अभी तक किसी भी दूरसंचार कम्पनी की कनेक्टिविटी नहीं है। बीएसएसनल की 4-जी सेवाओं के शुभारंभ से एक दिन पूर्व शुक्रवार को लखनऊ में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बीएसएसनल (पूर्वी परिमंडल) के चीफ जनरल मैनेजर एके गर्ग ने बताया कि पहली बार बीएसएसनल की 4-जी स्वदेशी सेवा की कल से शुरुआत हो रही है। इसके लिए पूरे देश मे 97500 साइट्स स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा बीपीएन नेटवर्क के तहत 18900 साइट्स को कवर किया जा रहा है। एके गर्ग ने बताया कि अभी तक हमारे पास 4-जी टेक्नोलॉजी नही थी। इस टेक्नोलॉजी को 22 माह के अंदर डेवलप किया गया है। टेक्नोलॉजी के डेवलप होने के बाद भारत विश्व के उन पांच देशों मे शामिल हो गया है, जिनके पास यह टेक्नोलॉजी डेवलप करने की क्षमता है। उन्होंने बताया कि कल इस सेवा के शुरू होने के मौके पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व वित्त राज्यमंत्री भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का आयोजन आईजीपी में किया गया है। उन्होंने बताया कि हम 5-जी सेवा पर भी काम कर रहे हैं।

# कच्चे माल पर कर बढ़ाना भाजपा का गोलमोल सच

**लखनऊ, वार्ता**

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि दिखाने के लिए तैयार माल पर घटाने के साथ ही कच्चे माल पर जीएसटी बढ़ाना 'जीएसटी गोलमाल' का सच है।

यादव ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा- भाजपा ने दिखाने के लिए तैयार सामान पर जीएसटी घटा दी, लेकिन वो सामान जिससे बनता है, उसके कच्चे माल पर जीएसटी बढ़ा दी। यही है भाजपा के 'जीएसटी गोलमाल' का सच। उन्होंने कहा ष्भाजपा कारोबारियों को संकट में डाल रही है, क्योंकि भाजपाई तो सड़कों पर नारे लगाकर, 50 प्रतिशत का भाषण देकर निकल गए। जब जनता बाज़ार जा रही है और सस्ता माल नहीं पा रही है, तो दुकानदारों से झगड़ रही है। भाजपा सुधार नहीं, ग्राहक-दुकानदार के संबंधों को बर्बाद कर रही है। भाजपा किसी



■ अखिलेश ने बीजेपी पर बोला तीखा हमला

की सगी नहीं है। एक अन्य पोस्ट में सपा सुप्रीमो ने रिहायशी इलाकों में वन्य जीवों के बढ़ते हमलों को लेकर कहा कि कहीं भेड़िया, कहीं तेंदुआ, कहीं अजगर, कहीं सांड उप्र में दहशत का जो वातावरण बना हुआ है, उसके लिए भाजपा सरकार कुछ करेगी या ये कहकर पल्ला झाड़ लेगी कि जानवर के पदचिह्न नहीं मिले हैं। जिन पर हमले हो रहे हैं, क्या उनके घायल शरीर के निशान काफ़ी नहीं हैं या फिर उनके जख्म जिनके बच्चे जानवर उठा ले जा रहे हैं। भाजपा अब क्या सीसीटीवी के खिलाफ़ एफ़आइआर कराएगी।

सेंसेक्स 80956.01 | निफ्टी 24782.70 | सोना रु. 113080 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

चांदी रु. 137467 प्रति किलो

# बाजारों में चौतरफा बिकवाली, सेंसेक्स लुढ़का

## सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल शेयरों में ज्यादा गिरावट रही

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार छठे दिन गिरावट देखी गई और शुरुआती कारोबार में बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 450 अंक लुढ़क गया। बाजार में शुक्रवार को शुरू से ही बिकवाली हावी रही। सेंसेक्स 203.67 अंक की गिरावट के साथ 80,956.01 अंक पर खुला।

फार्मा, आईटी, बैंकिंग, कंज्यूमर ड्युरेबल्स, स्वास्थ्य, तेल एवं गैस और एफएमसीजी समेत लगभग सभी सेक्टरों में निवेशकों ने बिकवाली की। खबर लिखे जाते समय सेंसेक्स 378.57 अंक (0.47 प्रतिशत) की गिरावट में 80,781. 11 अंक पर था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 सूचकांक भी 72.5 अंक गिरकर 24,818.55



अंक पर खुला। खबर लिखे जाते समय यह भी 108.15 अंक यानी 0. 43 प्रतिशत नीचे 24,782.70 अंक पर रहा।

सेंसेक्स की कंपनियों में इंफोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और टीसीएस के शेयरों में ज्यादा गिरावट रही। एलएंडटी, टाटा मोटर्स, मारुति सुजुकी और आईटीसी के शेयर ऊपर चल रहे थे।

### विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 702.57 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 19 सितम्बर को समाप्त हुए सप्ताह में 39.6 करोड़ डॉलर घटकर 702.57 अरब डॉलर पर आ गया। इससे पहले लगातार तीसरी साप्ताहिक तेजी के साथ 12 सितम्बर को यह अब तक के दूसरे उच्चतम स्तर 702.966 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को बताया कि 19 सितम्बर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 86. 4 करोड़ डॉलर घटकर 586.15 अरब डॉलर रह गया। हालांकि स्वर्ण भंडार 36 करोड़ डॉलर की वृद्धि के साथ 92.779 अरब डॉलर रहा। विशेष आहरण अधिकार 10.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.879 करोड़ डॉलर पर और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 20 लाख डॉलर की वृद्धि के साथ 4.762 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

### सोने और चांदी के दाम में फिर आया उछाल

**नई दिल्ली।** लगातार दो दिन से गिरावट के बाद सोने में शुक्रवार को उछाल देखा गया। हालांकि ये तेजी इतनी अधिक नहीं है। वहीं चांदी की रफ्तार ने भी तेजी पकड़ ली। सुबह 9. 30 बजे एमसीएक्स पर सोने में 174 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी देखी गई है। देश की राजधानी दिल्ली और मुंबई में 10 ग्राम गोल्ड खरीदने के लिए ज्यादा पैसे चुकाने होंगे। 24 कैरेट 10 ग्राम गोल्ड के भाव देश की राजधानी दिल्ली में 250 रुपये प्रति 10 बढ़कर 113,080 रुपये पर आ गए है। मुंबई में सोने के दाम 450 रुपये प्रति 10 ग्राम बढ़ गए हैं। सोने की कीमत 113,470 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। गोल्ड के भाव आज 0.400 फीसदी बढ़ गए हैं। पटना और रायपुर में आज सोना सबसे सस्ता मिल रहा है। यहां 24 कैरेट सोने की कीमत 113,200 रुपये प्रति 10 ग्राम है। आईबीजेए के अनुसार चांदी का भाव 2911 रुपये बढ़ा है। हालांकि एमसीएक्स में दोपहर 3.42 बजे चांदी की कीमत में 864 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी देखी गई है। शुक्रवार को 1 किलो चांदी का भाव 137,467 रुपये दर्ज किया गया है। इस हिसाब से देखें तो आज चांदी में 2911 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी आई है।

# यूपी स्वास्थ्य विभाग में एक और फर्जीवाड़ा

## 14 अलग-अलग पिता के नाम पर 35 को मिली नौकरी, जांच में खुलासा

**लखनऊ।** यूपी स्वास्थ्य विभाग में एक्स-रे टेक्नीशियन पद पर भर्ती मामले में अब नया खुला. सा हुआ है। खाद्य एवं रसद विभाग की जांच रिपोर्ट में चयनित अभ्यर्थियों की सूची में ऐसे कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं, जो सीधे-सीधे धांधली की ओर इशारा करते हैं। विभाग ने पूरे मामले की जांच रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव को सौंप दी है।

खाद्य एवं रसद विभाग 2008 और 2016 में हुई नियुक्तियों की जांच कर रहा है। 2007 में एक्स-रे टेक्नीशियन के 572 पदों पर हुई नियुक्ति में भी फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। जांच रिपोर्ट से पता चला है कि 14 अलग-अलग पिता के नाम पर 35 अभ्यर्थियों की नियुक्तियां की गई है। उदाहरण के तौर पर एक ही पिता गुलाब सिंह के चार बच्चों जनार्दन सिंह, नेम सिंह, अजय सिंह व अतुल कुमार सिंह की नियुक्ति हुई है, जबकि पता सभी का अलग-अलग है। स्वास्थ्य विभाग में एक्स-रे टेक्नीशियनों की भर्ती मामले में फर्जीवाड़े के खुलासे से सवालिया निशान खड़ा हो गया है। यह भी पता चला है कि कई अभ्यर्थियों के नाम एक जैसे तो हैं, लेकिन उनकी जाति अलग-अलग दर्ज



की गई है। दस्तावेजों में इस स्तर की हेराफेरी से साफ जाहिर है कि भर्ती में पारदर्शिता को दरकिनार कर सुनियोजित फर्जीवाड़ा किया गया। कई अभ्यर्थियों के पते भी गलत पाए गए हैं। रिपोर्ट से स्पष्ट है कि नियुक्तियां असल अभ्यर्थियों के बजाय अपने चहेते अभ्यर्थियों की हुई है। यह खुलासा 2016 और 2008 में हुई भर्तियों की जांच के दौरान हुआ है। अब 2007 की भर्ती उजागर होने के बाद स्वास्थ्य विभाग की पूरी भर्ती प्रक्रिया पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है। स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव अमित घोष ने कहा कि एक्स-रे टेक्नीशियन की भर्ती मामले की जांच रिपोर्ट से संबंधित फाइलें देखने के बाद निर्णय लिया जाएगा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ट्रम्प ने...**

वीके विजयकुमार ने कहा कि भारत, जो जेने. रिक दवाओं का एक्सपोर्टर है, उसे इससे ज्यादा असर नहीं होगा। लेकिन हो सकता है कि राष्ट्रपति का अगला निशाना जेनेरिक दवाएं हों। इस फैसले का फार्मास्यूटिकल स्टॉक्स पर भावनात्मक असर पड़ सकता है। भारत जेनेरिक दवाइयां अमेरिका को एक्सपोर्ट करने वाला सबसे बड़ा देश है। 2024 में भारत ने अमेरिका को लगभग 8.73 अरब डॉलर (करीब 77 हजार करोड़ रुपये) की दवाइयां भेजीं, जो भारत के कुल दवा एक्सपोर्ट का करीब 31 फीसदी था। अमेरिका में डाक्टर जो प्रिस्क्रिप्शन लिखते हैं, उनमें से हर 10 में से लगभग 4 दवाइयां भारतीय कंपनियों की बनाई होती हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 में अमेरिका के हेल्थकेयर सिस्टम के 219 अरब डॉलर बचे थे। 2013 से 2022 के बीच यह बचत 1.3 ट्रिलियन थी। भारत की बड़ी फार्मा कंपनियां, जैसे डा. रेड्डीज, सन फार्मा, ल्यूपिन सिर्फ जेनेरिक दवाएं ही नहीं बेचती, बल्कि कुछ पेटेंट वाली दवाएं भी बेचती हैं।

**आई लव मुहम्मद...**

के रूप से नारेबाजी करते हुए सड़कों पर निकले। इस दौरान कुछ लोगों ने हंगामा और तोड़फोड़ शुरू कर दी। इत्तेहाद-ए-मिल्लत कौंसिल (आईएमसी) के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने शुक्रवार सुबह एक वीडियो जारी कर कहा था कि मीडिया जो खबरें चल रही हैं, वह सरासर गलत हैं। पुलिस प्रशासन के साथ कुछ मुखबिरों ने मिलकर साजिश रचकर यह काम किया है। मौलाना ने कहा कि उन्होंने जो ऐलान किया था। उसके मुताबिक अमल किया जाएगा। जुमे की नमाज नौमहला मस्जिद में पढ़ेंगे। उसके बाद बहुत ही जिम्मेदारी और अमन के साथ हम अपनी तकलीफों और परेशानियों के लिए डीएम के जरिये राष्ट्रपति को ज्ञापन देना चाहते हैं। इसमें किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है। अगर जिला प्रशासन लोगों को रोक-टोक करेगा या उनके साथ बदतमीजी की जाएगी। ज्यादती की जाएगी, तो उसकी जवाबदेही जिला प्रशासन की खुद होगी। हमारा कार्यक्रम पूरी तरह अमन का है।

**उत्तराखंड राज्य...**

है। अदालत ने कहा कि यह अधिनियम की धारा 9(6) और 9(7) के विपरीत है। हाईकोर्ट का कहना था कि जब कानून स्पष्ट रूप से यह रोक लगाता है कि किसी मतदाता का नाम एक से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों या मतदाता सूचियों में दर्ज नहीं हो सकता और यह वैधानिक प्रतिबंध है, तो राज्य चुनाव आयोग द्वारा दिया गया स्पष्टीकरण इस प्रतिबंध के बिल्कुल विप. रीत प्रतीत होता है। इसलिए हाईकोर्ट ने उस परिपत्र पर रोक लगाई और निर्देश दिया कि उस पर कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी। इसी आदेश के खिलाफ एसईसी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया।

# लद्दाख में पार्टी को बदनाम करने वालों के विरुद्ध होगी कानूनी कार्रवाई: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के कुछ नेता, न्यूज चैनलों के एंकर तथा सोशल मीडिया के कई लोग हिंसा में शामिल किसी व्यक्ति की तस्वीर गलत तरीके से पेश कर उसे कांग्रेस का पार्षद बता कर पार्टी को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं।

पार्टी ने इसे सोची समझी रणनीति का हिस्सा बताते हुए कहा कि यह राजनीतिक लाभ अर्जित करने के लिए कांग्रेस के खिलाफ चलाए जा रहे दुष्प्रचार का हिस्सा है और ऐसा करने वाले लागों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने कहा कि भाजपा के कई नेता और कुछ एंकर या सोशल



■ यह एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा

मीडिया इन्फ्लुएंसर किसी व्यक्ति की तस्वीर और फुटेज दिखाकर उसे कांग्रेस के निर्वाचित पार्षद फुंटसोग स्टैनजिन त्सेपाग बताकर उसे गलत तरीके से पेश कर रहे हैं। हम उन सभी लोगों के खिलाफ कानूनी और आपराधिक कार्रवाई कर रहे हैं, जिन्होंने न केवल हमारी पार्टी को बदनाम करने की कोशिश की है, बल्कि अशांति पैदा कर विरोध को हवा देते हुए मतभेद और फैलाने का प्रयास किया है। खेड़ा ने कहा कि भाजपा और उसके लिए प्रचार में लगे मीडिया तथा सोशल मीडिया के उसके लोग लद्दाख के लोगों के साथ संवेदनशीलता दिखाने की बजाय अपनी आदत के अनुसार कीचड़ उछाल रहे हैं और लद्दाख में फैले आक्रोश का फायदा उठाकर राजनीतिक विरोधियों से हिसाब बराबर करने का मौका तलाश रहे हैं।

### डा. मनमोहन सिंह की जयंती पर श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह को जयंती पर नमन करते हुए कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिसीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# मोनू कांडः जेल में बंद घायल सादिक की हुई मौत, परिजनों में कोहराम

## पुलिस ने मुठभेड़ के बाद भेजा था जेल, कई दिन से थी हालत खराब, इलाज के दौरान दम तोड़ा, कस्बे में लगाया पुलिस बल, शाम के समय किया सुपुर्द-ए-खाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना** बीती 17 अगस्त को कुछ लोगों की पिटाई से घायल होकर इलाज के अभाव में अगले दिन अपने ही घर पर बिस्तर में संदिग्ध रुप से मृत मिले मोनू तेवतिया प्रकरण में नामजद एक आरोपी की आज शुक्रवार की सुबह पुलिस अभिरक्षा में उपचार के दौरान मौत हो गयी। इस मृत युवक को बुढ़ाना पुलिस ने सवा माह पूर्व एक मुठभेड़ में गोली मारकर पकडा था और जेल भेज दिया था। जहां कुछ दिन पूर्व तबियत बिगड़ने पर आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में मुजफ्फरनगर से मेरठ रैफर किया गया था। आरोपी की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।



मृतक का फाइल फोटो।

मिली जानकारी के अनुसार बीते 17 अगस्त को कस्बा बुढ़ाना के मौहल्ला करबला रोड निवासी रियाज मलिक के घर में सुबह के वक्त एक चोर किसी घटना के इरादे से घुसा था। मौहल्ले के लोगों की मदद से उसे पकड लिया गया था तो कुछ युवकों ने उसकी पिटाई कर उसे चेतावनी देकर छोड़ दिया था। इस पिटाई का किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया था। इस मामले में रियाज ने कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई थी।

अगले दिन युवक की इलाज के अभाव में उसके घर पर ही संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी थी। इस मामले में मृतक की पत्नि ने रियाज के पुत्र सादिक सहित 11 लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें पुलिस ने सादिक सहित 2 आरोपियों को गोली मारकर जेल भेजा था जबकि अन्य 3 आरोपी भी जेल भेजे गये थे। मुठभेड में घायल सादिक वर्तमान में मुजफ्फरनगर जेल में बंद था। विगत दिवस उसकी तबियत ज्यादा खराब हुई तो उसे मेरठ रैफर किया गया। जहां उपचार के चलते आज शुक्रवार को सुबह 09 बजे 25 वर्षीय सादिक की मौत हो गयी। सादिक की मौत की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया।

### मृतक जिस दिन हुआ अरेस्ट उसी दिन बीवी ने दिया था बच्चे को जन्म

मृतक सादिक मलिक इतना अभागा निकला कि वह कस्बे की गंदी राजनिति की भैंट चढ़ गया और अपने नवजात पुत्र का चेहरा भी नहीं देख पाया। लगभग 38 दिन से जेल में बंद सादिक की पत्नि आयशा ने उसी समय एक बच्चे को जन्म दिया था जिस समय पुलिस ने सादिक को मुठभेड़ में गोली मारकर पकड़ा था। आज देर सायं के समय जब सादिक का शव उसके घर पहुंचा तो उसकी पत्नि ने अपने मासूम पुत्र को उसके पिता का कफन में लिपटा हुआ चेहरा दिखाया तो वहां पर मौजूद सभी महिलाओं की रुलाई एक बार फिर से फूट पड़ी।

### मोनू को इन लोगों ने दी थी सांत्वना

मोनू प्रकरण में मंत्री कपिल देव अग्रवाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री डाक्टर संजीव सिंह बालियान, पूर्व विधायक उमेश मलिक, बुलंदशहर लोकसभा क्षेत्र के सांसद डाक्टर भोला सिंह, पूर्व विधायक संगीत सोम, मंत्री दिनेश खटीक, पूर्व मंत्री चौधरी योगराज सिंह, स्वामी यशवीर महाराज, पूर्व विधायक विक्रम सिंह सैनी, पूर्व विधायक प्रमोद ऊंटवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, जिला मंत्री सुधीर खटीक, जिला मंत्री अनुचित मोर्चा गौरव मुंडे व हिमांशु मोघा समेत भारी संख्या में भाजपा के कई नेता व खटीक समाज के काफी लोग पहुंचे थे।

### मोनू प्रकरण में ये चर्चा भी चल रही

बीती 17 अगस्त की सुबह एक युवक मौहल्ला करबला रोड पर स्थित एक घर मे घुस जाता है। जो पकडा जाता है। उसके पास एक अवैध छुरा मिलता है लेकिन इसका जिक्र कहीं नही। शोर होने पर पब्लिक मौके पर पहुंचकर कथित तौर पर उसकी पिटाई करती है तो कोई वीडियो बनाकर वायरल कर देता है। वायरल वीडियो में इतनी पिटाई नहीं कि वो मर जाए। उक्त युवक वहां से सही सलामत चलकर कुछ दूरी पर दलित समाज के एक मकान में घुसता है तो वहां भी उसकी पिटाई होती है। उसके बाद वह अपने घर पहुंचता है।

इससे पूर्व वह अपने घर के काम करता हुआ बाजार और घर के बाहर भी समय समय पर दिखता है। वह डर की वजह से अपने घर दोनों में से किसी भी घटना का जिक्र नहीं करता तो वह इलाज के अभाव मे अगले दिन अपने घर पर मृत अवस्था में मिलता है। इस बीच उसके घर पर उसके साथ क्या हुआ ये भी चर्चा जोरों पर है। चर्चा ये भी चली कि कुछ दिन पूर्व अपने पति मोनू से लड़कर अपने मायके गयी उसकी पत्नि भी पति मोनू की खबर सुनकर अपनी ससुराल से बुढाना आ गयी थी।

### सिर्फ दो लोग ही आए थे सामने.....

मोनू प्रकरण में चल रही राजनिति से क्षुब्ध होते हुए बस दो गणमान्य लोग ही खुलकर सामने आए थे जिन्होंने मोनू की मौत पर हो रही राजनिति का खुलकर विरोध किया था। इनमें पूर्व प्रमुख विनोद मलिक और दूसरे समाजसेवी प्रताप नारायण त्यागी थे।

# एसडी मैनेजमेंट में गेस्ट लेक्चर संपन्न



**मुजफ्फरनगर।** एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के बीबीए विभाग में आज हरिवेदा हर्बोकेयर प्रा. लि. के सहयोग से एक विशेष गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। दीप प्रज्ज्वलन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल, बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह, सुरेन्द्र मार्केटिंग हेड हरिवेदा हर्बोकेयर प्रा. लि. तथा सुमित बलियान मार्केटिंग मैनेजर, हरिवेदा हर्बोकेयर प्रा.लि.। ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योग से जोड़ना तथा उन्हें तीन माह की इंटर्नशिप योजना के अवसर के बारे में जानकारी प्रदान करना था। इंटर्नशिप का यह प्रस्ताव छात्रों के स्नातक उपाधि पूर्ण करने के बाद उन्हें दिया जाएगा, ताकि वे व्यावहारिक अनुभव के साथ अपने करियर की बेहतर शुरुआत कर सकें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने कहा कि आज का युग व्यावहारिक ज्ञान और औद्योगिक अनुभव पर आधारित है। केवल कक्षा में प्राप्त सैद्धांतिक ज्ञान छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि हरिवेदा हर्बोकेयर प्रा। लि। जैसी कंपनियों के सहयोग से छात्रों को वास्तविक उद्योग जगत की चुनौतियों से सामना करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि इंटर्नशिप कार्यक्रम छात्रों को आयुर्वेद और हर्बल उत्पादों के क्षेत्र की गहरी समझ देगा, जो आज वैश्विक बाजार में तेजी से बढ़ता हुआ सेक्टर है। डॉ. मित्तल ने छात्रों को प्रेरित किया कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपने करियर को नई दिशा दें। बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह ने छात्रों को इस अवसर की विशेषता समझाते हुए कहा कि इंटर्नशिप किसी भी विद्यार्थी के लिए सीखने और करियर बनाने का सबसे अच्छा मंच है। तीन महीने की यह इंटर्नशिप छात्रों को मार्केटिंग, प्रोडक्ट मैनेजमेंट, कस्टमर रिलेशन और बिजनेस ऑपरेशन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करेगी।

# 'आई लव महादेव' के होर्डिंग्स से मचा हड़कंप




**मुज़फ्फरनगर।** शुक्रवार को राष्ट्रीय हिन्दू संगठन ने आई लव महादेव के नाम से नगर के कई स्थान पर होर्डिंग्स लगाए तो अधिकारियों ने तुरंत ही इसका संज्ञान लिया और पुलिस ने कुछ ही देर में आई लव महादेव लिखे होर्डिंग्स को उतरवा दिया। संगठन ने हिन्दू एकता महादेव यात्रा निकालने का भी ऐलान किया है।

बता दे कि कुछ दिनों से मुस्लिम वर्ग के युवाओं ने आई लव मुहम्मद की एक मुहित सोशल मीडिया पर चलाई थी जिसमें यूपी व कई राज्यों में प्रदर्शन किए गए। आज शुक्रवार को मुजफ्फरनगर में राष्ट्रीय हिन्दू संगठन के लोगों ने आई लव महादेव के नाम से नगर में होर्डिंग्स लगवा दिए थे। संगठन के लोगों का कहना था कि यह राष्ट्र व हिन्दुत्व के सम्मान में किया गया है। और जल्द ही हिन्दू एकता महादेव यात्रा भी निकाली जाएगी। जैसे ही यह मामला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के संज्ञान में आया उनके निर्देश पर कुछ ही देर में होर्डिंग्स उतरवा दिए गए।

बताया जा रहा है कि राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन शहर में शिव चौक, सरकुलर रोड, महावीर चौक, जानसठ रोड सहित कई स्थानों पर आई लव महादेव के बोर्ड लगाए थे और 06 अक्टूबर को नगर में महादेव यात्रा का आयोजन किए जाने की भी चर्चा है।



**मुजफ्फरनगरः पटेलनगर रामलीला में मंचन करते कलाकार।**

# रिटायर्ड इंजीनियर से 33.33 लाख की ठगी

## सीबीआई व कोर्ट अधिकारी बनकर करोड़ों की ठगी करने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के थानों की पुलिस लगातार अपराधियों को जेल की सलाखे दिखा रही है। कई थानों में मुठभेड़ के बाद शातिर अपराधियों को घायल कर जेल भेजा जा रहा था तो चोर लूटेरे व महिला संबंधी अपराधों में लिप्त बदमाशों को जेल की सलाखे देखनी पड़ रही है।

शुक्रवार को एसपी क्राइम के निर्देशन में रिटायर्ड इंजीनियर को डिजीटल एरेस्ट कर 33 लाख से अधिक की ठगी करने वालों को गिरफ्तार किया गया और उनके कब्जे से मोबाइल, पासबुक, डेबिट कार्ड, सिम कार्ड, चैक बुक बरामद भी की है। उक्त जानकारी एसपी क्राइम इंदु सिद्धार्थ ने पुलिस लाइन के सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में पत्रकारों को दी है।

उन्होने बताया कि उनकी टीम ने दीपक जाकड़ नामक युवक को गिरफ्तार किया दीपक जाकड साइबर क्राइम का शातिर अपराधी है और वह विभिन्न जांच एजेंसी व कोर्ट का अधिकारी बताकर भोले-भाले लोगों से करोडो की ठगी कर चुका है पकडा गया दीपक जाकड राजस्थान राज्य के गंगानगर थाना सूरतगढ़ गांव सोपुरा का निवासी है। एसपी क्राइम ने यह भी जानकारी दी कि एक रिटायर्ड इंजीनियर की शिकायत उनको मिली थी और उन्होने अपनी टीम बनाकर गोपनीय तरीके से अपराधियों तक पहुंचने की कार्यवाही की और आरोपी को गिरफ्तार किया। उन्होने ठगी करने के तरीके का भी खुलासा करते हुए बताया कि आरोपी ट्राइ अधिकारी बनकर कॉल करता है और बताता है कि उनके नाम से केनरा बैंक में खाता खुला है और उसमें अवैध लेनदेन हुआ है इसी तरह लोगों को अपने जाल में फंसाता था और रिटायर्ड इंजीनियर को दिल्ली के दरयागंज थाने के नाम से बने फर्जी लोगों के व्हाट्सएप कॉल करता है और ठगी का शिकार बनाते समय आरोपी बताता है उनके खिलाफ मनी लॉड्रिंग की जांच चल रही है। और जाकड सीबीआई और कोर्ट अधिकारी बनकर एक फर्जी प्रार्थना पत्र लिखकर डिजीटल एरेस्ट के नाम पर फर्जी कोर्ट लैटर और फाइले भेजता है।

जब पीड़ित पूरी तरह भयभीत हो जाता है तो उसे ठगी का शिकार बनाता था। रिटायर्ड इंजीनियर से भी इसी तरह भयभीत कर 33 लाख 33 हजार की ठगी की गई है। एसपी क्राइम का कहना है कि दीपक जाकड अपने साथ राहुल बहादु के साथ मिलकर काम करता है। उन्होने बताया कि प्रति खाते बारह हजार से पन्द्रह हजार तक की वसूली करते है।

इस गिरफ्तारी में महिला पुलिसकर्मी भीशामिल रही और एसपी क्राइम ने बताया कि पकडा गया आरोपी अब तक सात करोड से अधिक की ठगी कर चुका है और उसके खिलाफ बारह शिकायते मिली है।

# पंचायत में पुलिस अधिकारियों का आश्वासन

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**चरथावल।** क्षेत्र के गांव मथुरा में स्वामी यशवीर महाराज के नेतृत्व में हिंदू पंचायत हुई हिंदू पंचायत का कारण यह बना मुथरा गांव की एक कश्यप समाज की पांच बच्चों की मा हिन्दू महिला को गांव का ही मुस्लिम समाज का लड़का लव जिहाद के अंतर्गत भगाकर के ले गया बीस दिन से ऊपर घटना को हुए समय बीत चुका है लेकिन महिला आज तक बरामद नहीं हुई आज मथुरा गांव में हिंदू पंचायत हुई धरना चला पुलिस अधिकारी धरने पर पहुंचे और महिला को निश्चित रूप से बरामद करने का ठोस आश्वासन दिया। स्वामी यशवीर महाराज ने पंचायत में उपस्थित हिंदू समाज से विचार विमर्श करके सात दिन का समय पुलिस को दिया और यह कहा कि सात दिन के अंदर यदि हिंदू महिला बरामद नहीं हुई तो उसके बाद मथुरा गांव की मुस्लिम बस्ति में एक बहुत बड़ी निर्णायक हिन्दू महापंचायत होगी स्वामी यशवीर महाराज ने हिंदू पंचायत को संबोधित करते हुए घोषणा करी कि जब तक यह हिंदू महिला बरामद नहीं हो जाती तब तक चरथावल क्षेत्र के सभी गांवों में हिंदू महिला को भगाने वाले जिहादी के समुदाय का सामाजिक



आर्थिक बहिष्कार जारी रहेगा कोई भी हिंदू इस समाज के यहां से कोई भी सामान नही खरीदेगा अपने यहां अगर नौकर रखा होगा तो उसको भी हटा देगा क्योंकि इस समाज के किसी भी व्यक्ति ने इस परिवार को आकर के यह नहीं कहा कि हिन्दू महिला को भगाने वाले मुस्लिम ने गलत किया इसका मतलब है की पूरी प्लानिंग के तहत हिंदू समाज की लड़की और महिलाओं को लव जेहाद में फंसाकर भगाया जा रहा है लेकिन अब यह किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा हिंदू पंचायत को ब्रह्मच. ारी मृगेंद्र ने भी संबोधित किया हिंदू पंचायत में हिंदू समाज की सभी बिरादरी के लोग बड़ी संख्या में जुटे माता बहने भी उपस्थित रही हिन्दू पंचायत की अध्यक्षता स्वामी बलराम नाथ महाराज ने की।



**मुजफ्फरनगरः पत्रकारों से वार्ता करती एसपी क्राइम इंदू सिद्धार्थ।**

# समस्याओं पर वाल्मीकि समाज ने भरी हुंकार

**■ कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय वाल्मीकि क्रांति मोर्चा के बैनर तले वाल्मीकि समाज एवं सफाई कर्मचारियों ने अपनी समस्याओं को लेकर धरना-प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा।

शुक्रवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है, भ्रष्टाचार और अपराध पर अंकुश लगा है तथा गरीब कल्याणकारी योजनाएँ भी संचालित हैं, लेकिन इसके बावजूद वाल्मीकि समाज को



अनुसूचित जाति आरक्षण का वास्तविक लाभ नहीं मिल पा रहा है। राज्य में सफाई कर्मचारी आयोग का गठन नहीं किया गया है और भगवान वाल्मीकि जयंती के अवकाश को बंद किया जाना समाज की भावनाओं को आहत कर रहा है।

संविदा व आउटसोर्स पर कार्यरत सफाई कर्मचारियों को नियमित किया जाए। नगर निकायों में बढ़ती जनसंख्या और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को देखत हुए एक लाख नई सफाई कर्मचारियों की भर्ती की जाए।

राज्य में सफाई कर्मचारी आयोग का गठन कर उसमें वाल्मीकि समाज के योग्य प्रतिनिधियों को मनोनीत किया जाए। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# दिन दहाड़े दुकान से हजारों की नकदी चोरी

**■ 17 हजार की नगदी पर हाथ साफ**

**बुढ़ाना।** किसी अज्ञात चोर ने दुकान मालिक की गैर मोजूदगी का फायदा उठाकर खुली दुकान का शटर उठाकर गल्ले में रखी लगभग 17 हजार रुपये की नगदी चोरी कर ली। शिकायत मिलते ही पुलिस अज्ञात चोर की तलाश में लग गयी है। मिली जानकारी के अनुसार फुगाना थाना क्षेत्र के गांव हबीबपुर सीकरी निवासी संजय सैनी बुढ़ाना कस्बे की नगर पंचायत की दुकानों में बिजली के सामान की दुकान कर रखी है। आज शुक्रवार की दोपहर के समय वह अपने दुकान का शटर नीचे डालकर स्कूल में अपने बच्चों को लेने के लिए चला गया तो उसकी गैर मौजूदगी में किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी दुकान का शटर उठाकर गल्ले में रखी लगभग 17 हजार रुपये की नगदी साफ कर दी। चोरी का पता संजय को स्कूल से बच्चों को लाने के बाद पता लगा तो देखा गल्ला खुला था और उसमें रखे 17 हजार रूपये गायब थे। उसने आसपास के दुकानदारों से रुपये चोरी होने का जिक्र किया तो सभी दुकानदारों ने घटना से अनिभिज्ञिता जताई। संजय ने इस घटना की सूचना बुढ़ाना पुलिस को दी तो पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले और अज्ञात चोर की तलाश शुरु कर दी। संजय ने घटना की तहरीर बुढ़ाना पुलिस को दे दी है।

# सुलेशन की गिरफ्त में मासूम जिन्दगी दांव पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** नगर में एक ओर जहां प्रतिबंधित दवाईयों पर दूसरे राज्य व जिले की टीम छापे मार रही है और इस दौरान पुलिस को लाखों करोड़ों की प्रतिबंधित दवाईयां भी बरामद हो रही है तो इसी के साथ एक ओर नशे का कारोबार फैल रहा है। इस नशे का नाम सुलेशन है सुलेशन का नशा अधिकतर कूडा बिनने वाले छोटे-छोटे मासूम बच्चे कर रहे है, हालांकि सुलेशन का नशा मासूम नन्हो से लेकर 40-50 की उम्र वाले भी कर रहे है कई स्थानों पर तो देखने को मिला कि मासूम बच्चियां भी कूडा बिनते समय सुलेशन का नशा कर रही है। सुलेशन का नशा बच्चों को पूरी तरह अपनी गिरफ्त में ले रहा है, हालांकि शिकायत के बाद कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों ने इस पर कार्यवाही भी की ओर औषधि के कारोबारियों को यह भी हिदायत दी गई कि छोटे बच्चों को सुलेशन ना दिया जाए। सुलेशन का इस्तेमाल किसी भी चीज को चिपकाने के लिए किया जाता है, लेकिन चिपकाने के लिए बिकने वाले सनफिक्स व बॉनफिक्स जैसे रसायन नशे में इस्तेमाल किए जा रहे है। कूड़े वाले स्थान पर देखा जा सकता है कि छोटे-छोटे बच्चे इसका इस्तेमाल काली व हरि पॉलिथीन में डालकर करते है। मासूम बच्चे पॉलिथीन में सुलेशन डालकर उसे सूंघते है। इस सुलेशन का नशा करने वाले बच्चे कभी-कभी मौत का भी शिकार हो जाते है। गंभीर बात यह है कि संबंधित विभाग के अधिकारी औषधि कारोबारियों को कई बार बच्चों को सुलेशन न देने की चेतावनी दे चुके है, लेकिन छोटे बच्चे इसे बड़ आसानी से इसे हासिल कर लेते है। सुलेशन का नशा करने वाले मासूम बच्चों को चैक कराया जाए तो इनमें फेफडों व लीवर में बीमारी 40-50 प्रतिशत मिलेगी। सुलेशन का आदी होने पर मासूम भूख भी सहन कर लेते है, क्योकि सुलेशन का नशा भूख को मारता है इतना हीं नही इसका नशा करने वाले बच्चे व बड़े चिडचिडा होने के साथ अपना दीमागी संतुलन भी खो बैठते है। सीधी भाषा में कहा जाए तो सुलेशन का नशा पूरे स्वास्थ पर बुरा असर डालता है। लोग एक बार फिर संबंधित विभाग से यह मांग करते है कि सुलेशन की बिक्री बच्चों को न की जाए, क्योकि एक तो गरीबी की मार और दूसरा सुलेशन का नशा स्वास्थ पर भारी पड़ना बच्चे व बड़ों का जीवन खराब कर देता है। अब देखना है कि क्या संबंधित विभाग इस ओर कोई ध्यान देता है या नहीं।

# छात्र-छात्राओं को दिए प्रमाणपत्र

**■ 86.33 लाख की छात्रवृत्ति शासन से जारी**

**मुजफ्फरनगर।** शासन स्तर से प्रथम चरण में जनपद के पूर्वदशम और दशमोत्तर के करीब 3671 छात्र छात्राओं को 86.33 लाख की छात्रवृत्ति जारी हुई है।

विकास भवन के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीरपाल निर्वाल, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी और डीएम उमेश मिश्रा ने छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण किए गए हैं। लखनऊ में जुपीटर हॉल इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का प्रसारण विकास भवन के सभागार में छात्र-छात्राओं को बड़ी एलईडी स्क्रीन पर दिखाया गया। जनपद में पूर्व दशक छात्रवृत्ति अनुसुचित जाति के 391 छात्र- छात्राओं को 5.47 लाख रुपये, सामान्य वर्ग के 125 छात्र छात्राओं को 3.75 लाख, पिछडा वर्ग के 1427 छात्र छात्राओं को 31.48 लाख रुपए और अल्पसंख्यक वर्ग के 367 छात्र छात्राओं को 10.97 लाख की छात्रवृत्ति मिली है।

# वाहन चोर गिरोह से 9 बाइकें बरामद

**■ स्टेशन व भीड़ वाले बाजार से चोरी कर पार्ट्स को बेचते थे कबाड़ में**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत व सीओ मंडी राजू साव ने संयुक्त रूप से पुलिस लाइन में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि एसएसपी के निर्देशन में नई मंडी पुलिस ने जोली रोड़ ड्रिम सिटी मार्ग पर छापेमारी के दौरान झाडियों में छुपे दो लोगों को गिरफ्तार किया। उन्होने बताया कि थाने लाकर की गई पूछताछ में आरोपी ने अपने नाम अभिषेक पुत्र महकार निवासी ग्राम इंचौली मेरठ व फरमान पुत्र इरशाद निवासी मुआना मेरठ बताया। और फरार साथी का नाम



निक्की पुत्र विजयपाल मंसूरपुर बताया है। एसपी सिटी ने बताया कि पकडे गए आरोपी वाहन चोर गिरोह है और यह भीड़ वाले स्थान जैसे रेलवे स्टेशन, बाजार व अन्य स्थानों से रैकी के बाद वाहन चोरी करते है। उन्होने जानकारी दी कि यह गिरोह बाइक के पार्ट्स अलग-अलग कर कबाड़ में बेचते है। एसपी सिटी का कहना है कि आरोपी के कब्जे से नौ बाइके एक रेहड़ा व बाइक के पार्ट्स बरामद किए गए है।

# टोल मामले में जाट महासभा के अध्यक्ष उबले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** राष्ट्रीय जाट महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सरोहा ने छपार टोल प्रकरण में दैनिक शाह टाइम्स से बातचीत करते हुए कहा है कि मांगेराम चाह रहा है कि जाट और त्यागी समाज में दो फाड़ हो जाए तो ये सब हम होने नहीं देंगे।

हम सभी भाई भाई हैं। एक आदमी की गलत हरकतों से कोई भी समाज गुमराह नहीं हो सकता। जब श्रीकांत त्यागी प्रकरण चला तो उसमें हमारी जाट सभा ने मौके पर पहुंचकर श्रीकांत त्यागी को समर्थन दिया था।

में त्यागी समाज के मंच से बोला था और श्रीकांत त्यागी के पक्ष में ही सारी बातें कही थी। मांगेराम जैसे लोगों की फितरत में है कि अपना एक बिरादरी का संगठन बनाओ और उसकी आड़ में उल्टे सीधे काम करो। आमदनी करो। हम भी अपने जाट समाज के अध्यक्ष हैं पर हमारे पास आज तक मारुति



अल्टो भी नहीं है और वो फार्च्यून में घूमकर अपने समाज को गुमराह करने का काम कर रहा है। ये कैसा उस पर कहां से आ रहा है। वो दलाली करे हमें इससे कोई मतलब नहीं पर अगर वो समाज के सम्भावित व्यक्ति प्रमुख मलिक को इमोशनली ब्लेकमेल करेगा क्या तो जाट समाज चुप बैठ जाएगा। हमारे साथ और प्रमुख साहब के साथ इस मामले में त्यागी समाज का एक बहुत बड़ा तबका है। वे भी मांगेराम को अच्छे से जानते हैं। विनोद मलिक एक संवैधानिक पद पर हैं। जाट समाज कमजोर नहीं जो मांगेराम की जायज मांगों का समर्थन करेगा।

पहले तो उसकी जुबान पर कोई भरोसा नहीं जो कल तक ये कहता था कि भुनी टोल पर भुनी या उसके आसपास का रहने वाला टोल पर नहीं रखा जाए और आज ये छपार टोल के बारे में ये कह रहा कि छपार या आसपास के लोग ही टोल पर रखे जाएं ये क्या है। इसमें उसका स्वार्थ साफ झलक रहा है। उसके गुर्गों की भी ओडियो वायरल हो रही है जो प्रमुख से हर माह मोटी रकम की उम्मीद रख रहे। अगर मांगेराम ये ही चाह रहा है कि मेरा कोई इलाज करे तो हम इलाज भी कर देंगें। प्रमुख के सम्मान से कोई खेलना चाहेगा तो इसे किसी भी सूरत मे बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## 3671 छात्रों के लिए 86 लाख की छात्रवृत्ति जारी

**मुजफ्फरनगर।** शासन स्तर से प्रथम चरण में जनपद के पूर्वदशम और दशमा. त्तर के करीब 3671 छात्र छात्राओं को 86.33 लाख की छात्रवृत्ति जारी हुई है। विकास भवन के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीरपाल निर्वाल, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी और डीएम उमेश मिश्रा ने छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण किए गए हैं। लखनऊ में जुपीटर हॉल इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का प्रसारण विकास भवन के सभागार में छात्र- छात्राओं को बड़ी एलईडी स्क्रीन पर दिखाया गया। जनपद में पूर्व दशक छात्रवृत्ति अनुसुचित जाति के 391 छात्र- छात्राओं को 5.47 लाख रुपये, सामान्य वर्ग के 125 छात्र छात्राओं को 3.75 लाख, पिछडा वर्ग के 1427 छात्र छात्राओं को 31.48 लाख रुपए और अल्पसंख्यक वर्ग के 367 छात्र छात्राओं को 10.97 लाख की छात्रवृत्ति मिली है।

## एंटी रोमियो टीम ने शराब तस्कर को किया गिरफ्तार

**रामराज।** प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता सुनिश्चित कराने के साथ-साथ समाज में अपराधियों व असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस की लगातार कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में थाना रामराज की महिला मिशन शक्ति/एंटीरोमियो टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी रवेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि रामराज पुलिस ग्राम पुटी इब्राहिमपुर स्थित गुप्ता फार्म के पास संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति हाथ में थैला लिए दिखाई दिया। जब पुलिस टीम ने उसे रोककर जांच की तो थैले से 23 टैट्रा पैक अवैध देशी शराब बरामद हुई। महिला पुलिस टीम ने मौके पर ही तत्परता और साहस दिखाते हुए आरोपी को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना रामराज में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक कंछी सिंह, महिला कांस्टेबल नीरज पाल, प्रीति और प्रियंका शामिल रही।

# चिकित्सक सेवा भाव व कर्तव्य परायणता से होनी चाहिए : ओमानंद

**मोरना।** मुजफ्फरनगर मेडिकल कालेज बेगराजपुर से आए नर्सिंग प्रशिक्षु छात्र छात्राओं का दल शुक्रवार को तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित भागवत पीठ श्री शुकदेव आश्रम में पहुंचा जहां पर शिक्षा ;षि स्वामी कल्याण देव की समाधि पर नमन किया। प्रशिक्षुओं ने स्मृति गैलरी में फटे पुराने कपडे, छडी, खडाऊ को देखकर आश्वर्य चकित हो गए। श्री शुकदेव पीठ पर पीठाधीश्वर स्वामी ओमानंद महाराज ने कहा कि जीवन की सुरक्षा में चिकित्सा कर्मियों का महत्वपूर्ण स्थान है। चिकित्सक और उनके सहयोगी नर्स व अन्य जीवन के रक्षक होते हैं। वह अपने ज्ञान, परिश्रम, पुरुषार्थ और सेवा से एक स्वस्थ समाज और राष्ट्र बनाते हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सक स्वस्थ समाज और राष्ट्र के रचनाक. ार होते हैं। भारतीय जीवन में चिकित्सक को भगवान का दूसरा रूप माना जाता है। क्योंकि भगवान




जीवन प्रदान करते हैं और चिकित्सक उसकी रक्षा। प्रत्येक चिकित्सक सेवा भाव, संवे. दनशीलता, कर्तव्य परायणता तथा मधुर व्यवहार का धनी होना चाहिए। सच्चाई, ईमानदारी, पवित्र आचरण, कर्तव्यनिष्ठा, परमार्थ और पुरुषार्थ रूपी सद्गुण किसी भी व्यक्ति को महान बनाते हैं। कथा वाचक अचल कृष्ण शास्त्री ने शुकतीर्थ के इतिहास व शुकदेव पीठ के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान उप प्राचार्य राहुल एमआर, प्रोफेसर सुखविंद्र कौर, डा. पूजा सोनी, आरती कौशिक, नमन, राम, मोनू मौजूद रहे। इससे पहले दल के सदस्य बिहारगढ के अपना घर में पंहुचे जहां पर केयरटेकर हरिओम ने आश्रम में रह रहे प्रभुजी से उन्हें मिलाया तथा उनसे बातचीत कराई। प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं ने उनके रहन सहन व खाने पीने तथा चिकित्सा घर को भी देखा।

# अर्जुन अवार्डी बाक्सर सतीश कुमार ने खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

**मुजफ्फरनगर।** जिला खेल कार्यालय मुजफ्फरनगर द्वारा सेवा पखवाड़ा पर्व एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जनशताब्दी वर्ष के शुभ अवसर परआयोजित कराई गई । एक दिवसीय जिला स्तरीय बॉक्सिंग बालक एवं क्रिकेट बालक प्रतियोगिताओं का आयोजन बहुत ही धूमधाम से चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम मुजफ्फरनगर में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ वीरपाल निर्वाल अध्यक्ष जिला पंचायत अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि सतीश कुमार ओलंपियन एवं अर्जुन आबादी अवार्ड बॉक्सर द्वारा किया गया जिलाधिकारी उमेश मिश्रा द्वारा सतीश कुमार ओलंपियन एवं अर्जुन अवार्ड बॉक्सर को पुष्प पहनाकर पुरुस्कृत किया गया इस शुभ अवसर पर कंडारकर कमल किशोर देशभूषण मुख्य विकास अधिकारी भी उपस्थित रहे ।अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हर्षप्रीत का पुष्प कुछ भेंट करपका पहनकर संयुक्त रूप सेप्रभारी खेल अधिक. ारी भूपेंद्र एवं अपग्रेड अधिकारी कुमारी पूनम बिश्नोई द्वारा स्वागत किया गया । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि द्वारा खिलाड़ियों का मनोबलअपने ओजस्वी भाषण सेसमस्त खिलाड़ियों को मार्गदर्शन दिया एवं भारत वर्षका नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दी ।ओलंपियन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सतीश के द्वारा खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया गया एवं कड़ी मेहनत ही सफलता की पूंजी है । प्रभारी खेल अधिकारी भूपेंद्र के



द्वारा स्टेडियम की अवस्थनाओं का विस्तृत विवरण मुख्य अतिथि के समक्ष रखा गया उप क्रीड़ाअधिक. ारी कुमारी पूनम बिश्नोई द्वारा समस्त स्टेडियम स्टाफ का परिचय कराया गया स्टेडियम प्रशिक्षक मनीष शर्मा ,प्रदीप की कुश्ती प्रशिक्षक सुशील कुमार एथलेटिक्स अंशकालिक कोच, कनिष्ठ सहायक राकेश,भावना, ग्राउंड स्टाफ अनिल कुमार, इलेक्ट्रीशियन तिलकराम आदि का सहयोग रहा ।

# जिले में लोगों की समस्याओं का हो तीव्र निस्तारण : यशपाल बालियान

**बुढ़ाना।** शुक्रवार के दिन मुजफ्फरनगर शहर के मौहल्ला केशवपुरी में भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक हुई। जिसमें प्रमुख भूमिका वरिष्ठ भाजपा नेता यशपाल सिंह बालियान की रही। उन्होंने बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं से विधानसभा चुनाव 2027 के दृष्टिगत जनपद की सभी सीटों को जीतने की तैयारी में लग जाने का आह्वान किया। उन्होंने जल्दी ही प्रदेश में होने जा रहे निकाय चुनावों के दौरान सभी से गांव देहात में रह रहे लोगों से संपर्क बढ़ाने की बात कही और कहा हम सभी को इस बीच इस बात पर फोकस करना है कि ग्रामवा. सियों के सरकारी विभागों में पड़ने वाले दिन प्रतिदिन के कार्य होने में कोई अनावश्यक रुकावट न आए और उनकी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण हो। बैठक में कई अन्य अनुषांगिक संगठनों के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे और उन्होंने जिला संगठन द्वारा की जा रही गतिविधियों के अलावा अन्य भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को भी आम जनता के बीच सक्रिय हो जाने पर बल देकर कहा तभी आमजन मुख्यमंत्री योगी की सर्वोत्तम सुरक्षा और कानून व्यवस्था को साकार रूप में देख सकेंगे। योगी सरकार में प्रशासन और पुलिस विभाग दोनों आम लोगों के जनजीवन को उत्तम बनाने और उनकी समस्याओं का ईमानदारी से निस्तारण करने के लिए प्रतिबद्ध है बस जरूरत है केवल यह देखने की कहीं किन्हीं अधिकारी कर्मचारी की लापरवाही से कोई समस्या बढ़ती है या आम लोग परेशान होते हैं तो उन समस्याओं या परेशानी पर जिला प्रशासन से तुरंत संपर्क कर आगाह कराया जाए ताकि कानून व्यवस्था एवं दायित्व निर्वहन की उच्च



गुणवत्ता बनी रहे। कोई भी पात्र व्यक्ति प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पाने से वंचित न रहे। सुनिश्चित हो कि योगी की जनप्रिय नीतियों और योजनाओं से जनपद समग्र खुशहाली और उच्च जीवन यापन की तरफ बढ़ता नजर आए। बैठक में वरिष्ठ नेता संजय अग्रवाल, किसान मोर्चे के पूर्व कोषाध्यक्ष मनोज पंवार, ओमवीर सिंह चौहान, अमित धर्मा, विनीत रघुवंशी, दिनेश पुंडीर, जिला योगगुरु सुरेंद्र मान, प्रमोद गर्ग, अल्पसंख्यक मोर्चे से शाकिर राणा एडवोकेट, बिलाल राणा, नाजिम खान, डॉक्टर डीके शर्मा, धीरज शर्मा, विजय गोयल, हर्षवर्धन, नवीन चंद्रा एडवोकेट और धीर सिंह आदि के अलावा अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राज्य स्तर वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में कोमल ने जीता रजत पदक

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** ग्राम टिटोडा की बेटी कुमारी कोमल ने बनारस में आयोजित उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर रजत पदक हासिल किया।

कक्षा 10 की छात्रा कोमल, सुपुत्री कर्मवीर सिंह ने 77 किलो भार वर्ग में प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए न केवल गांव का नाम रोशन किया बल्कि के.के. जैन इंटर कॉलेज, खतौली का भी मान बढ़ाया। वर्तमान में कोमल दादरी स्थित वेटलिफ्टिंग कॉलेज में नियमित कोचिंग प्राप्त कर रही हैं। कोमल की इस उपलब्धि पर क्षेत्रीय विधायक मदन भैया, सत्येंद्र आर्य जिला अध्यक्ष आर्य प्रतिनिधि सभा मुजफ्फरनगर, व्यायाम शिक्षक विकास कुमार प्रधानाचार्य अनुराग जैन, अमरेश गुर्जर, सचिव सुशील गुर्जर, महाराज सिंह अंतवाडा, जगदीश सिंह प्रधान (आर्य समाज शिवपुरी), महिपाल सिंह आर्य, बाबू विक्रम सिंह, बालिस्टर मोतला, अशोक शर्मा, जिला पंचायत सदस्य प्रदीप कसाना, गौरव डेढ़ा, मास्टर जयपाल सिंह मावी तथा हरवीर सिंह डेढ़ा आदि ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पुरक़ाज़ी में निकाली गई श्रीराम बारात, पुष्पवर्षा से महका नगर

**पुरक़ाज़ी।** बृहस्पतिवार को क़स्बा पुरक़ाज़ी में श्रीराम बारात का आयोजन अद्भुत उत्साह और भव्यता के साथ किया गया। क़स्बे की मुख्य सड़कों से गुजरती इस शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। पूरे नगर में भक्तिमय माहौल देखने को मिला।

श्रीरामलीला कमेटी के पदा. धिकारियों ने श्रीराम-लक्ष्मण सहित देव स्वरूपों का तिलक व आरती कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। आकर्षक झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। शिव तांडव व काली अखाड़े की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जब बारात मोहल्ला शहरदारान पहुँची, तो वर्षों पुरानी परंपरा को निभाते हुए पूर्व चेयरमैन बाबू सलामत ख़ान के सुपुत्र एवं रालोद नेता बशारत ख़ान ने अपनी युवा टीम के साथ भव्य स्वागत किया। उनके आवास पर बारातियों के लिए शीतल जलपान की विशेष व्यवस्था की गई।इस मौक़े पर बशारत ख़ान, रियाज़ हसन एडवोकेट, दलीप युसूफ खान, मिस्त्री इंतज़ार ख़ान, अमजद ख़ान, वसीम ख़ान, आज़म ख़ान, दिलशाद, हुज़ैफ़ा, नदीम सैफ़ सहित पूरी टीम मौजूद रही। बारात के जुलूस में संदीप गोयल, निर्दोष जैन, विपुल विक्रम, सुशील वर्मा, पंडित भानु शर्मा समेत अनेक गणमान्य लोग सम्मिलित हुए।



# राजकीय इन्टर कॉलेज में नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम मे थाना प्रभारी जयवीर सिंह एवं नव नियुक्त महिला सब-इंस्पेक्टर निशा सिंह द्वारा अपनी टीम के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं स्टाफ द्वारा मुख्य अतिथियों का स्वागत बैज व पुष्पगुच्छ देकर किया।

इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक जयवीर सिंह ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि नारी शक्ति असीम सामर्थ्य से भरी है, हमें किसी भी परिस्थिति में भयभीत नहीं होना चाहिए। महिला सब-इंस्पेक्टर निशा सिंह ने छात्राओं को सुरक्षा संबंधी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी और आश्वस्त किया कि किसी भी समय वे उनसे संपर्क कर सकती हैं। महिला स्टाफ को भी उन्होंने



प्रोत्साहित किया कि वे अपनी बात बेझिझक साझा करें।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या ने पुलिस विभाग की इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया तथा नारी सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे उनके प्रयासों की सराहना की।


### नाम परिवर्तन सूचना

मेरी पुत्री सारा खान (SARA KHAN) के स्कूल रिकार्ड में भूलवश पुत्री की माता का नाम शहनाज खान (SHEHNAZ KHAN) दर्ज है। जो कि गलत है,जबकि आधार कार्ड के अनुसार मेरी पुत्री की माता का सही नाम शहनाज परवीन (SHAHNAZ PARVEEN)है। जो कि बिल्कुल सही है। भविष्य में भी समस्त कार्यों के लिए मेरी पुत्री की माता को इसी नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

**आसिफ खान पुत्र तस्दूक**
**निवासी- 311 आबकारी रोड**
**तहसील व जिला मुजफ्फरनगर**

### नाम परिवर्तन सूचना

मेरे पुत्र **मो0 शायान** का जन्म डॉ0 इंदरानी के यहां **25.03.2020** को हुआ था, जिसका रजिस्ट्रेशन संख्या 4710 दिनांक **20.04.2020** है, परन्तु नियमों की जानकारी न होने के कारण मैं अपने पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र नहीं ले सका। जन्म प्रमाण पत्र जारी करने हेतु सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**नूर फात्मा पत्नी मो0 शादान,**
खालापार, मुजफ्फरनगर।
मोबाइल नं0 9027555496.

### सूचना

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र स. 1518/3.02.2010 में गलती से नाम आयुष अंकित कराया गया था जबकि उसका वास्तविक नाम आयुष राठी है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम संशोधन हेतु शपथ पत्र विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**निवेदक**
**नीरज कुमार धीराहेडी**
**मु.नगर मो.-9675576611**

### सार्वजनिक सूचना

मेरे पुत्र व पुत्री के जन्म प्रमाणपत्र सं. क्रमशः 1485/6.2.2013 व 7566/30.8.2010 मे गलती से पिता का नाम Mohd. Aslam अंकित है। वास्तविक नाम Mohammad Aslam है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतू सम्बन्धित विभाग मे आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है।

**मौहम्मद असलम**
**सरकुलर रोड, मु.नगर**
**मो. 9910159546**

### नाम परिवर्तन सूचना

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र संख्या B-2022:9-90020-005821 में गलती से नाम **KM ABEERA** (जन्मतिथि 29.03.2021) अंकित कराया गया था, जबकि उसका वास्तविक नाम **ABEERA** है, और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जाएगा। नाम संशोधन हेतु शपथपत्र विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**शुएब सैफी पुत्र महबूब अली**
855/87, मुस्तफा कालोनी,
मुज़फ़्फ़रनगर।

### संबंध विच्छेद

मैं नरेशपाल पुत्र मान सिंह जाति हिन्दु नाई निवासी ग्राम डूंगर थाना फुगाना जिला मु.नगर का निवासी हूं। मेरे पुत्र डिम्पल, सोनू व मेरी पुत्रवधु पायल पत्नि सोनू आवारा संगत में हैं। मेरे कहने सुनने में नही हैं। तीनों मेरी पत्नि संग मारपीट करते हैं। मैंने अपने दोनों पुत्रों व पुत्रवधू को समझाया पर वे नही मानते। जिससे में व मेरा परिवार दुखी है। अतः में अपने पुत्र डिम्पल, सोनू व पुत्रवधू पायल पत्नि सोनू से तंग आकर तीनों को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। आज के बाद मेरे दोनो पुत्रों व पुत्रवधू पायल का मुझसे या मेरे परिवार के अन्य सदस्यों से कोई वास्ता नही रहेगा। डिम्पल, सोनू व पायल भविष्य में किये गये किसी भी गलत कृत्य के खुद जिम्मेदार होंगे। मेरी या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

### पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.
**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल-प्रथम, मुजफ्फरनगर**

ई-निविदा सूचना: 3844/EDC-1 M.Nagar Dt. 26.09.2025

निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण

1. अ.ई.नि.सं.-18/2025-26 में वि.वि.उपखं.-प्रथम, मु0नगर क्षेत्रान्तर्गत जमा योजना के कार्य हेतु रनिंग कॉन्ट्रेक्ट। प्रपत्र शुल्क-रू0 1180, धरोहर राशि-रू0 9000
2. अ.ई.नि.सं.-19/2025-26 वि.वि.उपखं.-चरथावल, मु0नगर क्षेत्रान्तर्गत जमा योजना के कार्य हेतु रनिंग कॉन्ट्रेक्ट। प्रपत्र शुल्क-रू0 1180, धरोहर राशि-रू0 9000

**ई-निविदा की अन्तिम तिथि: 10.10.2025 12:00 बजे**

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेत्तर समस्त सूचनाऐं वेबसाईट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।

**वाद के निस्तारण हेतु प्रतिवादीगण की उपस्थिति के लिये समन वास्ते** (आदेश 5. कायदा 1 व 5) न्यायालय श्रीमान अतिरिक्त स्थाई न्यायालय सदर मुजफ्फरनगर वाद स. डी 202509550003700 सन 2024 विकास कुमार पुत्र जयपाल सिंह निवासी ग्राम बरवाला तहसील व जिला मुजफ्फरनगर हाल निवासी आदर्श कालोनी परगना व तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर **बनाम ... प्रार्थी/वादी** 1. जगपाल पुत्र ओमप्रकाश, 2. ओमवीर, 3. सोमबीर, 4. नारायण सिंह पुत्रगण स्व. किरतराम,5. रवि कुमार पुत्र रामपाल, 6. विक्रान्त पुत्र प्रतिपाल, 7 सतपाल, 8.जयपाल पुत्रगण बीरबल, 9. विकास कुमार पुत्र रामगोपाल, 10. श्रीमति निर्मला पत्नी रामगोपाल निवासीगण ग्राम बरवाला परगना बघरा तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर .......**प्रतिवादीगण**

बाद अन्तर्गत धारा-116 उ.प्र. राजस्व संहिता मौजा बरवाला। आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त वाद के वादी ने आपके विरुद्ध विवादित भूमि के विभाजन हेतू माननीय न्यायालय में योजित किया है। आपको इस न्यायालय में उक्त वाद का उत्तर पत्र आदि प्रस्तुत करने के लिये उपसंज्ञात उपस्थित होने के लिये दिनांक 29.09.2025 को दिन के 10.30 बजे नियत करके यह सम्मन प्रेषित किया जाता है कि आप नियत दिनांक को न्यायालय में स्वयं या अपने अधिकृत पैरोकार अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सारवान प्रश्नों का उत्तर भी दे सके। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर वर्णित तिथि को इस न्यायालय में उक्त बाद के निस्तारण के समय उपसंजात उपस्थित नहीं हो सके तो उस दशा में वाद का निस्तारण आपकी अनुपस्थिति में गुणदोष के आधार पर कर दिया जायेगा। आज दिनांक 26/9/2025 को यह सम्मन मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित विधिवत न्यायालय द्वारा जारी किया गया। **आज्ञा से**

**मुन्सरिम/रीडर**
**अतिरिक्त स्थाई न्यायालय सदर मुजफ्फरनगर**

वाद निस्तारण हेतु इश्तेहार वास्ते मुनादी हेतु आम जनता हेतु न्यायालय श्रीमान जिला जज महोदय मुजफ्फरनगर। जी.सी.वाद सं.-49 सन् 2025 श्रीमति नूरजहां पत्नी आबिद निवासी ग्राम बेगराजपुर परगना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर। ..... **प्रार्थीया बनाम**

1. साजिद 2. जुनैद पुत्रगण आबिद निवासीगण ग्राम बेगराजपुर परगना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर। ........**विपक्षीगण**

आपको सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थीया ने जी.सी. का प्रार्थना पत्र वास्ते नाबालिग कु. जोया आयु 10 वर्ष का वली व संरक्षक नियुक्त करने हेतु उपरोक्त न्यायालय में पैटीशन दायर किया है। अतः हर एक आम व खास को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थना पत्र पर यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह माननीय न्यायालय में दिनांक 27 माह 10 सन् 2025 को दिन में 10:30 बजे स्वंय या अपने अधिकृत पैरोकार अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते हैं। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें। न्यायालय में आपकी उपसंजाति उपस्थिति के लिये उक्त तिथि नियत की गयी है। वह इस वाद के अन्तिम निस्तारण के लिये भी अंकित है। इसलिये आपको उसी दिन अपने उन सभी साक्ष्यों को या उनसे सम्बन्धित सभी सारवान प्रपत्रों, साक्ष्यों को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिए। जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं। आपको यह भी सूचित किया जाता है यदि आप ऊपर वर्णित तिथि को इस न्यायालय में उक्त वाद के निस्तारण के समय उपसंजात उपस्थित नहीं होंगे तो उस दशा में उक्त वाद का निस्तारण आपकी अनुपस्थिति में गुणदोष पर किया जायेगा। अतः यह मुनादी ढोल पीटकर की जा रही है।आज दिनांक 27 माह 10 सन् 2025 को यह इश्तेहार मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा (मोहर) सहित विधिवत न्यायालय द्वारा जारी किया गया है।

**आज्ञा से**
**मुनसरिम/न्यायाधीश**
**जनपद मुजफ्फरनगर।**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर
### अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

**पत्रांक:-491/ज.क./2025-26** दिनांक-26/9/2025

नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के जलकल विभाग द्वारा 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत निर्दिष्ट अनुदान (Tied Grant) की प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले स्वीकृत कार्य **क्रमशः 01**-पचेण्डा रोड पर स्थित नवनिर्मित नलकूप से सम्बन्धित क्षेत्र को जलापूर्ति देने के लिए लाईन 6'' डाया में लगभग 1050 मीटर की लम्बाई में राईजिंग मैन लाईन डालने का कार्य, **क्रमशः 02**-रेशू विहार फाटक से अलमासपुर चौक तक 1000 मीटर 110 एम.एम. डाया साईज की पी.बी.सी. पाईप लाईन बिछाये जाने का कार्य, **क्रमशः 03**-भगीरथ चौक से ज्योतिबाफुले चौक तक 450 एम.एम. डाया साईज में 650 मीटर सीवर पाईप लाईन बिछाये जाने का कार्य, **क्रमशः 04**-जाहरवीर माडी (अलमासपुर चौक) से मण्डी गेट होते हुए पाल चौक तक 2250 मीटर 110 एम.एम. डाया साईज की पी.वी.सी. पाईप लाईन बिछाये जाने का कार्य, **क्रमशः 05**-वार्ड न0-41 मौहल्ला आदर्श कालोनी के अन्तर्गत 750 मीटर 110 एम.एम. डाया साईज की पी.वी.सी. पाईप लाईन बिछाये जाने का कार्य, **क्रमशः 06**-वार्ड न0-31 मौहल्ला अंकित विहार में मा. श्री अनिल कुमार जी (केबिनेट मंत्री) वाली गली में 590 मीटर 110 एम.एम. डाया साईज की पी.वी.सी. पाईप लाईन बिछाये जाने का कार्य, **क्रमशः 07**-वार्ड नं0-45 मौहल्ला दक्षिणी कृष्णापुरी में 110 एम.एम. डाया साईज की 878 मीटर पी.वी.सी. पाईप लाईन बिछाये जाने एव जलापूर्ति स्रोत हेतु 10 एच.पी. क्षमता का मिनी नलकूप अधिष्ठापन का कार्य, **क्रमशः 08**-वार्ड नं0-02 मौहल्ला गीता एनक्लेव में 110 एम.एम. डाया साईज की 450 मीटर पी.वी.सी. पाईप लाईन बिछाये जाने एव जलापूर्ति स्रोत हेतु 10 एच.पी. क्षमता का मिनी नलकूप अधिष्ठापन का कार्य, **क्रमशः 09**-वार्ड नं0-03 के अन्तर्गत 110 एम.एम. डाया साईज की 480 मीटर पी.बी.सी. पाईप लाईन बिछाये जाने एव जलापूर्ति स्त्रोत हेतु 10 एच.पी. क्षमता का मिनी नलकूप अधिष्ठापन का कार्य, **क्रमशः 10**-वार्ड नं0-31 के अन्तर्गत 110 एम.एम. डाया साईज की 370 मीटर पी.वी.सी. पाईप लाईन बिछाये जाने एवं जलापूर्ति स्रोत हेतु 10 एच.पी. क्षमता का मिनी नलकूप अधिष्ठापन का कार्य, **क्रमशः 11**-वार्ड नं0-22 के अन्तर्गत 110 एम.एम. डाया साईज की 350 मीटर पी.वी.सी. पाईप लाईन बिछाये जाने एव जलापूर्ति स्रोत हेतु 10 एच.पी. क्षमता का मिनी नलकूप अधिष्ठापन का कार्य, **क्रमशः 12**-नगरीय सीमा में स्थित 55 वार्डों में अन्तर्गत आवश्यकता की स्थिति में 110 एम.एम. डाया साईज की 2800 मीटर पी.वी.सी. पाईप लाईन बिछाये जाने का कार्य, **क्रमशः 13**-रेशू विहार से कार्तिक स्वीट् कार्नर तक 450 एम.एम. डाया साईज मे 600 मीटर सीवर पाईप लाईन बिछाये जाने का कार्य, **क्रमशः 14**-मौहल्ला जैन पैटठा पुलिया से निर्माधीन गंदा कुआ तक 110 एम.एम. डाया साईज की 1130 मीटर पी.वी.सी. पाईप लाईन बिछाये जाने का कार्य, **क्रमशः 15**-मौहल्ला टिकैत विहार एवं अशोक विहार में 110 एम.एम. डाया साईज की 2000 मीटर पी.वी.सी. पाईप लाईन बिछाये जाने का कार्य, **क्रमशः 16**-150 एम.एम. डाया साईज 03 मीटर लम्बाई एम.एस. 160 नग कॉलम पाईपो की आपूर्ति का कार्य।

अतः उपरोक्त क्रमाक-01 से क्रंमाक 16 तक के कार्यों की अधिकृत कार्यकारी फर्मों से दिनांक 11/10/2025 को सायं 3:00 बजे तक ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती है। वेबसाईट **http://etender.up.nic.in** पर निविदा ऑनलाईन दिनांक 27/09/2025 की प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 11/10/2025 की सायं 03:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड की जा सकती है। कार्य की धरोहर राशि एफ.डी.आर. के रूप में जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के नाम बंधक होगी तथा निविदा मूल्य का **ड्राफ्ट (जी.एस.टी.) सम्मिलित करते हुए) वाटर सप्लाई एण्ड सीवरेज डिपार्टमेन्ट नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर** के नाम जारी करते हुए अपलोड की गयी एफ.डी.आर. को मूलप्रति के रूप में तकनीकी बिड खोले जाने की नियत दिनांक से एक दिन पूर्व कार्यालय में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। अन्यथा कि स्थिति में निविदा स्वतः ही निरस्त मानी जाऐगी। प्राप्त ई-निविदायें दिनांक 11/10/2025 को सायं 04:00 बजे अधिशासी अधिकारी महोदया के समक्ष खोली जायेगी। निविदा तिथि को अवकाश होने की स्थिति में निविदाये अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी तथा यह भी उल्लेखित है कि किसी भी निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का समस्त अधिकार मा. अध्यक्ष महोदया नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर में निहित होगा। अधिक जानकारी के लिए ऊपर दी गयी वैबसाईट पर लॉगईन कर सकते है।

**सहायक अभियन्ता (जल)** **अधिशासी अधिकारी** **अध्यक्ष**

**नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर**

# 'आई लव मोहम्मद' को लेकर जुमे के दिन पुलिस रही अलर्ट

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** कस्बे के कई मोहल्लों में शुक्रवार को अचानक आई लव मोहम्मद लिखे पोस्टर और बैनर लगने से स्थानीय प्रशासन में अफरातफरी का माहौल बना रहा। हालात को देखते हुए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सतर्क रही। जुमे की नमाज से पहले ही सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए गए और पूरे कस्बे में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। जुम्मे की नमाज शांति पूर्ण समाप्त हुई।

वही सूत्रों के मुताबिक इस्लामनगर, बकरियान मिठ्ठूलाल सहित कस्बे के चार अलग-अलग स्थानों पर आई लव यू मोहम्मद लिखे पोस्टर लगाए गए थे। जैसे ही इसकी जानकारी पुलिस को हुई, अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी पोस्टरों को उतरवा दिया। इस दौरान कई जगह स्थानीय लोगों ने आपत्ति जताई और कुछ स्थानों पर भीड़ जुटनी शुरू हो गई। हालांकि सीओ राम आशीष यादव और कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल ने लोगों को समझाकर शांत कराया और शांति बनाए रखने की अपील की। वही जुमे की नमाज को लेकर पुलिस पहले से ही सतर्क थी। मस्जिदों और मिश्रित आबादी वाले इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात रहा और लगातार गस्त करती रही। जानसठ तिराहे की मस्जिद के आसपास विशेष निगरानी की गई। साथ ही पुलिस अधिकारियों और खुफिया विभाग की टीमें लगातार गश्त करती रहीं।

एलआईयू और अन्य एजेंसियां भी सक्रिय होकर हर गतिविधि पर नजर रखे हुय थी। माहौल को शांत करने के लिए पुलिस अधिकारियों ने मुस्लिम संगठनों के जिम्मेदार पदाधिकारियों से मुलाकात की और सहयोग की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। सीओ खतौली रामआशीष यादव ने बताया कि हशांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शांति दूतों से लगातार संपर्क किया जा रहा है। किसी भी तरह की अफवाह या उपद्रव फैलाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। जो




भी माहौल खराब करने की कोशिश करेगा, उसके खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे। पुलिस प्रशासन की सक्रियता और संगठनों के सहयोग से स्थिति नियंत्रण में रही। नमाज शांतिपूर्वक अदा की गई और किसी तरह की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि अफवाहों पर ध्यान न दें और भाईचारा बनाए रखें।

# भाकियूअ की मासिक बैठक हुई आयोजित

**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के बुढ़ाना कार्यालय पर बुढाना ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण पंवार और तहसील बुढाना अध्यक्ष अमित सिंह के संयुक्त नेतृत्व में एक मासिक मीटिंग का सफल आयोजन किया गया।

इस मीटिंग मे पश्चिम प्रभारी राजीव दुल्हेरा, जिला अध्यक्ष सुधीर पहलवान, बुढाना तहसील उपाध्यक्ष कपिल ठाकुर, तहसील बुढाना उपाध्यक्ष जाबिर राणा, बुढाना ब्लाक उपाध्यक्ष गौतम मलिक, बुढाना नगर उपाध्यक्ष नावेज राणा, कल्याणपुर ग्राम अध्यक्ष डॉक्टर सत्तार, जोगियाखेड़ा ग्राम अध्यक्ष उस्मान राणा, खरड ग्राम अध्यक्ष वीरेंद्र मलिक, डूंगर ग्राम अध्यक्ष अनिल मलिक, छाजपुर ग्राम अध्यक्ष संजय आर्य, खेड़ा मस्तान से गौतम मलिक, सोरम ग्राम अध्यक्ष राम मेहर,



रसूलपुर दभेडी से ग्राम अध्यक्ष शाहिद, कुतुबपुर दताना ग्राम अध्यक्ष अशोक प्रधान, विवेक कुमार नगवा ग्राम अध्यक्ष, हरिओम भगत अटाली ग्राम अध्यक्ष, हरिओम शेरपुर ग्राम अध्यक्ष और शाहरुन आदि के साथ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यहां पर सभी ने संगठन को मजबूत करने का संकल्प भी दोहराया।

# फूड वेंडर्स को खाद्य सुरक्षा व स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**मोरना।** नागरिकों को उच्च स्वास्थ्य प्रदान करने के संकल्प के तहत नगर पंचायत भोकरहेड़ी कार्यालय में शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम अधिशासी अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसील जानसठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी विशाल चौधरी ने की। उन्होंने फूड वेंडर्स व खाद्य व्यवसायियों को खाद्य सुरक्षा अधिनियम, स्वच्छता मानकों तथा लाइसेंस तथा रजिस्ट्रेशन संबंधी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान स्वच्छता बनाए रखने और उपभोक्ताओं को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए गए।लिपिक संजीव कुमार शील के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में कंप्यूटर ऑपरेटर संदीप राणा सहित फूड वेंडर्स उपस्थित रहे। अधिकारियों ने सभी से स्वच्छता मानकों का पालन करने और निर्धारित नियमों के तहत व्यवसाय संचालित करने की अपील की।

# संगीत के माध्यम से बच्चों को स्वच्छता के प्रति किया प्रेरित

**बुढ़ाना।** शासनादेश अनुसार शुक्रवार के दिन खंड शिक्षा अधिकारी किरण यादव के अनुपालन में कंपोजिट स्कूल डूंगर में स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद के नेतृत्व में स्वच्छता पखवाड़ा 16 सितंबर से 30 सितंबर के अंतर्गत व्यक्तिगत स्वच्छता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया और मिशन शक्ति अभियान कार्यक्रम भी किया गया। व्यक्तिगत स्वच्छता दिवस में अनुराधा द्वितीय सहायक अध्यापिका तथा संगीत के माध्यम से बच्चों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया गया। इसके बाद स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद ने बताया कि व्यक्तिगत स्वच्छता दिवस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संक्रामक रोगों के प्रसार को रोकना, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना और समुदाय में स्वच्छता की आदतों को बढ़ावा देना यह व्यक्तिगत सफाई जैसे हाथ धोना, नहाना और अपने आसपास के वातावरण को साफ रखना सिखाता है। जब बैक्टीरिया और वायरस को दूर करके व्यक्ति और समाज दोनों के स्वास्थ्य की रक्षा करता है। मिशन शक्ति अभियान कार्यक्रम के बारे में बताया गया कि मिशन शक्ति भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्य सरकारों की एक योजना है। जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण सुनिश्चित करना है ये मिशन 1 अप्रैल से 2022 में लागू हुआ था। इस मिशन को एक छात्र मिशन भी कहते हैं।

# सौतेला व्यवहार अपनाना बन्द करें अधिकारी: प्रान्तीय अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी/छपार।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय महासभा ब्लॉक पुरकाज़ी की स्वामी सोमदत्त एकेडमी तजल्हेड़ा में आवश्यक बैठक सम्पन् हुई जिसमें अधिका. रियों के सौतेले व्यवहार के प्रति रोष व्यक्त किया गया है ।

बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रांतीय अध्यक्ष राम प्रशाद शर्मा ने कहा कि अधिकारी मान्यता प्राप्त विद्यालयों के साथ सौतेला व्यवहार करते है जबकि मान्यता प्राप्त विद्यालय 80 प्रतिशत आबादी को शिक्षित करने का कार्य करते है जिसके कारण सरकार को अरबो खरबो की बचत होती है मान्यता प्राप्त विद्यालय बिना किसी वित्तीय सहायता के अपने संसाधनों से बच्चो को शिक्षित करने व् संस्कार देने का कार्य कर रहे हैअधिकारियो द्वारा इन विद्यालयों का शोषण बंद कर अपने व्यवहार में सुधार लाना चाहिए यदि अधिकारियो की कार्यशैली में बदलाव नहीं आता तो मान्यता प्राप्त विद्यालय महासभा धरना देने पर मजबूर होगी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष पंडित भानू शर्मा ने कहा शिक्षा के अधिकार अधि. नियम के अंतर्गत कक्षा 8 तक विद्यालय को किसी भी कक्षा में प्रवेश का अधिकार है जबकि यू डाइएस पोर्टल पर विद्यालय केवल कक्षा एक में प्रवेश कर सकता है पोर्टल को सभी कक्षाओं में प्रवेश के लिए खोला जाना चाहिए बिजली के बिल सोलर पैनल ट्रांसपोर्ट आदि में भी मान्यता प्राप्त विद्यालयों को छूट मिलनी चाहिए

कार्यक्रम में कुलवीर सिंह के द्वारा प्रांतीय अध्यक्ष को पगड़ी व् पटका पहनाकर सभी अतिथियों का भव्य स्वागत किया। कुशल



संचालन प्रदीप कुमार शर्मा ने किया कार्यक्रम में जिला महसचिव् राधेलाल चौहान मीडिया प्रभारी अनिल कुमार मुनेश कुमार संरक्षक पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष यशवीर सिंह मोहर्रम त्यागी राजीव चौधरी, सतविंद्र सिंह बेदी, देवेंद्र कुमार, शिशु , प्रवीण देशवाल, सचिन धीमान, विपिन कुमार, सद्दाम हुसैन, चरण सिंह, सुबोध कुमार, सोम सिंह, नरेश कुमार धीमान, आनंद कुमार, महक सिंह, सुनील शर्मा, ईश्वर चंद, अंचल शर्मा, मुकर्रम अरशद, बृजेश कुमार गुप्ता, योगेश शर्मा, अरशद, राजकुमार त्यागी, ब्रज भूषण त्यागी, अमन कुमार, संजीव कुमार व् अन्य विद्यालयों के प्रबंधक प्रधानचार्य शामिल रहे ।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व विधायक के समक्ष व्यापारियों ने रखी अपनी समस्या

**बुढ़ाना।** कस्बे के छोटा बाज़ार में स्थित उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल बुढ़ाना के तहसील अध्यक्ष राजेश संगल के प्रतिष्ठान पर बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक उमेश मलिक आए। जिनका सैंकड़ों व्यापारियों ने राजेश संगल के नेतृत्व में फूल मालाओं से गर्मजोशी से भव्य स्वागत किया। पूर्व विधायक को व्यापारी नेता राजेश संगल ने बताया कि इसी छोटा बाज़ार की सबसे बड़ी समस्या कुरैशी वाली पुलिया पर बाज़ार की ओर आने वाले डिवाइडर कट की है। जिसको खुलवा दिया जाए तो सभी व्यापारियों को इसका फायदा होगा। इस कट को खुलवाने के लिए वे समय समय पर संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन भी चुके हैं लेकिन आज तक भी यह रास्ता नहीं खोला गया। सभी व्यापारियों ने इस गंभीर समस्या को पूर्व विधायक उमेश मलिक के समक्ष रखा तो पूर्व विधायक ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना कर संबंधित अधिकारियों से बात कर इस समस्या का 3 दिनों में समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस आश्वासन से सभी व्यापारियों को पूर्व विधायक के आश्वासन से एक नई ऊर्जा मिली। राजेश संगल ने बताया कि इस समस्या को पिछले एक साल से जिस तरह अधिकारियों द्वारा इग्नोर किया जा रहा है वो बहुत ही निंदनीय है। अब पूर्व विधायक से उम्मीद जगी है कि इस समस्या से सभी को जल्द छुटकारा मिलेगा। दूसरी और कस्बा बुढ़ाना में जीएसटी बचत उत्सव पर पूर्व विधायक उमेश मलिक ने दुकानदारों से संपर्क व संवाद किया। सभी व्यापारियों ने जीएसटी में ऐतिहासिक बदलाव के लिए प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया। यहां भूमि विकास बैंक चेयरमैन विनोद सैनी, पूर्व चेयरमैन शाहपुर प्रमेश सैनी, मण्डल अध्यक्ष बुढ़ाना मोनू कुरथल, जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो मोनू मलिक, हिमांशु संगल, पुनीत पंवार, कुलदीप बागड़ी, अंकुश राठी आदि मौजूद रहे।

### विधायक व चेयरपर्सन प्रतिनिधि ने ज्वेलर्स शॉप का किया उद्घाटन

**बुढाना।** विधानसभा बुढ़ाना क्षेत्र के राष्ट्रीय लोकदल के विधायक राजपाल सिंह बालियान और बुढ़ाना नगर पंचायत की चौयरपर्सन श्रीमति उमा त्यागी कौशल के प्रतिनिधि सुबोध त्यागी ने बतौर मुख्य अतिथि आज शुक्रवार की सुबह संयुक्त रुप से कस्बा बुढ़ाना के सर्राफा बाजार में स्थित संजीव ज्वैलर्स का अपने कर कमलों द्वारा सैंकड़ों गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में फीता काटकर उद्घाटन किया और इसके लिए संजीव ज्वैलर्स के आनर और स्वर्णकार समाज बुढ़ाना के अध्यक्ष संजीव कुमार वर्मा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यहां पर पूजा पाठ हवन भी किया गया। इस अवसर पर संजीव वर्मा ने कहा कि हमारी परंपरा रही है कि क्वालिटी में किसी भी प्रकार का समझोता नहीं यह बरकरार रहेगी। इस दौरान संजीव वर्मा ने दोनों मुख्य अतिथियों राजपाल सिंह बालियान और सुबोध त्यागी को एक एक गोल्ड प्लेटिनम देकर सम्मानित भी किया। इस दौरान यहां पर मुख्य रुप से अनिल वर्मा, गौरव वर्मा, सोनू वर्मा, बिट्टू वर्मा, रजनीश शर्मा, लक्की गर्ग, रणधीर सैनी, मगन वर्मा, काका जैन, रवि वर्मा, मनोज वर्मा, ललित वर्मा, बाबा मोहन गिरी और गोपाल वर्मा आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### टोल प्लाजा पर पांचवे दिन भी जारी रहा धरना

**छपार।** छपार टोल प्लाजा पर निकाले गए कर्मचारियों का धरना पांचवें दिन भी जारी है। धरने पर पहुंचे हिंदू संघर्ष समिति के संयोजक। नरेंद्र पंवार ने अपना समर्थन दिया ओर कहा कि जिले के नेता अनर्गल बयानबाज़ी न करें और धरने पर बैठे कर्मचारियों को समर्थन दे मामला सुलझाने का काम करें। टोल प्लाजा से हटाये गये स्थानीय कर्मचारियों का धरना पांचवें दिन भी जारी रहा रहा धरने पर पहुंचे हिंदू संघर्ष समिति के संयोजक ने कहा कि जिम्मेदार लोग खाप के अध्यक्ष भी ऐसे बयान देकर जातिवाद का जहर न घोलने के बजाय मामला सुलझाने का कार्य करें। क्षेत्रीय विधायक व केबिनेट मंत्री ओर सांसद भी धरना स्थल पर नहीं पहुंचे बड़ी शर्म की बात है उन्होंने जिलाधिकारी व एसएसपी से कहा कि उन्हें धरने पर जाकर पीड़ितों की सुने और मामला सुलझाये। अंतर्राष्ट्रीय विश्व हिन्दू बजरंग दल के जिलाध्यक्ष देशराज चौहान ने धरने को पूरा समर्थन दिया। ओर राजनीति करने वालों को नसीहत दी। प्रशासन से कहा कि मृतक उपप्रबंधक के बच्चों की आर्थिक सहायता करें। सुनील मांडला,शुभम त्यागी, सुभाष गौतम जिलाध्यक्ष राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ के जिलाध्यक्ष,अंकुर राणा, भाकियू के मुसर्रफ त्यागी, शहजाद त्यागी, अरविंद लम्बदार आदि लोग धरने पर मौजूद रहे।

### गुरुकुल रतनपुरी में पंचम नवरात्रि पर मां स्कंदमाता की हुई आराधना

**खतौली।** गुरुकुल रतनपुरी परिसर में पंचम नवरात्रि के अवसर पर मां स्कंदमाता के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रीराम जानकी सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित पंच कुण्डीय महायज्ञ में भक्तों ने आहुति देकर पुण्य अर्जित किया। शुक्रवार को मुख्य यजमान रहे सहज पब्लिक स्कूल से सुधीर राणा, मंसूरपुर से हर्षित त्यागी, खतौली से आशीष देशवाल, इंचौड़ा से सुधीर ठाकुर, समौली से सतपाल, रतनपुरी से रवि ठाकुर, तरसपाल चेयरमैन रतनपुरी तथा राजेंद्र मित्तल भनवाड़ा। समिति के अध्यक्ष एवं संरक्षक आचार्य अनिरुद्ध शर्मा और यज्ञाचार्य श्रद्धेय श्री अत्रि जी महाराज ने बताया कि पंचम नवरात्रि में मां स्कंदमाता की पूजा का विशेष महत्व है। मां स्कंदमाता देवी दुर्गा का पांचवां स्वरूप हैं। उन्हें भगवान स्कंद की माता के रूप में जाना जाता है। उनकी आराधना करने से संतान से संबंधित सभी बाधाओं का नाश होता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदीप शर्मा ए बीसी, सुमित शर्मा, प्रशांत पंडित, बिनारशी भगत, राहुल पंडित, हरेन्द्र एडवोकेट, विशाल सोम, सोनू सोम, प्रदीप राणा किताश, श्याम सोम, दीपक शास्त्री, आचार्य विनीत, विशाल भारद्वाज, संकित शर्मा, गौरव, अमन, विपिन, प्रवेश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण भक्तजन उपस्थित रहे।

# शिवसेना ने सौंपी जिम्मेदारी, विशाल नायक बने विद्यार्थी सेना के जिला अध्यक्ष

**मुज़फ्फरनगर।** प्रकाश चौक स्थित शिवसेना कार्यालय पर शुक्रवार को आयोजित बैठक में विशाल नायक को विद्यार्थी सेना शिवसेना छात्र सभा का जिला अध्यक्ष घोषित किया गया। बैठक की अध्यक्षता निवर्तमान प्रदेश उप प्रमुख प्रमोद अग्रवाल ने की, जबकि संचालन शरद कपूर ने किया। घोषणा के बाद जिला अध्यक्ष बिट्टू सिखेड़ा ने विशाल नायक को पटका पहनाकर सदस्यता दिलाई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि संगठन युवाओं की ऊर्जा और मेहनत से ही मज़बूत होता है। विद्यार्थी सेना के नए जिला अध्यक्ष को युवाओं को जोड़ने और हिंदुत्व की विचारधारा को आगे बढ़ाने की अहम जिम्मेदारी मिली है। वहीं, नव-घोषित जिला अध्यक्ष



विशाल नायक ने कहा कि वे शिवसेना की नीति और सिद्धांतों पर चलकर संगठन को नई दिशा देंगे। उन्होंने कहा, हमें हिंदुत्व की आवाज़ बुलंद करने और युवाओं को संगठन से जोड़ने के लिए शिवसेना में आया हूँ। पूरी निष्ठा और ईमानदारी से संगठन को मज़बूत करने का कार्य करूंगा। बैठक में संजीव वर्मा, सूरज शेटी, लोकेश लोढ़ा, शैलेंद्र विश्वकर्मा, संजय गुप्ता, कार्तिक, भुवन मिश्रा, उज्जवल सिंह, अरुण, शुभम, भारत, प्रशांत, सिकंदर, शुभम समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## केसरी कोचिंग ने करवाई क्विज प्रतियोगिता

**बुढ़ाना।** केसरी कोचिंग ने आज शुक्रवार के दिन बुढ़ाना कस्बे में एक क्विज़ प्रतियोगिता का सफल आयोजन करवाया।

मिली जानकारी के अनुसार केसरी कोचिंग बुढ़ाना द्वारा आज छात्रों के लिए क्विज़ प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमे नगर के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बच्चों का जोश देखने लायक रहा। अभिभावकों ने भी सक्रिय भागीदारी कर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर यहां मुख्य रूप से अमित कुमार, माखर सिंह, विशाल कुमार, मुस्कान और खुशनुमा सहित अन्य कई विद्यार्थियों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों के लिए फी काउंसलिंग सेशन भी आयोजित किया गया जिसकी सभी ने सराहाना की। यहां पर केसरी कोचिंग के संस्थापक गभ्रू सिंह और शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी को शुभकामनाएं दी।

# रस्तौगी महासभा संयुक्त वैश्य अग्रवाल के साथ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अखिल भारतीय रस्तोगी महासभा के अध्यक्ष अशोक रस्तोगी महामंत्री राकेश रस्तोगी व कोषाध्यक्ष विनीत रस्तोगी ने अपनी पूरी महासभा को संयुक्त वैश्य अग्रवाल महासभा मे अपनी सहमति जताते हुए अपनी आस्था जताई संयुक्त वैश्य अग्रवाल महासभा के पदाधिकारीयों ने रस्तोगी महासभा के पदाधिकारीयों को पटके पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया इस अवसर पर संजय मित्तल, दिनेश बंसल, पूर्व विधायक अशोक कंसल, सुनील सिंघल, प्रमोद मित्तल अनिल तायल श्रवण अग्रवाल शिवकुमार अमित बंटी विपिन गोयल आलोक अग्रवाल अखिलेश जिंदल आदि उपस्थित रहे।

# पुरकाजी क्षेत्र को नहीं मिल सका विकास : पूजा अंबेडकर

**मुजफ्फरनगर।** भाजपा सरकार में बढ़ते भ्रष्टाचार व विकास से अछूते रह गए पुरकाजी विधानसभा क्षेत्र के लोगों को निराशा का सामना करना पड़ रहा है।



क्षेत्र के सुनियोजित विकास व पीडीए के अधिकारों को सुरक्षित रखने के लिए समा. जवादी पार्टी की सरकार की जरूरत है। यह विचार समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी राष्ट्रीय सचिव पूजा अनिल अंबेडकर ने ग्राम सुंदर नगर रामपुर तिराहे पर आयोजित पीडीए चर्चा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहे। सपा नेत्री पूजा अनिल अंबेडकर ने कहा कि भाजपा सरकार में पीडीए समाज को हर क्षेत्र में भेदभाव भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ रहा है। पीडीए को सम्मान व अधिकार की विचारधारा केवल समाजवादी पार्टी रखती है। उन्होंने 2027 विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का आह्वान किया।

# नई मंडी रामलीला में हुआ सीता स्वयंवर का भव्य मंचन

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी क्षेत्र में आज श्रीराम की भव्य बारात को देखने के लिए आस-पास के गांव से भी सैकड़ो लोग आये हुए थे। श्री रामल. ीला भवन नई मंडी में 99वें श्री रामल. ीला महोत्सव के पांचवें दिन सीता स्वयंवर का अलौकिक मंचन किया गया श्री रामलीला मंचन का शुभारंभ प्रवीण गोयल सपत्नी स्वास्तिक रबर, रविंद्र सिंघल स्वास्तिक पेस्टिसाइड तथा परिवार सहित रामलीला देखने पहुंचे पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत द्वारा किया गया अतिथियों का स्वागत कमेटी के अध्यक्ष संजय मित्तल, मंत्री अशोक गर्ग व कोषाध्यक्ष आदित्य भरतिया ने अपनी पूरी कमेटी के साथ स्मृति चिन्ह देकर किया तत्पश्चात मथुरा से आई गिरिराज लीला संस्थान कलाकारों द्वारा भव्य मंचन किया गया जिसमें राजा जनक ने सीता स्वयंवर के लिए धनुष यज्ञ दरबार लगाया जिसमें देश देशांतर से राजा महाराजा आए लेकिन कोई भी राजा भगवान शिव के धनुष का भंजन नहीं कर पाया यह देखकर राजा जनक बहुत दुखी हुए तथा दुखी मन से बोले यह धरती वीरों से खाली है यह सुनकर लक्ष्मण जी को क्रोध आ गया और प्रभु श्री राम से बोले कि अगर आपने इस धनुष का भंजन नहीं किया तो मैं आज के बाद धनुष बाण नहीं उठाऊंगा यह सुनकर गुरु विश्वामित्र ने प्रभु श्री राम को भगवान शिव के धनुष का भंजन करने के लिए कहा। धनुष का भंजन होते ही पूरे पंडाल में जय श्री राम के जय घोष गूंजने लगे उसके बाद माता जानकी वरमाला प्रभु श्री राम के गले में डालने लगी तो प्रभु श्री राम वरमाला के लिए नहीं झुके तभी जानकी ने लक्ष्मण जी को इशारा किया तो लक्ष्मण जी प्रभु



श्री राम के चरणों में लेट गए प्रभु श्री राम ने जैसे ही लक्ष्मण जी को नीचे झुक कर उठाया तभी माता जानकी ने प्रभु श्री राम के गले में माला पहना दी। यह सुंदर दृश्य देख चारों ओर से जय जय कार के साथ पुष्प वर्षा होने लगी तत्पश्चात परशुराम जी व लक्ष्मण जी के संवाद की लीला का भव्य मंचन किया गया इस अवसर पर कैलाश चंद ज्ञानी, बृज गोपाल छारिया, राजीव अग्रवाल, अशोक कुमार ठेकेदार, उपेंद्र मित्तल, विदित गुप्ता, संजय जिंदल काका, विनोद संगल, अभिषेक कुच्छल, विवेक बंसल, डॉ प्रदीप जैन, शरद गोयल, विनय अग्रवाल, राजेश गोयल आदि उपस्थित रहे

# रोटरी क्लब ने बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री का ट्रक किया रवाना

**मुजफ्फरनगर।** पंजाब, हिमांचल, जम्मू कश्मीर के इलाको मे जो बाढ़ग्रस्त छेत्र है, उनमे रोटरी के डिस्ट्रिक्ट 3100 की सभी क्लबो ने मिलकर वहा पर सहायता करने का निर्णय लिया । वहा पर जालंधर मे रोटरी 3070 ने एक हब बनाया हुआ है। जिसमे सारी राहत सामग्री जमा हो रही है। इसको अवश्यकतानुसार डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोहित ओबेरॉय क्पेजज. 3070 के द्वारा डिस्ट्रीब्यूट किया जा रहा है। इसी क्रम मे आज 26 सितम्बर 2025 को एक ट्रक मुज़फ्फरनगर रोटरी भवन से डिस्ट्रिक्ट की सभी क्लबों के सहयोग से रवाना किया जा रहा है। इस ट्रक को हमारे मुख्य अतिथि क्पेजज. 3100 के क्ळ ब। नितिन कुमार अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि डॉ ब्रज भूषण व सभी रोट्र सुनील अग्रवाल, रोट्रअनिल भोला, रोट्र गुरजीत सिंह, डा. गौरव कुमार रिलीफ कोर्डिनैटर व सभी रोटरी क्लब के मेम्बर्स ने झंडी दिखाकर जालंधर के लिय रवाना किया।रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3100 ने 500 परिवारों को गोद लेने का निर्णय लिया था, जिसके क्रम मे एक ट्रक खुर्जा से 17 सितम्बर को रवाना कर दिया गया । दूसरा ट्रक 26 सितम्बर को मुज़फ्फरनगर से रवाना किया जा रहा है। इस ट्रक मे राहत सामंग्री बर्तन, कम्बल, बाल्टी, मग, जैकेट, तकिया व अन्य घरेलु सामान द्य इस ट्रक के माध्यम से जालंधर भिजवाया जा रहा है। मुख्य अतिथि व विशिस्ट अतिथि ने अपने संबोधन मे सभी रोटरी क्लब द्वारा किए गए कार्य की सराहना की और उन्हें उत्तराखंड मे आई बाढ़ के लिए भी कार्य करने के लिए प्रेरित किया। सभी सुनील अग्रवाल, अनिल भोला, रगुरजीत सिंह, डॉ. गौरव कुमार रिलीफ कोर्डिनेटर ने डिस्ट्रिक्ट के सभी क्लबों का इस पुनीत कार्य मे योगदान देने के लिए धन्यवाद् किया। और आगे सामाज के विभिन्न कार्य मे बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे रीजनल कोर्डिनेटर अनिल सोबती असिस्टेंट गवर्नर रविंदर सिंह, ब। अंकित मित्तल, प्रशांत जैन, नियम शर्मा, अलित्त कुमार, व सभी क्लबों के प्रेसिडेंट सेक्रेटरी व सीनियर रोटरीयन का योगदान रहा।

## कोचिंग के लिए निकली किशोरी दो घंटे में बरामद

**खतौली।** गुरुवार शाम खतौली नगर की दुर्गापुरी कॉलोनी निवासी रुबी पत्नी विनीत कुमार ने थाना पुलिस को सूचना दी कि उनकी पुत्री खुशी उर्फ महक द्ध25 सितंबर दोपहर करीब 3रू30 बजेऋ कोचिंग के लिए घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी।सूचना पर सीओ रामआशीष यादव खतौली व कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद्र बघेल के निर्देशन में उपनिरीक्षक तेजवीर सिंह के नेतृत्व में म0उ0नि0 खुशबू कुमारी, है0का0 धीरेन्द्र कुमार, है0का0 धनेश कुमार, का0 अजीत कुमार व म0का0 कोमल की टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए खोजबीन शुरू की और महज दो घंटे के भीतर खुशी को सुरक्षित बरामद कर लिया। बरामदगी के बाद पुलिस ने खुशी को उसकी मां रुबी के सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने पुलिस टीम का आभार जताया

## मोबाइल लूट मामले में दो शातिर गिरफ्तार

**खतौली।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा के दिशा-निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी और कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में चलाए जा रहे अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के तहत पुलिस टीम ने दो शातिर लुटेरों को दबोच लिया। पुलिस ने इनके कब्जे से लूटा गया मोबाइल, बाइक और अवैध असलहा बरामद किया है।

पुलिस ने जानकारी देते हुय बताया कि 25 सितंबर को चेकिंग अभियान के दौरान फुल्त रोड पर पीर के समीप शिव राम आशीष यादव कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल के नेतृत्व में उ0नि0 नन्दकिशोर शर्मा, उ0नि0 खुशबू कुमारी, है0का0 मनीष कुमार (सर्विलांस सेल), का0 अर्जुन कुमार, विकास कुमार,म0का0 कोमल द्वारा अभियुक्त आरजु पुत्र अमित कुमार निवासी ग्राम चित्तौड़ा थाना जानसठ एवं निगम कश्यप पुत्र सोनू कुमार निवासी ग्राम अन्तवाडा थाना खतौली को गिरफ्तार किया गया।

# चचा चित्तो की स्मृति में चित्रकला प्रदर्शनी आयोजित

**मुजफ्फरनगर।** कलांगन संस्था द्वारा सनातन धर्म इंटर कॉलेज मुजफ्फरनगर में आयोजित माननीय चितरंजन स्वरूप जी के जन्म दिवस के अवसर पर अंतर्राजीय चित्रकला प्रदर्शनी के आयोजन में आज तीसरे दिन दर्शकों की जहां अपार भीड़ रही वहीं लाईव पोट्रेट की प्रसिद्ध कलाकार सीमा त्यागी ने माननीय प्रधानाचार्य आदित्य प्रकाश सक्सेना एवं उप प्रधानाचार्य अनिल मित्तल जी का 15, 15 मिनट में लाइव पोट्रेट बनाकर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया।

इस अवसर जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार श्रीवास ने सीमा त्यागी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उसे बहुत बहुत बधाई दी । साथ ही साथ प्रदर्शनी में लगी सभी कलाकृतियां को भी खूब सराहा। प्रदर्शनी के सफल आयोजन में अनिल मित्तल ,नरेन्द्र जयंत,दीपक गर्ग ,मनीष गर्ग आदित्य गोयल ,मनोज शर्मा, जयप्रकाश सिंह,वरुण कुमार, प्रेरणा



शर्मा, डॉ रितु चावला का विशेष योगदान रहा। कॉलेज के छात्रों में अलविया,रोहन सिंह, अंजली, पूजा सैनी , वंशिका भारद्वाज, धानी, अमन पाल, अनुष्का भाटिया,अलीना खान ,रितिका भाटिया , अरिहंत कासवाल, अंश कश्यप, अभिषेक सैनी,वंश कश्यप, ने प्रदर्शनी के सफल आयोजन में अपना योगदान दिया। प्रदर्शनी संयोजक डॉ राजबल सैनी ने बताया कि यह प्रदर्शनी दर्शकों की देखते हुए 28 सितंबर 2025 तक प्रात: 8:00 बजे से लेकर रात्रि 8:00 बजे तक निरन्तर चलती रहेगी।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# जनपदभर में मिशन शक्ति के तहत हुए विभिन्न कार्यक्रम

### छात्राओं को महिला सशक्त कानूनों के प्रति किया जागरूक

### डीएम-एसपी ने किया कैराना में केंद्र का निरीक्षण

### छात्राएं बनीं एक दिन की अधिकारी


शामली ग्राम सोंटा


शामली ग्राम खेड़ा कुरतान


ऊन


कांधला


शामली महिला थाना


झिंझाना


शामली सरस्वती बालिका विद्या मंदिर


कैराना


कैराना


ऊन


कांधला

**'शाह टाइम्स टीम'**

**शामली।** जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान के निर्देशन में जिला प्रोबेशन अधिकारी मो. मुस्फेकीन, द्वारा मिशन शक्ति के विशेष अभियान फेस 5 के अन्तर्गत ब्लॉक शामली के अन्तर्गत ग्राम सोन्टा में महिला कल्याण विभाग की टीम द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान द्वारा की गई जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बच्चों की योजनाओ में आवेदको से आवेदन भी कराए गए महिला एवं बच्चों की योजनाओं एवं कानूनों का व्यापक प्रचार प्रसार किया गया पोस्टर एवं पम्पलेट भी बाटे गए महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित विभिन्न हेल्प लाईन नद्व 1090, 112, 181, 1098, 102, 108, 1930 की महत्ता बताई गई हब फॉर इन पावरमेंन्ट वूमैन से कुलदीप शर्मा व सागर वर्मा द्वारा महिलाओं एवं बच्चो से सम्बन्धित विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, व वन स्टॉप सेन्टर में दी जाने वाली सुविधाए जिसमें रहने खाने की समस्त सुविधाए उपलब्ध हैं। ओर जरूरतमंद महिलाओं हेतु 10 दिन का अल्पावास भी उपलब्ध हैं। चाइल्ड हेल्पलाईन के माध्यम से कोई भी पीडित व शोषित बच्चे की सहायता की जाती है। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागीयो को बेटी बचाओं बेटी पढाओं महिला सम्मान बाल विवाह निषेध बाल श्रम निषेद के लिए जागरूक किया गया बेटी बचाओं बेटी पढाओं अभियान शिशु लिंगानुपात व विध्यमान असमानता को दूर करने के लिए चलाया जा रहा हैं अभियान के प्रायासों से राष्ट्रीय पारिवारिक स्वास्थ्य सर्वे के अनुसार जनपद का जन्म व शिशु लिंगानुपात 1029 हो गया है मिशन शक्ति अभियान नारी सुरक्षा नारी सम्मान एवं नारी स्वावलबन के लिए संचा. लित है। जनपद के सभी विभागों द्वारा कार्ययोजना बनाकर जनपद में कार्यक्रम कराए जा रहे हैं।

**शामली।** ग्राम खेडा कुरतान में महिला कल्याण विभाग की टीम द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान द्वारा की गई जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बच्चों की योजनाओं में आवेदकों से आवेदन भी कराए गए महिला एवं बच्चों की योजनाओं एवं कानूनों का व्यापक प्रचार प्रसार किया गया पोस्टर एवं पम्पलेट भी बांटे गए। चाइल्ड हेल्पलाईन के माध्यम से कोई भी पीडित व शोषित बच्चे की सहायता की जाती है। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागीयों को बेटी बचाओं बेटी पढाओ महिला सम्मान बाल विवाह निषेध बाल श्रम निषेद के लिए जागरूक किया गया बेटी बचाओं बेटी पढाओं अभियान शिशु लिंगानुपात व विध्यमान असमानता को दूर करने के लिए चलाया जा रहा हैं अभियान के प्रायासों से राष्ट्रीय पारिवारिक स्वास्थ्य सर्वे के अनुसार जनपद का जन्म व शिशु लिंगानुपात 1029 हो गया है मिशन शक्ति अभियान नारी सुरक्षा नारी सम्मान एवं नारी स्वावलबन के लिए संचा. लित है। जिसके अन्तर्गत जनपद के सभी विभागों द्वारा कार्ययोजना बनाकर जनपद में कार्यक्रम कराए जा रहे हैं।

**ऊन** तहसील के सभाकार में राष्ट्रीय पोषण माह 2025 एवं मिशन शक्ति 5.0के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे राज्य महिला आयोग सदस्य डॉ हिमानी अग्रवाल ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा किए जा रहे कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इससे महिलाएं आत्मनिर्भर होकर सशक्त हो बन रही है उन्होंने महिला शिक्षा पर विशेष बल दिया। तहसील सभागार म राष्ट्रीय पोषण माह एवं मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉक्टर हिमानी अग्रवाल ने की उन्होंने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन करने में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भूमिका की सराहना की तथा महिलाओं को शिक्षित करने पर जोर दिया महिलाएं शिक्षित होकर परिवार को शिक्षित कर बच्चों व परिवार के स्वास्थ्य का भी ध्यान रखेंगे तथा समाज में अच्छे नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है उन्होंने कहा सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु नौकरी व राजनीति में भागीदारी सुनिश्चित कर रही है सरकार की योजनाओं से महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है इस अवसर पर तीन गर्भवती महिलाओ सोनिया निवासी ऊन ,ढिढाघ्ली निवासी हिमानी, पिंडोरा निवासी शालू महिलाओं की गोद भराई कराई तथा 6 माह के चार बच्चों को अल्प राशन वितरण किया। उन्होंने महिलाओं को नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दी। एसडीएम ऊन संदीप त्रिपाठी ने कहा महिलाओं को छोटे बच्चों को घर के आंगन में मिट्टी में खेलने से मना नहीं करना चाहिए मिट्टी से बच्चों को रेडिकल मिलते हैं। विश्व के सभी देश मानते है कि हमारे देश में महिलाओं का सम्मान होता है।महिलाए जागरूक होकर समाज को नई दिशा मे ले जा रही है।

महिला थाना प्रभारी मोनिका चौहान ने कहा इस पखवाड़े में राज्य महिला योजना आयोग सदस्य का आने पर धन्यवाद दिया। सरकार की ओर से मिलने वाली योजनाओं को बालिकाओं और महिलाओं घर-घर जाकर जागरूक किया जा रहा है। स्कूल में जाते समय छात्राए निडर होकर रहे। 1090 नंबर महत्वपूर्ण महिला सशक्तिकरण, 112, 108 आदि हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी। वहीं उन्होंने चुप्पी तोड़ो खुल के बोलो का नारा देकर महिला को जागरूक किया। वन स्टॉप प्रभारी गजाला त्यागी ने कहा ने गांव में नाबा. लिक बच्ची की शादियां, दहेज उत्पीड़न, बच्चे वह बुजुर्ग का शोषण हो रहा है तो हमें जानकारी दें। नाबा. लिक लड़की की शादी करने वाली महिलाओं का नाम गुप्त रखा जाएगा। वही कोई बच्चा भीख मांग रहा है स्कूल नहीं जा रहा है उसकी सूचना भी हमें दे सकते हो। इसके लिए आप महिला हेल्प नंबर 181 पर सूचना दें। कार्यक्रम का संचालन डीपीओ यामिनी रंजन ने किया बाद में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा निकली गई रैली को राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉक्टर हिमानी अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।कार्यक्रम मे सीडीपीओ ममता देवी,शिवानी चौधरी ,माया देवी,बीना,सुमन,बबीता, पुष्पा,संतोष आदि दर्जनो आंगनबाड़ी एवं सहायक कार्यकत्री मौजूद रहीं।

**शामली।** पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह के आदेशनुसार चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में महिला थाना पर थाना क्षेत्रान्तर्गत हिन्दु कन्या इण्टर कॉलेज की छात्रा शिवी पुत्री विपिन खातियान को एक दिन का थाना प्रभारी बनाया गया और कॉलेज की अन्य छात्राओं को पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली, महिला सुरक्षा उपायों, एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया तथा थाने के दैनिक कार्यों की जानकारी दी गई तथा साथ ही थाने पर उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान हेतु आशवस्त किया गया।

थाना प्रभारी महिला थाना मो. निका चौहान ने कहा कि मिशन शक्ति के माध्यम से हम बेटियों को सशक्त बनाना चाहते हैं। जब वे नेतृत्व की भूमिका में आती हैं, तो समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। कार्यक्रम के दौरान महिला कांस्टेबलों, स्थानीय शिक्षकों, छात्राओं एवं अभिभावकों की उपस्थिति भी रही। छात्रा द्वारा प्रस्तुत आत्मविश्वास और जिज्ञासा को देखकर उपस्थित सभी लोगों ने उसकी सराहना की।

**झिंझाना।** महिलाओं एवं बालि. काएं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत शुक्रवार को इंदिरा गांधी मेमोरियल इंटर कॉलेज सींगरा में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा-12 की छात्रा खुशी को विद्यालय का प्रधानाचार्या और अंजू रानी कक्षा-12 को उप प्रधानाचार्या नियुक्त कर उन्हें विद्यालय की समस्त जिम्मेदारियों के निर्वहन की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण के दौरान छात्राओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से अपने साथियों का उत्साहवर्धन किया।

विद्यालय प्रांगण में माहौल बेहद उत्साहपूर्ण और जोश से भरा रहा। मिशन शक्ति अभियान के तहत उपस्थित छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने, शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने और अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया। प्रधानाचार्य जयकरण अंसल ने कहा कि बालि. काएं समाज की रीढ़ हैं, उन्हें शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से सक्षम बनाना ही वास्तविक सशक्तिकरण है। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य विजय कुमार तथा सभी अध्यापकगण और छात्र-छात्राओं ने भी महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए मिलकर आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

**शामली।** सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में महिला थाना प्रभारी मोनिका चौहान व उनके साथियों ने मिशन शक्ति फेज 05 कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय की बालिकाओं का मार्गदर्शन किया। सर्वप्रथम प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात मोनिका चौहान ने बालिक. ाओं का मार्गदर्शन करते हुए वर्तमान समय में घटित घटनाओं से अवगत कराया और किसी के बहकावे में न आकर स्वयं की सुरक्षा के लिए महिला हेल्पलाइन पर कॉल करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने बालिकाओं को उनके द्वारा बताए गए मार्गदर्शन का अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया। संजीव कुमार, संदीप कुमार, कविता गुप्ता, अनीता, सुरभि, अमित कुमार, रवि कुमार, कपिल कुमार, गीता, उपा. सना, मोनिका, दिव्या, नीलम, मोहित कुमार, विकास कुमार आदि मौजूद रहे।

**कैराना।** जिलाधिकारी शामली अरविंद सिंह चौहान व पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह कोतवाली परिसर में स्थित मिशन शक्ति केंद्र के निरीक्षण को पहुंचे, जहां उन्होंने मौके पर मौजूद पीड़ित महिलाओं से उनकी समस्याओं को जाना और अधीनस्थ अधिकारियों को तुरंत निस्तारण के निर्देश दिए।इस दौरान जियालधिकारी अरविंद चौहान ने कहा कि मिशन शक्ति केंद्र का अवलोकन किया गया है, जहां महिला इंस्पेक्टर के साथ पूरे स्टाफ की तैनाती की गई है। पीड़ित महिलाओं से भी वार्ता की गई है, जिन्होंने पुलिस कार्रवाई पर संतोष जताते हुए सन्तोषजनक जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि जिला स्तर से लेकर ग्राम स्तर तक लगभाग 8 विभागों के अधिकारी चौपालों पर बैठ रहे हैं और आने वाली महिलाओं की समस्याओं का निदान किया जा रहा है। साथ ही उन्हें सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करते हुए बताया जा रहा है कि सरकार आपको सशक्त व स्वास्थ्य बनाने के लिए कार्य कर रही है। पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण कर प्रगति देखी गई है। कैराना में महिला संबंधी मामले अधिक आते हैं। कुछ पीड़ित महिलाएं घर से नही निकलती हैं, ऐसी महिलाओं को पुलिसकर्मी घर-घर जाकर व स्कूलों में चौपाल लगाकर संवाद स्थापित कर रहे हैं। ट्रिपल तलाक महिलाओं के पुनर्वास व काउंसलिंग की व्यवस्था कैसे हो रही है, इसकी जानकारी की गई है। उन्होंने कहा कि पूरा थाना, महिला शक्ति केंद्र, महिला रिपोर्टिंग चौकी को महिलाओं के सशक्तिकरण कार्य में लगाया गया है ,जो घर घर जाकर मुख्यमंत्री के संदेश को पहुंचा रहे हैं और सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने बताया कि मिशन शक्ति केंद्र महिलाओं के लिए मिनी थाना है। महिलाओं की रिपोर्टिंग, काउंसलिंग सब मिशन शक्ति केंद्र में ही कराई जाएगी। महिला पुलिसकर्मियों को फील्ड में रहने के निर्देश दिए गए हैं। ट्रिपल तलाक में भी अब रिमांड बनेगा और गिरफ्तारी के लिए न्यायालय से आग्रह किया गया है। इस दौरान सीओ कैराना श्याम सिंह व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री मौजूद रहे।

**कांधला।** नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांधला में स्वच्छ उत्सव थीम पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय ष्महात्मा गांधी की स्वच्छता विषयक दृष्टि, रखा गया। छात्राओं ने गांधीजी की स्वच्छता संबंधी दृष्टिकोण को निबंध के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा मुस्कान ने प्रथम स्थान, मानसी सैनी ने द्वितीय स्थान तथा महविश ने तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। विजेताओं को शिक्षकों व सहपाठियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया और उनका हौसला अफजाई कर उज्जवल भविष्य की कामना की गई।इसी क्रम में मिशन शक्ति कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ। सीमा सिंह ने छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों एवं महिला हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का सफल आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ। श्याम बाबू एवं महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ। सीमा सिंह के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसमें स्वयंसेविकाओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया और स्वच्छता व महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया गया।

**कांधला।** खंड विकास क्षेत्र के गांव गंगेरू के कंपोजिट विद्यालय में मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा आठ की छात्रा अरीबा हसन को एक दिन के लिए प्रधानाध्यापक बनाया गया। एक दिन की प्रधान अध्यापक के द्वारा विद्यालय की समस्त कक्षाओं का अवलोकन किया एवं विद्यालय में छात्र-छात्राओं को नियमित रूप से विद्यालय आने, कक्षा कक्ष में साफ सफाई, खाने से पहले हाथ धोने एवं मन लगाकर पढ़ाई करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने प्रधानाध्यापक कक्ष में बैठकर विद्यालय के समस्त अभिलेखों का अवलोकन किया, एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं को सरकार के द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन नीलम राणा सहायक अध्यापक द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं ने एक दिन के लिए बनी प्रधानाध्यापक द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करने के लिए अभिवादन के साथ आश्वस्त किया।

**कैराना।** शुक्रवार को कस्बे के विजय सिंह पथिक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मिशन शक्ति-5.0 के तहत बीए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा अजरा मिर्जा को एक दिन के लिए महाविद्यालय की सांकेतिक प्राचार्या बनाया गया। इस दौरान उन्होंने प्राध्यापकों को शिक्षण कार्य सम्बन्धी दिशा-निर्देश देते हुए छात्र-छात्राओं की समस्याओं को भी गम्भीरता से सुना। वहीं, कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से पहुंची डॉ. मीनाक्षी धीमान ने छात्राओं को स्वास्थ्य एवं पोषण के विषय में जानकारी प्रदान की।

उन्होंने छात्राओं को माहवारी के समय खान-पान एवं स्वच्छता के विषय में बरती जाने वाली सावधानियां के बारे में जागरूक किया। छात्राओं ने भी अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं महिला चिकित्सक से साझा की। परामर्श सत्र के पश्चात छात्राओं को सेनेटरी नेपकिन वितरित किए गए। इसके अलावा, स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के सदस्यों के रूप में डॉ. मीनाक्षी धीमान, कॉलेज के बॉटनी विभाग प्रभारी डॉ. राकेश कुमार तथा राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. उत्तम कुमार रहें।

रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान टीम संख्या-01 की मुस्कान, सानिया एवं असबा ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान टीम संख्या-03 की महक, मुस्कुरा एवं मुस्कान मलिक ने प्राप्त किया। जबकि तृतीय स्थान टीम संख्या-02 की अन्नू, आंचल एवं आरजू ने हासिल किया।

# जिला न्यायाधीश ने किया जिला कारागार का निरीक्षण





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला न्यायधीश शामली, जिलाधिकारी शामली व पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा जनपद मु.नगर स्थित जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर सम्बन्धित को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश।

जिला न्यायधीश शामली इंदर प्रीत सिंह जोश, जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान व पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह द्वारा जनपद मुजफ्फरनगर स्थित जिला कारागार में महिला व पुरूष जेल बैरिकों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से निरीक्षण करते हुए बंदियों के बैरिको में कोई संदिग्ध वस्तु प्राप्त नही हुई। इस के अतिरिक्त निरीक्षण के दौरान जेल में बंद महिला पुरूष कैदियों के लिए बने जिला कारागार के भोजनालय, चिकित्सा व्यवस्था हेतु अस्पताल, पुस्तकालय तथा कैदियों के रहने हेतु बने बैरकों की साफ-सफाई एवं रख-रखाव हेतु जिला कारागार के अधिकारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। महिला पुरूष बंदियों को स्वस्थ रहने हेतु योग करने तथा सजा पूर्ण कर चुके बंदियों की रिहाई पर उन्हें आगामी जीवन मे अच्छे आचरण व मृदु व्यवहार रखने की सलाह दी गई। इस निरीक्षण के दौरान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रतिभा, जेल अधीक्षक मु. नगर अभिषेक चौधरी व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# एसपी के आदेश पर पांच साल बाद फिर खुलेगी डबल मर्डर की फाइल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नेपाल बॉर्डर तक अज्ञात युवतियों के फोटोयुक्त पोस्टर चस्पा करने के बाद भी कैराना पुलिस डबल मर्डर मिस्ट्री का खुलासा करने की तो दूर की बात उनकी शिनाख्त तक नही कर पाई है।एसपी शामली द्वारा पांच साल बाद पुनः डबल मर्डर की फाइल को खोलने के निर्देश दिए गए हैं। विदित रहे कि गत 20 मई को कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव जगनपुर के जंगल से दो अज्ञात युवतियों के शव बरामद हुए थे।घटना के संबन्ध में ग्राम प्रहरी ने अज्ञात के विरूद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया। लाख को. शिशों के बाद भी शिनाख्त न हो पाने के कारण दोनों युवतियों को पुलिस ने कब्रिस्तान में दफन करवा दिया था। घटना के बाद मौके पर डॉग स्क्वायड, फोरेंसिंग विभाग की टीम ने पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किए थे और डीआईजी ने भी मौके पर पहुंचकर गहनता के साथ घटनास्थल का निरीक्षण कर पुलिस को जल्द घटना का खुलासा करने के निर्देश दिए थे,जिसके बाद पुलिस हरकत में आ गई थी।पुलिस ने दोनों युवतियों की शिनाख्त कराने के लिए आसपास के जनपदों सहित हरियाणा राज्य में बस स्टेण्ड,रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर फोटोयुक्त पोस्टर चस्पा किए थे। छह जून वर्ष 2020 को मेरठ जोन से विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम ने आर्यपुरी देहात बंजारा बस्ती में दो मकानों से खून सरीखे धब्बों सहित अन्य चीजों के सैंपल लिए थे, जिन्हें दोनों युवतियों के डीएनए से मिलान लिए भेजा गया था।मेरठ से आई विधि विज्ञान की टीम ने भी मौके से लगभग 3 दर्जन नमूने लिए थे और जांच कार्रवाई डीएनए रिपोर्ट पर आकर रुक गई थी। इस दौरान मकान मालिक भी भूमिगत हो गया था और मकान पर ताला लटका मिला था। आज कैराना कोतवाली में डीएम -एसपी मिशन शक्ति केंद्र के निरीक्षण पर पहुंचे थे मीडियाकर्मियों ने डबल मर्डर के बारे में सवाल कर डाला,जिसके बाद पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह ने तुरंत कैराना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को डबल मर्डर से संबंधित फाइल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। अब देखना यह होगा कि पांच साल बाद डबल मर्डर की दुबारा फाइल खुलने के बाद क्या कैराना पुलिस डबल मर्डर मिस्ट्री को सुलझा पाएगी।

## ठेकेदारों ने संपूर्ण भुगतान न होने तक धरना प्रदर्शन किया

**शामली।** शहर के करनाल रोड स्थित लक्ष्मी सिविल इंजीनियर एंड सर्विसेज के कार्यालय पर ठेकेदारों का लगातार चौथे दिन भी शुक्रवार को धरना प्रदर्शन जारी रहा। धरने को संबोधित करते हुए ठेकेदारों ने कहा कि उन्होने अपना कार्य पूर्ण कर दिया है, लेकिन अब कंपनी उनका करोडों रूपये का भुगतान नही कर रही है। कंपनी के अधिकारी कई बार झूठे आश्वासन दे चुके है, लेकिन अब वह बहकावे में नही आएगे और सम्पूर्ण भुगतान होने तक धरने प्रदर्शन जारी रखेगे। धरने पर कोई अधिकारी नही पहुंचा, जिस कारण कोई वार्ता नही हो सकी। इस अवसर पर ठेकेदार राहुल कुमार, निखिल कुमार, अमृतपाल आदि मौजूद रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** महिला सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति के तहत पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर अभियोग दर्ज कर जेल भेज दिया है।थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग पीड़िता के परिजनों ने विगत गुरूवार को थाने पर तहरीर देकर गांव के युवक पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की थी।पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी।महिलाओं एवं बच्चियों के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक शामली एन।पी। सिंह के आदेशानुसार जिलेभर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को पुलिस ने इसी क्रम में दुष्कर्म के आरोपी शारुख पुत्र अलीशान निवासी ग्राम खन्द्रावली को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए दुष्कर्म आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया।



## नहाते समय वीडियो बनाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** झिंझाना क्षेत्र के ग्राम ओदरी फतेहपुर निवासी एक विवाहिता ने एसपी शामली को शिकायती पत्र देकर पड़ोसी युवक पर नहाते समय वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने और जबरन दुष्कर्म करने का गंभीर आरोप लगाया है।

विवाहिता का आरोप है कि ग्राम निवासी साजिद उसकी छुपकर नहाते हुए वीडियो बना चुका है। इसी वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर वह करीब एक वर्ष से लगातार उसे ब्लैकमेल करता रहा और नाजायज दबाव बनाकर शारीरिक शोषण करता रहा। विरोध करने पर उसने जान से मारने और परिवार को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी, जिसके डर से विवाहिता चुप रही। विवाहिता ने आरोप लगाया कि 13 अगस्त 2025 की रात करीब 2 बजे साजिद उसके घर में घुस आया और गलत काम करने की नियत से अश्लील हरकतें करने लगा।

जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म का प्रयास किया। शोर मचाने पर विवाहिता का पति और ससुर जाग गए, जिन्होंने उसे छुड़ाया। इसी दौरान आरोपी के परिजन नौशाद, साद, आशु और तालीम भी लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से लैस होकर घर में घुस आए और विवाहिता व उसके परिवार के साथ जमकर मारपीट की। घटना में विवाहिता, उसके पति और ससुर को गंभीर चोटें आईं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों का मेडिकल सीएचसी झिंझाना में कराया। पीड़िता का कहना है कि उसने घटना के संबंध में थाना झिंझाना पर तहरीर दी थी, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# बकरी हटाने को लेकर हुई मारपीट में चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव किवाना में गली में खंबे से बंधी बकरी को हटाने को लेकर दो भाईयों ने अपनी पत्नियों के साथ मिलकर वृद्ध महिला ओर उसकी दो बहुओं को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित महिला के पुत्र ने आरोपियो के विरुद्ध थाने में तहरीर देकर कारवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के गांव किवाना निवासी वृद्ध महिला बाला देवी ने बताया की वह अपने घर से जंगल में चारा लेने के लिए गई थी। महिला सर पर चारे की गठरी लेकर अपने घर आ रही थी। आरोप है कि गांव में मोहल्ले के लोगों ने अपनी बकरी खंबे से बांध रखी थी। आरोप है कि गली से निकलने में परेशानी हो रही थी, तो महिला ने बकरी को धकेलते हुए रास्ते से हटा दिया। आरोप है कि इस दौरान महिला रुबिना ओर अशिमन ने बकरी हटाने का विरोध करते हुए वृद्ध महिला के साथ गाली-गलौच शुरू कर दी। शोर-शराबा होने पर आरोपी महिला के पति नौशाद ओर शहजाद पुत्र मांगा शैख भी मौके पर आ गए। आरोप है कि आरोपियों ने वृद्ध महिला को जाति सूचक शब्द कहने लगे। पीड़ित महिला के विरोध करने पर आरोपियो ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर पीड़ित महिला की बहूं शिवानी ओर मधू भी आ गई। आरोप है किउनके साथ भी मारपीट की। मारपीट में पीड़ित सास-बहू घायल हो गए। पीड़ितों ने मामले की सूचना डायल 112 पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायल वृद्ध महिला बाला को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित महिला के पुत्र राहुल ने उक्त आरोपियों के विरुद्द थाने में तहरीर देकर कारवाई किए जाने की मांग की। थाना प्रभारी सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ितों की तहरीर पर अभियोग दर्ज कर लिया गया जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### स्वच्छता ही सेवा के तहत चलाया सफाई अभियान



**थानाभवन।** शासन द्वारा निर्गत आदेशों के अनुपालन में अधिशासी अधिकारी जितेन्द्र राणा और अध्यक्ष मुशयदा के निर्देशन में स्वच्छता ही सेवा 2025 के तहत 156 घंटे महा सफाई अभियान लगातार जारी है।अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को वार्ड संख्या 03 स्थित पंचतिर्थी मंदिर परिसर में महा सफाई अभियान चलाया गया। मंदिर परिसर की पूरी तरह सफाई कराई गई और इसे पोलोथिन मुक्त बनाने के उद्देश्य से आकर्षक रंगोली बनाकर परिसर को सुशोभित किया गया। साथ ही मंदिर समिति के सदस्यों से संवाद स्थापित कर परिसर को पूर्णत: पोलोथिन मुक्त करने का संकल्प लिया गया। इसके अतिरिक्त नगर में स्थित चरथावल बस स्टैंड पर भी महा सफाई अभियान चलाकर सफाई कराई गई।नगर पंचायत ने अपील की है कि सभी नागरिक अपने शहर एवं देश को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लिए पोलोथिन एवं गंदगी से मुक्त करने में सहयोग करें।

### सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर के लिए ऊन भर्ती शिविर में चयनित हुए 15 अभ्यर्थी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी के निर्देशानुसार जनपद के समस्त खण्ड विकास कार्यालय में आयोजित किए जा रहे दो दिवसीय रोजगार मेलें की श्रंखला में ऊन ब्लॉक में प्रथम दिन 15 अभ्यर्थी चयनित किए गए। एस आई एस, दिल्ली द्वारा 27 सितंबर को खण्ड विकास कार्यालय, ऊन के ब्लॉक परिसर एवं 3 व 4 अक्टूबर को शामली ब्लॉक में रोजगार मेला शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि एस आई एस दिल्ली कम्पनी द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के 500 पदों के लिए साक्षात्कार किया जाएगा। 19-40 वर्ष की आयु, 168 सेमी ऊंचाई, 56-90 किलो भार वर्ग एवं हाईस्कूल पास ध्फेल, इण्टर योग्यता के अभ्यर्थी सिक्योरिटी गार्ड पद हेतु बायोडाटा, आधार कार्ड लेकर आएं। समय 10 बजे से 4 बजे तक रहेगा। चयनित अभ्यर्थी को रु 350- देने होंगे। रोजगार मेलें में किसी भी ब्लॉक के अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं।

### उत्कृष्ट कार्य करने पर पदाधिकारी सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित उन्नति प्रेरणा महिला संकुल स्तरीय संघ ढिंढाली विकासखंड ऊन का वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया जिसमें गत वर्ष की सेवाओं व प्रगति का मूल्यांकन किया गया इस अवसर पर नए पदाधिकारी का चयन किया गया तथा उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित उन्नति प्रेरणा महिला संकुल स्तरीय संघ ढिंढाली का वार्षिक अधिवेशन खंड विकास अधिकारी नाथूराम की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें गत वर्ष की सेवाओं व प्रगति का मूल्यांकन किया गया समूह द्वारा गत वर्ष 1678430 की आय तथा 520920 का व्यय किया गया क्लस्टर में लक्ष्य 300 के सापेक्ष 296 समूह का गठन किया गया तथा आगामी वर्ष के लिए लक्ष्य निर्धारित किया क्लस्टर के पदाधिकारी में बदलाव करते हुए अध्यक्ष पद पर सरिता, उपाध्यक्ष पद पर माला देवी, सचिव के पद पर रजनी, उपसचिव रीना, कोषाध्यक्ष संगीता देवी को मनानीत किया गया ।कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए समूह सखियां, आजीवीका सखियां ,बैंक सखिया व बैंक मैनेजर को प्रशस्ति पत्र व शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी राजीव कुमार, ग्राम विकास अधिकारी प्रमोद शर्मा ,ब्लॉक मिशन प्रबंधक कविता रानी ,सुषमा जायसवाल ,अवनीश कुमार, डाटा एंट्री ऑपरेटर फरीद खान शामिल रहे।

### पीएम मोदी की चित्र प्रदर्शनी का किया भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा पर्व के रूप में मनाए जाने के तहत उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का शुक्रवार को स्कूली छात्राओं को भ्रमण कराया गया। जैन कन्या इंटर कॉलेज और हिंदू कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इसमें प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल के दौरान किए गए विकास कार्यों को विस्तार से दर्शाया गया था। छात्राओं ने अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण, वोकल फॉर लोकल के अंतर्गत स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा, इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास, युवाओं और महिलाओं के उत्थान के लिए चलाई गई योजनाएं, कन्याकुमारी से नगर तक की 14 हजार किलोमीटर लंबी एकता यात्रा, तथा किसानों के सम्मान और अन्नदाता राष्ट्र निर्माता अभियान जैसे कार्यों की जानकारी प्रदर्शनी में प्राप्त की।

### जुमे की नमाज के मद्देनजर अलर्ट रहा पुलिस फोर्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नवरात्रि के त्योहारों के चलते कैराना में पुलिस-प्रशासन अतिरिक्त सतर्कता बरत रहा है। शुक्रवार को जुमे की नमाज के मद्देनजर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री ने पुलिस व पीएसी बल के साथ में कस्बे में पैदल मार्च किया। उन्होंने लोगो से किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देकर आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। इस दौरान कस्बे में स्थित जामा मस्जिद समेत विभिन्न स्थानों पर पुलिसबल तैनात रहा। आसपास की गतिविधियों पर भी कड़ी नजर रखी गई। पुलिस-प्रशासन की सजगता के चलते जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि कस्बे व क्षेत्र में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई है।

# युवक को कनपटी पर तमंचा रख दी धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** कस्बे में शुक्रवार को एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसमें मोहल्ला छिपियांन निवासी मोनू सैनी पुत्र सुभाषचंद सैनी को कुछ युवकों ने रास्ते में घेरकरअंजाम भुगतने की धमकी दी। पीड़ित ने थाना भवन थाने में तहरीर देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है।

शिकायत में पीड़ित मोनू सैनी ने बताया कि वह दोपहर करीब साढ़े बारह बजे अपने बच्चों को स्कूल से लेकर घर लौट रहा था। जब वह कालूराम की चक्की के पास पहुंचा, तभी लाला लाजपत राय कॉलेज की ओर से तीन मोटरसाइकिलों पर सवार लगभग 12 युवक अचानक आ धमके। इनमें से एक युवक जिसकी पहचान राघव पुत्र शिवकुमार निवासी मोहल्ला हकीमान के रूप में हुई है, बाकी युवक अज्ञात बताए गए हैं।आरोप है कि राघव ने अचानक तमंचा उसकी कनपटी पर सटा दिया और धमकी दी कि ष्सुधर जा, तेरे पास सिर्फ तीन दिन का समय है, वरना तेरा इलाज कर देंगे। पीड़ित का कहना है कि इतने सारे युवकों ने मिलकर उसे धमकाया, जिससे वह और उसका परिवार सहम गया है। उसने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इस मामले में तुरंत कार्रवाई कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाए, ताकि भविष्य में कोई अप्रिय घटना न हो।थाना भवन पुलिस का कहना है कि मामले की तहरीर आई है जिसकी जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू हो: राकेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू होना चाहिए अगले 50 वर्षो के लिए नेशनल पॉलिसी बनाकर एक ही बच्चा पैदा करने की अनुमति दी जाए। जिससे देश में बढती बेरोजगारी को खत्म किया जा सके। उन्होने केन्द्र सरकार द्वारा जीएसटी पर दी गई छूट को धोखा बताया और कहा कि जीएसटी की दरे कम कर दी, लेकिन बाजार में आज भी सामान महंगे ही मिल रहे है।

शुक्रवार को भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत शहर के धीमानपुरा स्थित भाकियू पदाधिकारी अमरदीप लाठियान के फेडस फास्ट फूड रेस्तरां के उदघाटन पर पहुंचे थे। जहां उन्होने मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के रोजाना पुलिस मुठभेड हो रही है, लेकिन अपराध पर कोई नियंत्रण नही है। लूट खसौत बढ गई है। इस पर अंकुश लगे। उन्होने सपा नेता आजम खां की रिहाई पर भी सलाह दी कि वह सरकार के टारगेट पर है। इसलिए उनको घर बैठकर राजनीति से कुछ दिन के लिए दूर रहना चाहिए और मीडियाकर्मियों से भी बचे। इसके बाद उन्होने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मिली पाकिस्तान बनने के सवाल पर कहा कि देश में जनसंख्या बढ़ रही है। इसके लिए सभी राजनैतिक दल एक नेशनल पॉलिसी बनाकर जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाए। जिसमें आगामी 50 सालों के लिए एक ही बच्चा पैदा करने की अनुमति हो। उन्होने कहा कि यदि जनसंख्या नियंत्रण कानून नही बनाया गया तो यहां के लोगों को लेबर के रूप में सप्लाई करना पडेगा। हॉस्पिटल और सडकों की परेशानी होगी। बेरोजगारी बढ जाएगी। लडका पैदा हो या लडकी उसी को पिता की प्रोपर्टी दी जाए। जीएसटी में दी गई छूट के सवाल पर उन्होने कहा कि जीएसटी में दी गई छूट बाजारों में दिखाई नही दी जा रही है। सरकार ने जीएसटी की दरे घटा दी, लेकिन दुकानदारों ने कीमते कम नही की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सांता प्रधान, मास्टर जाहिद, कपिल खाटियान, अमरदीप लाठियान, सौरभ, गौरव, अंकित, रवि, सचिन आदि मौजूद रहे।



# एल्पाइन कॉलेज ऑफ एजुकेशन में छात्रों ने गेट पर जड़ा ताला, धरना शुरू

## बदतमीजी करने वाले अध्यापकों के निलंबन व माफी की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** एल्पाइन कॉलेज ऑफ एजुकेशन में शुक्रवार को बीसीए एवं बीए के छात्र-छात्राओं ने कॉलेज प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए पढ़ाई की अव्यवस्था और अध्यापकों के अनुशासनहीन व्यवहार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। अखिल भारतीय परिषद द्धएबीपीक्ष छात्र संघ के पदाधिकारी राहुल शास्त्री के नेतृत्व में सुबह से ही सैकड़ों छात्र-छात्राएं कॉलेज गेट पर एकत्र हुए और नारेबाजी की। कुछ देर बाद उन्होंने कॉलेज गेट पर ताला जड़ दिया, जिससे कॉलेज का सामान्य कार्य ठप हो गया और माहौल तनावपूर्ण बन गया।छात्रों ने आरोप लगाया कि कॉलेज में न तो पढ़ाई ठीक से कराई जा रही है और न ही लैब की स्थिति संतोषजनक है। विज्ञान और कंप्यूटर लैब में जरूरी उपकरणों की कमी के कारण प्रैक्टिकल कक्षाएं प्रभावित हो रही हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि कॉलेज में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था नहीं है, पानी में कीड़े मिल रहे हैं जिससे छात्रों को स्वास्थ्य संबंधी खतरे का सामना करना पड़ रहा है।छात्रों का कहना है कि इन समस्याओं की शिकायत पहले भी कॉलेज प्रशासन से की गई थी, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।



इससे नाराज होकर छात्र-छात्राओं ने एबीपी परिषद के नेतृत्व में धरना शुरू कर दिया।धरना स्थल पर मौजूद अखिल भारतीय परिषद (एबीपी) के पदाधिकारी राहुल शास्त्री और कार्यकर्ताओं ने कहा कि छात्रों की शिक्षा और सम्मान के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कॉलेज के कुछ अध्यापकों ने बस में यात्रा के दौरान छात्र-छात्राओं के साथ बदतमीजी की है। परिषद की ओर से स्पष्ट कहा गया कि जब तक ऐसे अध्यापकों को तत्काल निलंबित नहीं किया जाता और वे छात्रों से सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते, तब तक धरना समाप्त नहीं होगा और आंदोलन अनिश्चितकाल तक जारी रहेगा।वहीं, कॉलेज के प्रभारी अंकित गुप्ता ने छात्रों से शांति बनाए रखने की अपील की।

उन्होंने कहा कि जिन महिला अध्यापिका की शादी होने वाली है, उनकी जगह दूसरी अध्यापिका की नियुक्ति की जा चुकी है। उन्होंने छात्रों से सभी शिकायतें लिखित में देने को कहा ताकि हर समस्या का समाधान प्राथमिकता से किया जा सके। धरना स्थल पर सुबह से ही छात्र-छात्राओं और एबीपी कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ जुटी रही। कॉलेज परिसर के बाहर पुलिस बल भी तैनात किया गया ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।धरने पर बैठे छात्रों ने दो टूक कहा कि यदि कॉलेज प्रशासन ने जल्द ही उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं की, तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे और जिला मुख्यालय तक प्रदर्शन करेंगे।

# सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कैंप का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ के द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लता राठौर के कुशल मार्गदर्शन में समेकित शिक्षा के अन्तर्गत सत्र 2025-26 में विशिष्ट आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों की दिव्यांगता के आधार पर सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से आज ब्लॉक संसाधन केन्द्र-ऊन के प्रांगण में एलिम्को कानपुर के सहयोग से मेजरमेंट कैंप का आयोजन किया गया। कानपुर की टीम द्वारा ऊन के परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत 71 CWSN बच्चों का परीक्षण कर समाग्र शिक्षा अभियान में 35बच्चों को एवं पी एम के 3 बच्चों को उपकरण देने हेतु चिन्हांकन किए गए।इन दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरणों के रूप में ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर हियरिंग एड, सीपी चेयर, रोलैटर , ब्रेल कैन, टी एल एम किट, बैसाखी इत्यादि का वितरण नवंबर 2025 में किया जाएगा। इस अवसर, जितेंद्र कुमार जिला समन्वयक समेकित शिक्षा, विकास कुमार खंड शिक्षा अधिकारी ऊन, डायट प्रवक्ता जितेंद्र कुमार एवं एस आर जी सुनील कुमार उपस्थित रहे स बीआरसी स्टाप का सहयोग रहा। इस कैम्प का आयोजन जितेन्द्र कुमार प्रभारी जिला समन्वयक द्धसमेकित शिक्षाक्ष द्वारा किया गया। कार्यक्रम में एलिम्को कानपुर टीम में पुनर्वास विशेषज्ञ अश्वनी वनी कुमार ,श्रवण रोग विशेषज्ञ सुरज कुमार, और अभिषेक द्विवेदी एवं आकाश सैनी द्वारा डाटा आपरेटर का कार्य किया गया।जनपद में कार्यरत समस्त स्पेशल एजूकेर्टस का मापन कैंप में पूर्ण रूप से सहयोग रहा।

## वाहन की टक्कर से साइकिल सवार दो मजदूर घायल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी साइकिल सवार दो मजदूरों को नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी साइकिल सवार दोनों मजदूर घायल हो गए राहगीरों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी मंगल और राजेश कस्बे के ही किरणपाल मालिक के यहां मजदूरी का कार्य करते हैं। शुक्रवार को दोनों मजदूर साइकिल पर सवार होकर कार्य करने के लिए जा रहे थे नेशनल हाईवे पर दोनों साइकिल सवार मजदूरो को अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी। जिसमें दोनों मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों की चीख पुकार सुनकर सड़क से गुजर रहे राहगीरों ने 112 पुलिस की मदद से नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

## कालाबाजारी से नाराज कांग्रेसियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** खनन ठेकेदारों द्वारा की जा रही कालाबाजारी से नाराज कांग्रेसियों ने कांग्रेस के युवा प्रदेश महासचिव अश्वनी शर्मा के नेतृत्व डीएम के नाम एक ज्ञापन एसडीएम को सोंपा। कांग्रेसियों ने बताया कि शाकुंभरी माईन्स के नाम से एक खनन का पट्टा संचालित है जिसकी आड मे बडे स्तर पर रेत की कालाबाजारी की जी रही है। अनुमति से कई गुना अधिक रेत का स्टॉक लगाकर बिना रायल्टी के गल्त तरीके से बेचा जा रहा है। जिसकी शिकायत मुख्यमंत्री कार्यालय को की गई थी। कांग्रेस नेता ने जांचकर्ता अधिकारी द्वारा गलत जांच आख्या लगाए जाने का आरोप लगाया है। कांग्रेसियों के द्वारा शाकुंभरी माईन्स को स्वीकृत रेत खनन के पट्टे के नवीनीकरण से पहले डीमार्केशन कराए जाने एवं खनन के पट्टे पर सीमेंटिड पिलरों का निर्माण कार्य कराए जाने की मांग की गई है। साथ ही पिलरों की रंग से पुताई कराने एवं स्वीकृत जेसीबी मशीनो का ही प्रयोग कराने के लिए आदेशित करने की मांग की गई है। कांग्रेस नेता अशवनी शर्मा ने बताया कि सत्तापक्ष व खनन माफिया गठजोड प्रशासन पर हावी है। जिला खनन अधिकारी के द्वारा रेट स्टॉक की जांच मे जान बूझकर देरी की गई। इस दौरान युवा प्रदेश महासचिव अशवनी शर्मा, योगेश भारद्वाज, लोकेश कटारिया, अशवनी कौशिक हथछौया, एडवोकेट सुमित भारद्वाज, सूरज शर्मा, अंशुल शर्मा, कुलदीप कुमार, कमल शर्मा, शुभम गोतम, वीशु आदि मौजूद रहे।

## छेड़छाड़ की घटना में वांछित गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पुलिस के अनुसार 25 सितंबर को थाना कोतवाली क्षेत्र के बुढ़ाना बस स्टैंड के पास आरोपी ने युवती से छेड़छाड़ और मारपीट की घटना को अंजाम दिया था। इस संबंध में थाना कोतवाली शामली पर मुकदमा दर्ज किया गया था। एसपी एनपी सिंह के आदेश और चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत शहर कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान आरोपी अजय उर्फ पाठा पुत्र यशपाल निवासी ग्राम बहावड़ी, थाना कोतवाली शामली को मुठभेड़ के बाद घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। आत्मरक्षा में हुई पुलिस फायरिंग में आरोपी को गोली लगी। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा, एक खोखा और दो जिंदा कारतूस द्ध315 बोरक्ष बरामद किए।पुलिस ने घायल आरोपी को उपचार के लिए सीएचसी शामली भेजा गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# विधायक प्रसन्न चौधरी ने प्रदान किए छात्रवृत्ति प्रमाण-पत्र

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज में समाज कल्याण विभाग की ओर से छात्रवृति वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सदर विधायक प्रसन्न चौधरी ने किया। इसमें इनके साथ परियोजना अधिकारी प्रेम चन्द, जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी सुधीर त्यागी, जिला समाज कल्याण अधिकारी रितु रस्तौगी, स्कूल के अध्यक्ष सुशील कुमार गर्ग, प्रबंधक राजीव संगल ने संयुक्त रूप से छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र प्रदान किए। विधायक प्रसन्न चौधरी ने कहा कि लाभार्थियों के खाते में सीधे छात्रवृत्ति हस्तान्तरित की गई, जिससे कि सभी जरूरतमन्द छात्र छात्राओं को आर्थिक सहायता मिल सके। उन्होने सभी छात्र छात्राओं को भावी जीवन में सफलता की शुभकामनाऐ दी। इस अवसर पर कॉलेज के एनसीसी के कैडेट्स की ओर से उनको गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। मंच का संचालन अनिल कश्यप ने किया। इस अवसर पर सतीश आत्रेय, घनश्याम सारस्वत, रामनाथ, शिवकुमार, फूलकुमार, छवि शर्मा, लक्ष्मी गर्ग, नीतू अग्रवाल, ज्योति तायल, कीर्ति गर्ग, श्रेणी वर्मा आदि मौजूद रहे।



# जुमे की नमाज शांति पूर्वक अदा होने पर प्रशासन ने ली राहत की सांस

जुमा की नमाज से पूर्व प्रशासन ने दारुल उलूम क्षेत्र कुछ दुकानों में लगे आई लव मोहम्मद के स्टिकर हटवाए। हालांकि इसको लेकर कोई खास विरोध नही हुआ। दुकानदारों ने पुलिस के कहने से स्टीकर उतारे जरुर लेकिन उन्होंने उक्त स्टीकर पुन: न लगाने की बात कहते हुए पुलिस को देने से इंकार कर दिया।





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जुमे की नमाज को लेकर पुलिस-प्रशासन ने कड़े सुरक्षा के कदम उठाते हुए सुरक्षा के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया। इतना ही नही प्रशासन की मुस्तैदी और आमजन के सहयोग से नगर की सभी मस्जिदों में जुमे की नमाज शांति पूर्वक अदा होने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली।

नगर की मुख्य मस्जिदों सहित संवेदनशील क्षेत्रों में आई लव मोहम्मद कैंपेन के चलते जुमा की नमाज के बाद सुरक्षा की दृष्टि से किसी भी तरह के प्रोटेस्ट के मद्देनजर पुलिस एवं पीएसी के जवानों को तैनात किया गया था। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए अपर जिला अधिकारी (एफ) सलील पटेल पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन ने दारुल उलूम क्षेत्र से मरकजी जामा मस्जिद तक पैदल गश्त किया। हालांकि इस दौरान पुलिस टीम द्वारा ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की गई। पुलिस-प्रशासन द्वारा सुबह से ही स्थानीय धर्मगुरुओं और गणमान्य लोगों से संपर्क बना शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पहले से ही संवाद स्थापित किया जा रहा था, जिसका सकारात्मक असर भी देखने को मिला। नमाज के बाद कहीं से किसी तरह की अप्रिय घटना या अव्यवस्था की कोई खबर नहीं है। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी अभितेष सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा, तहसीलदार एवं खुफिया विभाग की टीम भी मौजूद रही।

# एंटी रोमियो टीम का चला अभियान

## महिलाओं पर फब्तियां कसने वाले युवकों को दबोचा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पुलिस की एंटी रोमियों टीम ने मनचलों के खिलाफ अभियान चलाते हुए स्कूल आने जाने वाली छात्राओं, बाजार में काम से निकली महिलाओं पर फब्तियां कसने के आरोप में युवकों को दबोचा। पुलिस ने हिरासत में लिये गए युवको को चेतावनी देते हुए उन्हें उनके परिजनो के सुपुर्द किया।

मिशन शक्ति फेज 5 के तहत शुक्रवार को पुलिस की एंटी रोमियों टीम ने श्री त्रिपुर माँ बाला सुंदरी मंदिर के निकट से सात युवकों को आती जाती महिलाओं पर फब्तियां कसने के दौरान धर दबोचा और उन्हें थाने ले आई। पकड़े गए मनचलों पर पुलिस का ऐसा जादू चला कि वह कुछ देर में ही हाथ जोडकर सभी महिलाओं को अपनी माताए और बहने बताने लगे और हाथ जोडकर भविष्य में कभी भी ऐसी गलती न करने की बात कहने लगे।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि ऐंटी रोमियों टीम द्वारा पकड़े गए सभी मनचलों ने भविष्य में कभी ऐसी गलती न लेने का प्रण किया है। जिसके बाद सख्त चेतावनी देते हुए उन्हें उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। उन्होने कहा कि मनचलों के खिलाफ यह अभियान जारी रहेगा।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दंपती एवं उनके दो बच्चे घायल हो गए, जिन्हें निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। जहां से मां-बेटे को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया।

खेड़ामुगल गांव निवासी 32 वर्षीय सल्लू बाइक पर सवार होकर अपनी 30 वर्षीय पत्नी राखी 10 वर्षीय बेटी जानवी व 7 वर्षीय बेटे आरव को साथ लेकर अपने रिश्तेदारो से मिलकर देवबंद से वापस अपने घर लौट रहे थे, जब वह दिल्ली-देहरादून हाईवे स्थित साखन नहर के समीप पहुंचे तो पीछे से आए किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिसमें चारों लोग घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया जहा से मां बेटे को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली हैं तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# कलाकारो ने किया सीता हरण व रावण मारीच संवाद का लीला मंचन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्री विष्णु कला मंडल के तत्वावधान में रामलीला भवन में गुरुवार रात सीता हरण और रावण मारीच संवाद की लीला का मार्मिक मंचन किया गया। राम का अजय प्रजापति, रावण का अभिनय भरत शर्मा, मारीच का सुमित सैनी, सीता का शिवम सैनी, लक्ष्मण का सागर कश्यप और जटायु का अभिनय अनुज शर्मा ने किया। गाजियाबाद के वरिष्ठ उद्यमी एवं हिंदू जागरण मंच के पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश भदौरिया भी अपने साथियों के साथ देवबंद पहुंचे और मंचन देखा। कमेटी अध्यक्ष नितिन गुप्ता समेत पदाधिकारियों ने अतिथियों का पटका पहनाकर, प्रतीक चिन्ह एवं हनुमान गदा भेंटकर अभिनंदन किया। गगन मित्तल, निखिल अग्रवाल, अरुण गोयल, गोविंद गोस्वामी, विपिन गर्ग, सतीश माहेश्वरी आदि मौजूद रहे।

उधर, दुर्गा कालोनी में श्री राम जानकी लीला मंचन समिति के कलाकारों ने सीता हरण, जटायु संवाद और शबरी मिलन की लीला का भावपूर्ण मंचन किया। समिति अध्यक्ष लक्की वर्मा, निदेशक नरेश शर्मा, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन चौ. राजपाल सिंह, रविंद्र चौधरी, विकास देशवाल व संजय सलूजा मौजूद रहे।

# मंदिर में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं का लगा तांता



**देवबन्द।** शारदीय चौत्र नवरात्र के पांचवे दिन शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने मां भगवती के पंचम स्वरूप स्कंदमाता की पूजा अर्चना की। सिद्धपीठ श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर में सुबह से लेकर दोपहर बाद तक स्कंदमाता माता की पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित सतेंद्र शर्मा ने बताया कि भगवान स्कंद कुमार कार्तिकेय के नाम से भी जाने जाते हैं। स्कंदमाता की उपासना से बालरूप स्कंद भगवान की भी स्तुति होती है। भक्तों ने मां बाला सुंदरी के अलावा मंदिर परिसर में अन्य पवित्र देव स्थलों पर भी जाकर पूजा अर्चना करते हुए परिवार में सुख समृद्धि के लिए कामना की। वहीं, श्रद्धालुओं के घंटे घडियालों से मंदिर परिसर गुंजायमान

# शिक्षण संस्थाओं में वितरित किए छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** शिक्षण संस्थाओं में कार्यक्रम आयोजित कर छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

श्रीराम कृष्ण योगाश्रम इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम में कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र वितरित किये गए। इस मौके पर प्रधानाचार्य अरुण कुमार गोयल ने कहा कि विद्यार्थियों को प्राप्त छात्रवृति की राशी को अपनी शिक्षा पर ही प्रयोग करें। **उधर,** एचएवी इंटर कालेज में मुख्य अतिथि सभासद रविंद्र चौधरी एवं प्रधानाचार्य हेम सिंह ने कक्षा नौ से 12 के छात्रों को छात्रवृत्ति प्रमाण पत्रों का वितरण किया। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वह छात्रवृत्ति में प्राप्त धन अपनी शिक्षा पर खर्च करें। प्रधानाचार्य ने बताया कि जिन छात्रों ने पांच सितंबर तक छात्रवृत्ति फार्म आनलाइन जमा कराए थे, प्रथम सोपान में उन छात्रों को छात्रवृत्ति दी गई, जो कि उनके बैंक खातों में पहुंच गई है। विकास देशवाल, रजनीश कुमार, शिवम त्यागी, विजेंद्र आदि शामिल रहे।

# वाल्मिकी समाज ने एसडीएम को दिया ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** गरीबों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ नहीं मिलने सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर वाल्मीकि समाज एवं सफाईकर्मियों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।

राष्ट्रीय वाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष दीपक चंचल के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी युवराज सिंह के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में कहा गया कि गरीबों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ वाल्मीकि समाज को नहीं मिल रहा है। भगवान वाल्मीकि जयंती का अवकाश भी समाप्त कर दिया गया है। कहा गया कि हरियाणा में वाल्मीकि समाज और अति दलित जातियों के लिए पृथक आरक्षण लागू कर दिया गया है, इसी तर्ज पर उत्तर प्रदेश में भी सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुसार पृथक आरक्षण शीघ्र लागू किया जाना चाहिए। ज्ञापन में सफाई कर्मचारी आयोग का गठन किए जाने, भगवान वाल्मीकि जयंती पर राजकीय और राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने, नगर निकायों में वर्षों से सेवा कर रहे संविदा एवं आउटसोर्स सफाईकर्मियों को नियमित करने और स्वच्छ भारत मिशन के लिए स्थानीय निकायों में एक लाख सफाईकर्मियों की स्थायी भर्ती करने की मांग की गई। इस दौरान सचिन कुमार व देवानंद आदि शामिल रहे।

# जिला विद्यालय निरीक्षक ने शिकायत के आधार पर प्रबंध समिति के चुनाव को किया निरस्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** केएल जनता इण्टर कालेज देवबंद के प्रबंध समिति के चुनाव को अवैध मानते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक ने निरस्त करने के आदेश जारी किए है।

केएल जनता इण्टर कालेज की प्रबंध समिति के गत 20 जून को चुनाव संपन्न हुए थे। जिसमें दीपक. राज सिंघल अध्यक्ष निर्वाचित घोषित हुए थे। इस चुनाव को अवैध बताते हुए समिति के आजीवन सदस्य सुधीर त्यागी ने इसे चुनौती देते हुए शिक्षा विभाग से की गई शिकायत में सुधीर त्यागी ने कहा था कि दीपक. राज सिंघल द्वारा असत्य एवं फर्जी तथ्यों के आधार पर कालेज की प्रबंध समिति व साधारण सभा की मीटिंग दर्शाकर अपने परिवारजन व निकट संबंधियों को सदस्य बना लिया गया। असत्य तथ्यों के आधार पर संशोधन कर चुनाव कराया गया। विद्यालय की प्रशासन योजना के प्रावधान के मुता. बिक कोई भी व्यक्ति प्रबंध समिति के पदाधिकारी पद पर लगातार दो बार ही रह सकता है, इससे अधिक नहीं। जबकि दीपकराज सिंघल अवैध रूप से लगातार तीसरी बार प्रबंधक का चुनाव लड़े। शिकायत के बाद संयुक्त शिक्षा निदेशक और जिला विद्यालय निरीक्षक डा. अरविंद कुमार पाठक ने अनियमितताओं एवं अभिलेख रजिस्टरों में किए गए फर्जीवाड़े की शिकायतों को जांच के बाद सही पाया और संशोधन व कालेज प्रबंध समिति के चुनाव को निरस्त करने के आदेश दिए। वहीं, दीपकराज सिंघल का कहना है कि अभी तक उन्हें इस तरह की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है। यदि ऐसा होता है तो वह कानूनी प्रक्रिया अपनाते हुए आगे की कार्रवाई करेंगे।

## आत्मरक्षा एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**देवबन्द।** उच्च प्राथमिक विद्यालय साखन खुर्द में मिशन शक्ति पखवाड़ा के अंतर्गत आत्मरक्षा एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि शाइस्ता परवीन ने कहा कि बालिकाएं शिक्षा एवं स्वयं सुरक्षा को महत्व दें। शिक्षक योगेंद्र मलिक ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान से महिला अपराध में कमी हुई है। इस मौके पर पारुल शर्मा, जिले सिंह, गार्गी, अनु गुप्ता, संगीता रानी व सीमा शर्मा मौजूद रहे।

# ग्रामीणों का तालाब पर अवैध कब्जे का आरोप

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गांव हाशिमपुरा निवासी उसमान व बिरमपाल ने भेजा पत्र**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** तालाब पर अवैध कब्जा कर उस पर निर्माण कराये जाने का आरोप लगाते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र भेजा।

गांव हाशिमपुरा निवासी उस्मान और बिरमपाल सहित अन्य ग्रामीणो ने सीएम योगी आदित्यनाथ को भेजे पत्र में गांव के तालाब पर दो लोगों द्वारा अवैध रुप से कब्जा कर उस पर निर्माण करने का आरोप लगाया। उन्होंने पत्र में बताया कि खसरा नबंर 1726 में तालाब की भूमि है। जिस पर ग्रामीणो ने पूर्व में भी शासन-प्रशासन से उसका सौंदर्यकरण कराए जाने की मांग की थी। जिसके बाद राजस्व विभाग ने तालाब की निशानदेही की थी। लेकिन आज तक तालाब का सौंदर्यकरण न होने के चलते अब भूमाफिया किस्म के लोग तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण करा रहे हैं। जबकि अभिलेखो में खसरा नबंर 1726 जोहड़ के रुप में दर्ज है। उन्होंने सीएम से स्थानीय प्रशासन को निर्देशित कर तालाब की भूमि को कब्जा मुक्त करा उसका सौंदर्यकराने एवे आरोपियों के खिलाफ कानूनी कानूनी कार्रवाई की मांग की।

# प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**धामपुर।** आरएसएम इंटर कॉलेज के खेल मैदान में चल रही पूर्वी क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश यादव और उपप्रधानाचार्य अनिल कुमार देवरा ने खिलाड़ियों को झंडी दिखाकर किया।

200 मीटर दौड़ (सीनियर बालक वर्ग) में शिवम कुमार (आरएसएम इंटर कॉलेज, धामपुर) ने प्रथम स्थान, सतीश कुमार (पं. दीनदयाल उपाध्याय विद्यालय, बेनीपुर कोपा) ने द्वितीय स्थान और अयान अंसारी (गांधी इंटर कॉलेज, मनकुआ) ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं जूनियर वर्ग की 200 मीटर दौड़ में शोभित कुमार (जनता इंटर कॉलेज, मुकरपुरी) प्रथम, सुधांशु जोशी (आरएसपी, स्योहारा) द्वितीय और जीशान (आरएसपी इंटर कॉलेज, स्योहारा) तृतीय रहे।

5000 मीटर (सीनियर बालिका पैदल दौड़) में चांदनी (मनकुआ) प्रथम, दिशा (आरएसएम इंटर कॉलेज, धामपुर) द्वितीय और पल्लवी (कन्या इंटर कॉलेज, धामपुर) तृतीय स्थान पर रहीं। त्रिकूद (बालक वर्ग) में निखिल (केएम इंटर कॉलेज, धामपुर) ने बाजी मारी। इसी प्रकार 5000 मीटर (सीनियर बालक पैदल चाल) में शिवम कश्यप, मौहम्मद इस्माइल और मनीष कुमार ने क्रमश: पहला, दूसरा और तीसरा स्थान पाया। जूनियर बालिका ट्रिपल जंप में मिशु रानी, अमरीन और रिया सैनी ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाया। लंबी कूद प्रतियोगिताओं में भी छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। सब जूनियर बालिका वर्ग में यशी चौहान, कनक और मिताली सैनी ने बाजी मारी। वहीं जूनियर बालिका वर्ग में निशु रानी, गरिमा चौहान और कृतिका विजेता रहीं। 100 मीटर (सीनियर बालिका वर्ग) की दौड़ में डिंपल, संध्या और कसक ने क्रमश: पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। सीनियर बालिका लंबी कूद में नीरज, रिया और स्वाति विजेता बनीं। सीनियर बालक लंबी कूद में प्रिंस कुमार, आहद मलिक और प्रशांत कुमार ने टॉप-3 में जगह बनाई। 100 मीटर (सब जूनियर बालिका वर्ग) में शिफा, अलीशा और लावण्या क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहीं। जूनियर बालिका 100 मीटर दौड़ में सुहानी, लेविसा और तमन्ना विजेता बनीं। खेलों का सफल संचालन व्यायाम शिक्षक रंजीत सिंह, सुनील कुमार, इकबाल साहब, कुमारी अंजली, ऋतुराज सिंह, विजेंद्र सिंह, सोमदेव सिंह, सत्येंद्र कुमार, संतोष कुमार, दीपक शर्मा आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# सफाई कर्मचारियों और इंस्पेक्टर में भिड़ंत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर के डाकघर रोड पर आज सुबह माहौल गर्मा गया जब सफाई कर्मचारियों और सफाई इंस्पेक्टर के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला गाली-गलौज और मारपीट तक पहुंच गया। अचानक हुए इस हंगामे से बाजार में अफरा-तफरी मच गई और लोग दहशत में इधर-उधर भागते नजर आए।

सफाई कर्मचारियों का आरोप है कि सफाई इंस्पेक्टर उनसे जबरन सुविधा शुल्क की मांग करता है। कर्मचारियों का कहना है कि शुल्क न देने पर उन्हें ऐसे स्थानों पर काम करने के लिए भेजा जाता है, जहां अतिरिक्त मेहनत और परेशानी होती है। इसी मुद्दे को लेकर आज सुबह डाकघर रोड पर सफाई के दौरान विवाद हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बहस के दौरान सफाई इंस्पेक्टर ने कर्मचारियों से अभद्र भाषा का प्रयोग किया। इससे गुस्साए सफाई कर्मचारी भड़क उठे और इंस्पेक्टर को घेरने लगे। हालात बिगड़ते देख इंस्पेक्टर भागते हुए शिव मंदिर पंजाबी कॉलोनी स्थित शौचालय में जाकर छुप गया। पीछे-पीछे पहुंचे कर्मचारियों ने इंस्पेक्टर को तलाशा, लेकिन वह हाथ नहीं आया।

इसके बाद नाराज सफाई कर्मचारी बड़ी संख्या में नगर पालिका कार्यालय पहुंच गए और जोरदार प्रदर्शन करने लगे। कर्मचारियों का कहना है कि इंस्पेक्टर ने अपने ऊपर गंदगी खुद डालकर झूठा आरोप लगाने की कोशिश की है, ताकि उन पर मामला पलट दिया जाए।

उल्लेखनीय है कि धामपुर नगर पालिका में पिछले कुछ समय से दो सफाई इंस्पेक्टर तैनात हैं। आपसी वर्चस्व की लड़ाई के चलते अक्सर विवाद की स्थिति बनी रहती है, जिसका खामियाजा कर्मचारियों और नगर की सफाई व्यवस्था को भुगतना पड़ता है। हंगामे की जानकारी मिलते ही नगर पालिका अध्यक्ष रवि चौधरी और अधिशासी अधिकारी रविशंकर शुक्ल तुरंत कार्यालय पहुंचे और नाराज कर्मचारियों से वार्ता की। कर्मचारियों को शांत कराने के लिए अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि विवादित सफाई इंस्पेक्टर का जल्द ही स्थानांतरण कर दिया जाएगा।

# एसडी इंजी. में टीबी जागरूकता कार्यक्रम हुआ



**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मुजफ्फरनगर में टी।बी। जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों व स्टाफ को टीबी से बचाव व उसके उपचार व स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर सीएमओ कार्यालय, मुजफ्फरनगर से कई विशेषज्ञ शामिल हुए, जिनमें डॉ. लोकेश चंद्र गुप्ता (संयुक्त निदेशक एवं जिला टीबी अधिकारी), सु चंचल (एचआईवी काउंसलर) तथा संजीव शर्मा (चिकित्सक) प्रमुख रहे। डॉ. लोकेश चंद्र गुप्ता ने उपस्थित छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को टीबी की बीमारी के लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समय पर उपचार से यह रोग पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने सभी से निक्षय मित्र बनने का आह्वान किया, ताकि टीबी मरीजों को समाज से सहयोग और संबल मिल सके। सु चंचल ने एचआईवी की रोकथाम व परामर्श पर प्रकाश डाला, वहीं संजीव शर्मा ने स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम को अपनाने पर बल दिया।

संस्थान के सचिव अनुभव कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि युवा पीढ़ी देश का भविष्य है और उन्हें स्वस्थ रखना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे सीखी गई स्वास्थ्य संबंधी जानकारियों को अपने दैनिक जीवन में अपनाएं और अन्य लोगों तक भी पहुचाएं। निदेशक डा. सिद्धार्थ शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वास्थ्य ही वास्तविक धन है।

यदि विद्यार्थी शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे तभी वे शिक्षा और करियर में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पाएंगे। उन्होंने ऐसे कार्यक्रमों को समय-समय पर आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया और विशेषज्ञ चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया।

**सम्बंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र मो0 अखलाक से गलत संगत और कहने में न होने के कारण चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उसके किसी भी कार्य व लेनदेन का मैं और मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

इनाम पुत्र मेनुदीन
निवासी गांव बचीटी, देवबंद

# 18 साल से पाक को फाइनल नहीं हरा पाया भारत

**● अब तक 12 बार खिताबी मुकाबले में भिड़े दोनों देश, टीम इंडिया चार बार ही जीत पाई**




**नई दिल्ली, वार्ता।** पाकिस्तान ने एशिया कप 2025 में बांग्लादेश को हराकर फाइनल में जगह बना ली। भारत ने बुधवार को ही खिताबी मुकाबले के लिए क्वालिफाई कर लिया था। दोनों टीमें अब 28 सितम्बर को दुबई में पहली बार एशिया कप के फाइनल में आमने-सामने होंगी।

ग्रुप और सुपर-4 राउंड में दोनों बार टीम इंडिया ने बाजी मारी थी। भारत और पाकिस्तान के बीच इंटरनेशनल क्रिकेट में 13वीं बार किसी टूर्नामेंट या ट्राई सीरीज का फाइनल होगा। इससे पहले हुए 12 मुकाबलों में 8 बार पाकिस्तान और महज 4 बार भारत को जीत मिली। 2017 के आईसीसी चौंपियंस ट्राफी फाइनल में दोनों टीमें आखिरी बार खिताब के लिए भिड़ी थीं, तब भी पाकिस्तान ने ही बाजी मारी थी। भारत को आखिरी जीत 2007 के टी-20 वर्ल्ड कप में मिली थी। वनडे में 11 फाइनल हुए, 8 पाकिस्तान जीता भारत और पाकिस्तान के बीच पहली बार किसी भी टूर्नामेंट का फाइनल 1985 में हुआ था। यह खिताबी मुकाबला वर्ल्ड चौंपियनशिप आफ क्रिकेट का था। इसे भारत ने 8 विकेट से जीता था। इसे मिलाकर दोनों टीमों ने वनडे फार्मेट के अलग-अलग टूर्नामेंट में 11 फाइनल खेले, 8 में पाकिस्तान और महज 3 में भारत को जीत मिली। मौजूदा एशिया कप टी-20 फार्मेट में खेला जा रहा है। इस फार्मेट में दोनों टीमें दूसरी बार ही एक-दूसरे के खिलाफ खिताबी मुकाबला खेलेंगी। इकलौती बार दोनों टीमें 2007 के टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में भिड़ीं थीं। तब एमएस धोनी की कप्तानी में टीम इंडिया ने 5 रन से खिताबी मुकाबला जीतकर पहले वर्ल्ड कप की ट्राफी अपने नाम की थी। 12 फाइनल में क्या-क्या हुआ। फाइनल-1रू भारत ने वर्ल्ड चौंपियनशिप जीती 10 मार्च 1985 को पहली बार भारत और पाकिस्तान के बीच किसी टूर्नामेंट का फाइनल हुआ। वर्ल्ड चौंपियनशिप आफ क्रिकेट का यह फाइनल मेलबर्न के डब्ळ स्टेडियम में खेला गया। पहले बैटिंग करते हुए पाकिस्तान 176 रन ही बना सका। जवाब में भारत से कृष्णमचारी श्रीकांत और रवि शास्त्री ने फिफ्टी लगाकर टीम को 47.1 ओवर में 8 विकेट से जीत दिला दी। टूर्नामेंट में 7 टीमों ने हिस्सा लिया था। भारत ने पाकिस्तान को ग्रुप स्टेज में भी 6 विकेट के अंतर से हराया था। भारत ने अजेय रहते हुए खिताब पर कब्जा किया। ग्रुप स्टेज में टीम ने आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को हराया। वहीं सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को मात दी। रवि शास्त्री प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रहे। फाइनल-2रू मियांदाद का आखिरी गेंद पर विनिंग सिक्स 18 अप्रैल 1986 को शारजाह में भारत और पाकिस्तान के बीच आस्ट्रल-एशिया कप का फाइनल खेला गया। भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 7 विकेट खोकर 245 रन बनाए। श्रीकांत, गावस्कर और वेंगसरकर ने फिफ्टी लगाई। पाकिस्तान ने 49.5 ओवर तक 9 विकेट खोकर 242 रन बना लिए। आखिरी गेंद पर 4 रन चाहिए थे। मियांदाद ने चेतन शर्मा की गेंद पर छक्का लगाया और पाकिस्तान को फाइनल जिता दिया। उन्होंने 116 रन बनाए, इसके लिए उन्हें प्लेयर आफ द मैच का अवार्ड भी मिला। न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया और श्रीलंका ने भी टूर्नामेंट में हिस्सा लिया। भारत ने श्रीलंका और पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को सेमीफाइनल हराया था। गावस्कर प्लेयर आफ द सीरीज रहे। फाइनल-3रू विल्स ट्राफी में आकिब जावेद को 7 विकेट 25 अक्टूबर 1991 को विल्स ट्राफी के फाइनल में दोनों टीमें भिड़ीं। पाकिस्तान ने पहले बैटिंग करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 262 रन बना दिए। जाहिद फजल ने 98 और सलीम मलिक ने 87 रन बनाए। जवाब में टीम इंडिया 190 रन बनाकर सिमट गई। पाकिस्तान से तेज गेंदबाज आकिब जावेद ने महज 37 रन देकर 7 विकेट लिए। विल्स ट्राफी ट्राई सीरीज थी। जिसमें वेस्टइंडीज ने भी हिस्सा लिया था। ग्रुप स्टेज में भारत-पाक के बीच 2 मैच हुए। पहला मैच भारत ने 60 रन से जीता, वहीं दूसरे मुकाबले में पाकिस्तान ने 4 रन से जीत दर्ज की।

## फाइनल से पहले ध्यान केंद्रित रखे पाक: माइक हेसन



**दुबई, वार्ता।** पाकिस्तान के मुख्य कोच माइक हेसन ने अपने खिलाड़ियों से टूर्नामेंट के फाइनल में भारत का सामना करने की तैयारी करते हुए, ध्यान भटकाने वाली चीजों से दूर रहने और सिफ क्रिकेट पर ध्यान कें. द्रित करने का आग्रह किया है। दोनों चिर-प्रतिद्वंद्वी टीमें इस प्रतियोगिता में तीसरी बार आमने-सामने होंगी, और अब तक ज्यादातर चर्चा क्रिकेट के बजाय मैदान के बाहर के मुद्दों और मैदान के हाव-भाव पर ही केंद्रित रही है। हेसन ने कहा कि देखिए, खिलाड़ियों को मेरा संद. ेश सिर्फ क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करने का है और हम निश्चित रूप से ऐसा करेंगे।

**संक्षिप्त खेल समाचार**

### भारतीय महिला क्रिकेट टीम को मिला 'टाइगर' का समर्थन

**नई दिल्ली।** जैसे-जैसे आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 भारत नजदीक आ रहा है, जियोस्टार का 'जर्सी वही, जज़्बा वही' अभियान देश भर के प्रशंसकों को एकजुट और उत्साहित कर रहा है। बॉलीवुड सुपरस्टार टाइगर श्रॉफ, भारतीय महिला टीम का समर्थन करने वाले नवीनतम सेलिब्रिटी हैं, क्योंकि वे अपने पहले आईसीसी खिताब के लिए प्रयासरत हैं। यह अभियान 30 सितम्बर को गुवाहाटी में हरमनप्रीत कौर एंड कंपनी की श्रीलंका के साथ भिड़ंत से शुरू होगा। भारत का समर्थन करने के महत्व पर, टाइगर श्रॉफ ने कहा कि हर बार जब टीम इंडिया यह जर्सी पहनकर मैदान पर उतरेगी, मैं हमेशा उनके साथ खड़ा रहूंगा। इस बार, हमारी महिलाएं ही हैं जो विश्व कप जीतकर इतिहास रचने के लिए तैयार हैं। मेरे लिए, चाहे पुरुष टीम हो या महिला टीम, कोई फर्क नहीं है, हमेशा भारत खेलता है और हमेशा भारत जीतता है। जब जर्सी एक जैसी होगी, तो जुनून भी हमेशा एक जैसा ही रहेगा। एक जर्सी, एक जुनून, एक भारत। आइए, उसी ऊर्जा के साथ अपनी नीली महिलाओं का समर्थन करें, क्योंकि यह देश को गौरवान्वित करने का उनका क्षण है।

### भारत अंडर-19 ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर किया क्लीन स्वीप

**ब्रिसबेन, वार्ता।** वेदांत त्रिवेदी (86) और राहुल कुमार (62) की अर्धशतकीय पारियों के बाद खिलन पटेल (चार विकेट) और उद्धव मोहन (तीन विकेट) की घातक गेंदबा. जी की बदौलत भारत की अंडर-19 टीम ने शुक्रवार को तीसरे एकदिवसीय मैच में ऑस्ट्रेलिया को 167 रनों से करारी शिकस्त दी।


## हमारा सारा ध्यान क्रिकेट पर है: हरमनप्रीत

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पुरुष एशिया कप को लेकर हो रहे शोर-शराबे को दरकिनार करते हुए कहा है कि हम यहां केवल क्रिकेट खेलने आए और हमारा सारा ध्यान क्रिकेट पर ही रहेगा।

इस महीने की शुरुआत में आयोजित हुए एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के मैच में खिलाड़ियों के हाथ ना मिलाने और उसके लेकर हुई राजनीति और बयानबाजी को लेकर पाकिस्तान के साथ मुकाबले को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में हरमनप्रीत ने कहा कि हम केवल मैदान पर होने वाली घटनाओं को नियंत्रित कर सकते हैं। अन्य मामले हमारे हाथ से बाहर हैं। ड्रेसिंग रूम में, हम इन बातों पर चर्चा भी नहीं करते। हम यहां केवल क्रिकेट खेलने के लिए हैं, और हमारा ध्यान क्रिकेट पर ही रहेगा। हरमनप्रीत ने आईसीसी महिला वनडे विश्व कप 2025 से पहले कैप्टन्स डे पर संवाददाताओं से कहा कि फिलहाल, हमारा ध्यान शुरुआती मैच पर है, क्योंकि यही टूर्नामेंट की दिशा तय करता है। सभी मैच समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। हम मैदान के बाहर होने वाली किसी भी चीज पर ध्यान नहीं देंगे। यह सिफ इरादे का बयान नहीं था, बल्कि एक ऐसी खिलाड़ी के निजी सफर का प्रतिबिंब था।

# हारिस रऊफ पर गिरी आईसीसी की गाज

**● अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने लगाया 30 प्रतिशत जुर्माना, फरहान को भी मिली सख्त चेतावनी**



**दुबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) की हारिस रऊफ और साहिबजादा फरहान की शिकायत पर शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सुनवाई की।

एक एजेंसी ने टूर्नामेंट सूत्रों के हवाले से बताया कि दोनों को भारत के खिलाफ एशिया कप मैच के दौरान कथित तौर पर भड़काऊ गतिविधियों के लिए प्रतिबंधित किया जा सकता है। भारत और पाकिस्तान के बीच 21 सितम्बर को खेले गए मैच के दौरान माहौल गर्म हो गया था। दरअसल, लक्ष्य का पीछा करते हुए अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने भारत को तेज शुरुआती दिलाई थी, इससे उत्साहित भारतीय फैंस लगातार कोहलो-कोहली का नारा लगा रहा थे। बाउंड्री पर उस वक्त रऊफ खड़े थे और उन्होंने आपत्तिजनक इशारे किए। इतना ही नहीं, मैच के दौरान भारतीय खिलाड़ियों की पाकिस्तान के खिलाड़ियों से बहस भी हुई थी। पावरप्ले के दौरान भारत और पाकिस्तान के खिलाड़ियों में बहस हुई जिससे मैदान पर माहौल गर्म हो गया। दरअसल, शाहीन अफरीदी भारत की पारी का चौथा ओवर डालने आए और गिल ने उन पर दो चौके लगाए।

इसके बाद शाहीन और गिल के बीच कुछ बहस हुई जिसके बाद गिल ने शाहीन को जाने का इशारा किया। इसके बाद अगला ओवर डालने हारिस रऊफ आए। गिल ने फिर आखिरी गेंद पर चौका जड़ा जिसके बाद अभिषेक और रऊफ के बीच तीखी बहस होने लगी। मामला बढ़ता देख अंपायर गाजी सोहेल ने बीच बचाव किया और दोनों को अलग किया। पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान ने भारत के खिलाफ अर्धशतक लगाने के बाद बल्ले को बंदूक की तरह पकड़ा और फायरिंग जैसा इशारा कर जश्न मनाया था। साहिबजादा की इस हरकत की खूब आलोचना की गई थी, बीसीसीआई ने इसे लेकर आईसीसी से शिकायत कर दी। आईसीसी ने इस मामले पर शुक्रवार को सुनवाई की। पीटीआई के मुताबिक, रऊफ पर उनकी अभद्र भाषा और आक्रामक इशारों के लिए जुर्माना लगाया जा सकता है। वहीं, पाकिस्तान के साहिब. जादा फरहान ने अपने 'गनफायर सेलिब्रेशन' के लिए खुद को आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी नहीं माने जाने का अनुरोध किया है।

# जोनाथन ने शानदार अंदाज में जीता स्वर्ण

**● जोनाथन ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में खिताब अपने नाम किया रश्मिका को मिला रजत**




**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के 16 वर्षीय जोनाथन गेविन एंटनी ने डा. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में जारी आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन नई दिल्ली 2025 के दूसरे दिन शानदार प्रदर्शन कर सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। युवा भारतीय ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में खिताब अपने नाम किया।

एंटनी, जिन्होंने क्वालिफिकेशन में 586-19ग के स्कोर से शीर्ष स्थान हासिल किया था, ने फाइनल में भी अपना दमखम बरकरार रखते हुए 24 में से 21 शॉट 10 में मारे और 8.5 अंकों के बड़े अंतर से स्वर्ण जीता। इटली के लुका अरिघी ने 236-3 (572-21ग) अंकों के साथ रजत जीता, जबकि स्पेन के लुकास सांचेज टोमे ने 215-1 (573-11ग) अंकों के साथ कांस्य पदक हासिल किया। फाइनल में टूर्नामेंट का पहला शूट-ऑफ भी देखने को मिला, जहां ईरान के होसैन गोहारी ने इटली के गेब्रिएले आल्डो विलानी को 156-8 के स्कोर पर बराबरी के बाद पछाड़ दिया और छठा स्थान पाया। गोहारी आगे चलकर 174-8 (572-12ग) के साथ पांचवें स्थान पर रहे। इंडिविजुअल न्यूट्रल एथलीट्स व्लादिस्लाव मकारोव (194-3) और इगोर टुपित्स्यम (134-9) क्रमशः चौथे और सातवें स्थान पर रहे। भारत के चिराग शर्मा, जिन्होंने 578-15ग के स्कोर से क्वालिफिकेशन में दूसरा स्थान हासिल किया था, फाइनल में 115-6 अंकों के साथ आठवें स्थान पर रहे। जूनियर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में इंडिविजुअल न्यूट्रल एथलीट एवलिना शीना ने संयमित प्रदर्शन करते हुए शुरू से अंत तक बढ़त बनाए रखी और 240-9 अंकों के साथ स्वर्ण जीता। भारत की रश्मिका सहगल, जिन्होंने 573-17ग के स्कोर से पांचवें स्थान पर क्वालिफाई किया था, ने कड़ा संघर्ष किया लेकिन वह एवलिना से 4.8 अंक पीछे रहीं और 236.1 अंकों के साथ रजत अपने नाम किया। ईरान की फातेमा शेकरी, जिन्होंने 567-14ग के साथ आठवें स्थान पर क्वालिफाई किया था, ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 213.8 अंकों के साथ कांस्य जीता। अन्य भारतीय फाइनलिस्टों में, वंशिका चौधरी, जिन्होंने 576-17ग के स्कोर से क्वालिफिकेशन में शीर्ष स्थान प्राप्त किया था, 18 शॉट के बाद 174.2 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहीं, जबकि मोहिनी सिंह, जिन्होंने 576-12ग के साथ दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्कोर किया था, 153.2 अंकों के साथ छठे स्थान पर रहीं।

# चोटिल शमार जोसेफ भारत दौरे से बाहर, योहान लेन को मौका



**नई दिल्ली, वार्ता।** वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ चोट की वजह से अगले महीने भारत के खलिाफ होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह अनकैप्ड तेज गेंदबाज़ी ऑलराउंडर योहान लेन को टीम में शामिल किया गया है।

क्रिकेट वेस्टइंडीज ने ट्वीट कर पुष्टि की है कि जोसेफ सीरीज से बाहर हो गए हैं और बांग्लादेश के दौरे से पहले उनकी चोट का दोबारा आकलन किया जाएगा। हालांकि चोट की प्रकृति का खुलासा नहीं किया गया है। भारत में 14 अक्टूबर को टेस्ट सीरीज खत्म करने के बाद वेस्टइंडीज की टीम बांग्लादेश में तीन वनडे खेलेगी, जो 18 अक्टूबर से शुरू होंगे। इसके बाद 27 अक्टूबर से 1 नवंबर तक तीन टी20 भी होंगे। इसके बाद टीम न्यूजीलैंड जाएगी, जहां पांच टी20, तीन वनडे और तीन टेस्ट की ऑल-फॉर्मेट सीरीज खेलेगी। फ़िलिहाल टीम यूएई में है, जहां 27 सितम्बर से नेपाल के खिलाफ तीन टी20 खेले जाएंगे। जोसेफ अब तक 11 टेस्ट खेल चुके हैं, जिनमें उन्होंने 21-66 की औसत से 51 विकेट लिए हैं। उन्होंने जनवरी 2024 में ऑस्ट्रेलिया के खलिाफ डेब्यू पर पांच विकेट लिए थे। लेन 22 साल के हैं और उन्होंने अब तक 19 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं। इसमें उन्होंने 22-28 की औसत से 66 विकेट लिए हैं, जबकि 19-03 की औसत से 495 रन बनाए हैं। वह चार बार पंजा भी हासिल कर चुके हैं।

लेन ने हाल ही में वेस्टइंडीज ए के लिए जून में दक्षिण अफ्रीका ए के खलिाफ दो चार-दिवसीय मैच खेले थे, जहां उन्होंने चार पारियों में 62 रन बनाए थे और तीन पारियों में एक-एक विकेट लिया था। हालांकि उन्हें घरेलू प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता में वेस्टइंडीज एकेडमी के लिए ज़्यादा सफलता मिली। उन्होंने विंडवर्ड आइलैंड्स के खलिाफ़ छह विकेट लिए। कुल मिलाकर लेन ने उस टूर्नामेंट में छह मैचों में 15-88 की शानदार औसत से 27 विकेट चटकाए थे, जिसमें दो बार पांच विकेट और दो बार चार विकेट शामिल हैं।

## बारिश से अंतिम दिन का खेल रद्द जमाल हुसैन ने जीता खिताब

**हैदराबाद, वार्ता।** बांग्लादेश के जमाल हुसैन को शुक्रवार को हैदराबाद गोल्फ एसोसिएशन (एचजीए) में भारी बारिश के कारण अंतिम राउंड रद्द होने के बाद 1 करोड़ रुपये की एनएसएल लक्स प्रेजेंट्स तेलंगाना गोलकोंडा मास्टर्स 2025 का विजेता घोषित किया गया। टूर्नामेंट का परिणाम 54 होल के बाद कुल स्कोर के आधार पर घोषित किया गया क्योंकि खराब मौसम के कारण चौथे राउंड में कोई खेल संभव नहीं था। जमाल हुसैन (61-62-64), जिन्होंने 54 होल के अपने 23-अंडर 187 के स्कोर की बदौलत तीसरे राउंड के बाद चार शॉट से बढ़त बनाई, ने इस तरह अपना छठा और पिछले साल नवंबर के बाद पहला खिताब जीता। परिणामस्वरूप, ढाका के 40 वर्षीय खिलाड़ी ने 15 लाख रुपये की विजयी राशि प्राप्त की, जिससे वह 2025 पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में 14वें स्थान से 10वें स्थान पर पहुंच गए। चंडीगढ़ के अक्षय शर्मा (62-64-65) ने तीन राउंड के बाद 19-अंडर 291 का कुल स्कोर बनाकर उपविजेता स्थान प्राप्त किया।

अक्षय ने 10 लाख रुपये का चेक प्राप्त किया और पीजीटीआई की मेरिट सूची में 34वें स्थान से 21वें स्थान पर पहुंच गए। बेंगलुरू के खलिन जोशी (65-66-66) ने 13-अंडर 197 के कुल स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। दिल्ली के अर्जुन प्रसाद ने 11-अंडर 199 के कुल स्कोर के साथ छठा स्थान हासिल किया। इस प्रकार अर्जुन 69,71,599 रुपये की सीजन की कमाई के साथ पीजीटीआई रैंकिंग में दूसरे स्थान पर बने रहे।

# भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए को 5 विकेट से हराया

**● केएल राहुल ने नाबाद 176 रनों की पारी खेली, साई सुदर्शन ने भी 78 रनों की पारी खेली**



**लखनऊ, वार्ता।** केएल राहुल ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन करते हुए नाबाद 176 रन बनाए और भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दूसरे अनाधिकृत टेस्ट में 412 रनों का पीछा करते हुए जीत हासिल की।

यह इतिहास में किसी 'ए' टीम द्वारा किया गया सबसे बड़ा सफल पीछा है। लखनऊ में रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ए ने पहला मैच ड्रॉ रहने के बाद 1-0 से सीरीज जीत ली। राहुल को शतक जड़ने वाले साई सुदर्शन (100) ने 78 रनों की साझेदारी में अच्छा साथ दिया, जिसके बाद ध्रुव जुरेल ने तेजी से अर्धशतक बनाकर टेस्ट के चौथे दिन जीत पक्की कर दी। केएल राहुल और साई सुदर्शन की शतकीय पारियों की बदौलत भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए को पांच विकेट से हरा दिया। आज यहां मैच के चौथे दिन भारत ए ने कल के दो विकेट पर 169 से आगे खेलना शुरु किया। भारत का तीसरा विकेट मानव सुथार (पांच) के रूप में गिरा। उन्होंने साई सुदर्शन के साथ चौथे विकेट के लिए 78 रन जोड़े। इसके बाद कल रिटायर हर्ट हुए केएल राहुल फिर से बल्लेबाजी के लिए उतरे और अपना शतक पूरा किया। साई सुदर्शन ने 172 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का लगाते हुए (100) रन बनाए। उन्हें कोरी रॉकीचॉली ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान ध्रुव जुरेल ने केएल राहुल के साथ पांचवें विकेट के लिए 115 रन जोड़कर अपनी टीम को जीत की ओर अग्रसर किया।

भारत ए ने 93.3 ओवरों में पांच विकेट पर 413 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया। केएल राहुल ने 210 गेंदों में 16 चौके और चार छक्के लगाते हुए नाबाद 176 रनों की मैच विजयी पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया ए के लिए टॉड मर्फी ने तीन विकेट लिए। कोरी रॉकीचॉली को दो विकेट मिले। ऑस्ट्रेलिया ए ने पहली पारी में 420 रन का स्कोर बनाया जिसके जवाब में भारत ए टीम पहली पारी में 194 रनों पर सिमट गई थी। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 185 के स्कोर पर सिमट गई और भारत को जीत के लिए 412 रनों का लक्ष्य दिया था।

## नेपाल को 3-0 से हराकर भारत सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप के फाइनल में

**कोलंबो, वार्ता।** भारत की अंडर-17 पुरुष राष्ट्रीय टीम ने नेपाल को 3-0 से हराकर सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में जगह पक्की कर ली। गुरुवार रात रेसकोर्स इंटरनेशनल स्टेडियम में हुए सेमीफाइनल में गत चैंपियन ने आखिरकार अपने दबदबे को गोल में बदल दिया, जिससे अब खिताबी मुकाबले में उसका बांग्लादेश से सामना होगा, जिसने पहले पाकिस्तान को 2-0 से हराया था।

वांगखेराकपम गुनलेइबा (61वें मिनट) और स्थानापन्न अजलान शाह खान (80वें मिनट) और डायमंड सिंह थोकचोम (90वें मिनट) ने गोल किए और ब्लू कोल्ट्स ने टूर्नामेंट में अपनी लगातार चौथी जीत दर्ज की। हाफ-टाइम तक स्कोरलाइन गोलरहित रही। भारत को पहला असली मौका बॉक्स में मची अफरा-तफरी के बीच मिला जब वांगखेराकपम गुनलेइबा ने गोल की ओर शॉट मारा, लेकिन नेपाल के डिफेंडर के तेज ब्लॉक ने उसे नाकाम कर दिया। इस मौके ने भारतीय खेमे में और भी तेज़ी ला दी। कुछ ही पल बाद, मोहम्मद ऐमान ने बाईं ओर से एक शानदार क्रॉस दिया जो डल्लालमुऑन गंगटे के पास गया, लेकिन आमतौर पर भरोसेमंद फ़ॉरवर्ड गोल नहीं कर पाए। रक्षात्मक रूप से, भारत पूरी तरह से अडिग था। मिडफ़ील्ड ने अनुशासन के साथ जगह बनाई, जबकि बैकलाइन ने पासिंग चैनल बंद कर दिए, जिससे नेपाल के पास लंबी दूरी के प्रयासों के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा। प्रतिस थापा मगर के ऐसे ही एक प्रयास, बॉक्स के किनारे से एक शक्तिशाली ड्राइव, ने गोलकीपर मानशज्योति बरुआ को पूरी ताकत से बचाव करने पर मजबूर कर दिया।

# नमाज के बाद युवक ने लहराया आई लव मुहम्मद का पोस्टर

## पुलिस प्रशासन की देखरेख के चलते युवक को हिरासत में लिया, मौके पर भारी पुलिस फोर्स तैनात





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जामा मस्जिद में जुमे की नमाज के बाद एक युवक मस्जिद के बाहर आई लव मौहम्मद का पोस्टर लहारने लगा तो पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कम्प मच गया आनन-फानन में पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया। हालाकि स्थिति को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल को तैनात किया गया था।

आज चौक फव्वारा स्थित जामा मस्जिद में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से अदा कराये जाने को लेकर पूर्व की भांति पुलिस बल तैनात किया गया था। डीआईजी अभिषेक सिंह व एसएसपी आशीष तिवारी ने जामा मस्जिद पहुंचकर वस्तुस्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये। एसपी सिटी, एसपी ट्रैफिक व नगर मजिस्ट्रेट मौके पर ही मौजूद रहे। नमाज के बाद सभी लोग शांतिपूर्ण तरीके से बाहर आ रहे थे कि अचानक ही एक युवक आई लव मौहम्मद का पोस्टर लहाराने लगा। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ एकत्रित हो गयी और पुलिस में हड़कम्प मच गया। अचानक हुए इस मामले से पुलिस सकते में आ गई और आनन-फानन में युवक से पुलिस प्रशासन ने जबरन पोस्टर छीन लिया। इस घटना के बाद पुलिस ने युवक से सवाल पूछा कि तुमने ऐसा क्यों किया, तब उसने जवाब दिया कि क्या हम अपने मोहम्मद से प्यार नहीं कर सकते। पुलिस युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बता दें कि जुमे की नमाज के बाद एक युवक ने अपनी जेब से एक पोस्टर निकाला और दोनों हाथों उसे लहराने लगा जिस पर आई लव मौहम्मद लिखा था। पुलिस ने युवक से पोस्टर छीन लिया। पुलिस युवक को हिरासत में लेकर नगर कोतवाली ले आई जिसके बाद युवक से पूछताछ की गई। वहीं शांति व्यवस्था बनाये रखने में जामा मस्जिद प्रबन्धक मौलवी फरीद मजा. हिरी ने भी अपने साथियों के साथ पुलिस प्रशासन का सहयोग किया।

# सम्मेलन सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं का आभार: चौ. नीरपाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लो. कदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ.नीरपाल सिंह ने मंडलीय सम्मेलन में आये कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

हकीकत नगर कैंप कार्यालय पर आयोजित बैठक में चौ.नीरपाल सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी और कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेंदर चेयरमैन के निर्देशन में हुए सम्मेलन की सफलता से रालोद कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है। जिस तरीके से जिलाध्यक्ष शाहजमां खान, महानगर अध्यक्ष भूषण चौहान, खेल प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रिंकू सोनकर, महानगर अध्यक्ष अरविंद मलिक, युवा जिलाध्यक्ष पुनीत चौधरी, शरीक चौधरी एवं पार्टी के सभी प्रकोष्ठों ने मिलकर मेहनत की सभी का आभार व्यक्त करता हूं।

साथ ही जिन वरिष्ठ नेताओं ने सम्मेलन की गरिमा बढ़ाई थाना भवन विधायक अशरफ अली, पूर्व मंत्री योगराज सिंह, पूर्व विधायक दिलनवाज खान, राष्ट्रीय सचिव प्रबुद्ध कुमार, खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष दीपक तोमर, उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष सिद्धान्त चौधरी, मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर, मुजफ्फरनगर जिलाध्यक्ष संदीप मलिक, प्रदेश महासचिव अरविंद पंवार भारसी, प्रदेश महासचिव चौ धीर सिंह का भी सहयोग के लिए धन्यवाद।

# आईएमए का स्वास्थ्य शिविर 28 को: डा. नोसरान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सहारनपुर एंव स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्थानीय जनता इंटर कॉलेज में 28 सितंबर को एक नि:शुल्क विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा । जिसका उद्घाटन जिलाधिकारी मनीष बंसल व मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रवीन कुमार द्वारा किया जायेगा।

उक्त जानकारी देते हुए आइ एम ए अध्यक्ष डा नरेश नौसरान ने बताया कि इस शिविर में आइ एम ए से जुडे विभिन्न विभागों के 50 से अधिक नामचीन विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। रोगियों की जाँच के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण नि:शुल्क टेस्टभी किए जाएंगे, जिनकी उचित व्यवस्था की गई है।

# बाढ़ में डूबे खेत, रेत में दबी उम्मीदें: फरहाद



**■ सपा नेता ने सरकार से की पंजाब की तर्ज पर राहत देने की मांग**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समा. जवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता फरहाद आलम गाड़ा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि उत्तर प्रदेश सरकार भी पंजाब की तर्ज पर बाढ़ प्रभावित किसानों को राहत देने के लिए जिसका खेत, उसकी रेत योजना लागू करे।

फरहाद आलम गाडा ने कहा कि यह कदम किसानों और मजदूरों दोनों के लिए जीवनरेखा साबित हो सकता है। बाढ़ खेतों को बर्बाद कर गई, अब सरकार अगर किसानों का हक भी छीन लेगी तो किसान जियेंगे कैसे? किसान अपने खेत में खड़ी फसल बेचता है, अब जब रेत खड़ी हो गई है तो उस पर हक भी किसान का ही होना चाहिए। फरहाद आलम गाड़ा ने शायराना तर्ज पर पैगाम दिया कि खेती उजड़ी, उम्मीदें टूटी, रेत ने जमीन को जकड़ा है,सरकार अगर हक दिला दे,तो किसान का दिल भी धड़कता है। उनका कहना है राजनीति बाद में, पहले जनता और किसान का हक है। हम किसानों का दर्द समझते हैं। मजदूरों के पसीने की कीमत पहच. ानते हैं। हमारी मांग है कि उत्तर प्रदेश सरकार भी पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने जो हाल ही में कैबिनेट बैठक के बाद यह योजना शुरू की है उत्तर प्रदेश सरकार भी इस फैसले को अपनाए।

फरहाद आलम ने कहा जब पंजाब के खेतों की रेत किसान की हो सकती है, तो यूपी के किसानों के खेतों में आई रेत मिट्टी सरकार की क्यों? क्या यूपी के किसान कमजोर हैं या उनका दर्द कम है? किसान का खेत उसकी रोजी-रोटी है। अगर बाढ़ उसमें रेत छोड़ गई है, तो उस रेत पर भी किसान का ही हक बनता है। सरकार को चाहिए कि किसान को अपनी जमीन पर जमा रेत और मिट्टी बेचने की अनुमति बिना रॉयल्टी के दे, ताकि वे अपने नुकसान की भरपाई कर सकें।"

यह कदम न केवल किसानों को सहारा देगा बल्कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को भी नई रफ्तार देगा।

# बेहट में अलर्ट मोड पर रहा पुलिस प्रशासन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** जनपद कानपुर में आई लव यू मोहम्मद के बैनर लगाने को लेकर हुई कार्यवाही के विरोधी में कोई धार्मिक जुलूस और नारे बाजी न हो पुलिस प्रशासन एलर्ट है। इसी को लेकर नगर तथा संवेदन शील ग्रामीण इलाकों में जुमा की नमाज के बाद कोई प्रदर्शन न हो मस्जिदों के आस पास पुलिस बल तैनात के साथ साथ अधिकारी कस्बे में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गश्त करते रहे।

गौरतलब है कि पिछले दिनों प्रदेश के कानपुर जिले में आई लव यू मोहम्मद के बेनर पोस्टर लगाने को लेकर पुलिस ने शान्ति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। मुकदमा खत्म करने तथा इस कार्यवाही के विरोध में देश के कुछ शहरों में आई लव यू मोहम्मद के नारे लिखे बैनरों को हाथों में लेकर धरना प्रदर्शन किए जा रहे है धरना प्रदर्शन करने से कोई माहौल को खराब न कर सके इसी को लेकर पुलिस प्रशासन सख्त नजर आया क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे नगर तथा संवेदन शील ग्रामीण क्षेत्रों में जुमा की नमाज के बाद कोई धरना प्रदर्शन न करे और शांति पूर्वक जुमा की नमाज संपन्न हो मस्जिदों के आस पास पुलिस बल तैनात रहा तथा एस डी एम मानवेंद्र सिंह , सीओ एसएन वैभव पांडेय, कोतवाली बेहट प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी पुलिस बल के साथ कस्बे में मस्जिदों और मुख्य बाजारों में गश्त करते रहे।

एस डी एम मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि शासन की गाइड लाइन के अनुसार प्रशासन अलर्ट मोड पर है किसी भी तरह का कोई धरना प्रदर्शन नहीं हुआ है जुमा की नमाज शान्ति पूर्वक संपन्न हुई है। सीओ एस एन वैभव पांडेय ने बताया कि शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सतर्क है अगर किसी ने शान्ति भंग करने की कोशिश की तो उस के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# गृह मंत्रालय ने मुक्त की शत्रु सम्पत्ति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** गृह मंत्रालय द्वारा शत्रु संपत्ति घोषित की गई भूमि को मंत्रालय के आदेश पर शत्रु संपत्ति से मुक्त कर दिया गया है। इस संबंध में संपत्ति स्वामी सरदार जगजीत सिंह ने टाबर रोड स्थित अपने आवास पर प्रेस वार्ता कर जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि उनके दादा दर्शन सिंह पुत्र नारायण सिंह वर्ष 1967 68 में पंजाब के जालंधर से नकुड़ आए थे और यहां लगभग 150 बीघे कृषि योग्य भूमि खरीदी थी, जिस पर वे खेती करते थे। सरदार जगजीत सिंह ने कहा कि 21 मार्च 2020 को उन्हें पता चला कि इस भूमि में से 27 बीघे को गृह मंत्रालय ने शत्रु संपत्ति घोषित कर दिया है। इसके बाद उन्होंने सभी दस्तावेजों के साथ गृह मंत्रालय में अपील दायर की। उनकी पैरवी पर 21 जुलाई 2020 को गृह मंत्रालय ने उक्त भूमि पर स्टे आदेश जारी कर दिया। लगातार प्रयासों के बाद 8 जुलाई 2025 को गृह मंत्रालय ने आदेश पारित कर इस भूमि को शत्रु संपत्ति की श्रेणी से बाहर कर दिया।उन्होंने एक समाचार पत्र में इस भूमि को शत्रु संपत्ति बताने वाली खबर को भ्रामक और अधूरे तथ्यों पर आधारित बताया।

# इलाज के दौरान युवक की मौत, पूर्व सभासद की हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** इलाज के दौरान युवक कि दर्दनाक मौत परिजनों में कोहराम मच गया नगर में शोक कि लहर दौड़ गई वहीं पूर्व सभासद अनीस कुरैशी कि हालत गंभीर बनी हुई है जिनका चंडीगढ़ ईलाज चल रहा है।

गुरूवार देर रात नगर के दिल्ली सहारनपुर हाइवे पर हुए सड़क हादसे में घायल लोगो में नगर के मोहल्ला कानूनगोयान निवासी अनुज शर्मा को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया जहाँ देर रात इलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल अनुज शर्मा कि दर्दनाक मौत हो गई। जैसे ही युवक कि मौत कि खबर नगर में पहुँची तो घर में मौजूद युवक कि माँ को गहरा सदमा पहुंचा ओर परिजनों एवं मोहल्ले में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मृतक युवक किसी बैंक में कार्यरत था. मृतक युवक के परिजनों में दो बहने ओर एक माँ मौजूद है। बहनो कि शादी हो चुकी है वहीँ युवक अपनी माँ के साथ रह रहा था। मृतक युवक बूढी माँ का एकलौता पुत्र होने के साथ साथ अकेला ही सहारा था। अनुज शर्मा कि मौत से बूढी माँ का एकलौता सहारा जुदा हो गया। वहीं मोहल्ले वालो के मुताबिक अनुज कि मौत से उसकी माँ कि दुनिया उजड़ गई ओर वो माँ दुनिया में अकेली रह गई इस तरह अनुज कि मौत से जहाँ परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है वहीँ मोहल्ले सहित नगर में भी अनुज कि मौत से शौक कि लहर दौड़ गई।

# स्वच्छता को जीवन में अपनाएं: महीपाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आज विकास खण्ड बलियाखेड़ी के सभागार में मिशन शक्ति अंतर्गत नई किरण महिला संकुल स्तरीय संघ ग्राम कांकरकुई का वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग सदस्य महिपाल वाल्मीकि रहे। उन्होंने स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए कहा कि विक. सित भारत का सपना तभी साकार होगा जब प्रत्येक नागरिक अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेगा। खण्ड विकास अधिकारी बलियाखेड़ी श्रीमति सोनिका चौधरी ने लैंगिक समानता, महिला सुरक्षा एवं स्वरोजगार पर बल दिया। उन्होंने सभी उपस्थित जनों से विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश के निर्माण हेतु क्यू आर कोड स्कैन कर अधिक से अधिक सुझाव देने की अपील की।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूहों की महिलाएँ, महिला कर्मचारी, सफाईकर्मी, सप्लाई इंस्पेक्टर तथा सहायक विकास अधिकारी योगेंद्र पुंडीर सहित अनेक अधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने प्रतिभाग किया।

# मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत जिलेभर में गोष्ठियों के जरिए चलाया जागरूकता अभियान

















**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत आज नगर निगम में एक महिला संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रचार प्रसार के लिए अपर नगरायुक्त प्रदीप यादव, सहायक नगरायुक्त जेपी यादव, कर निर्धारण अधिकारी श्रुति माहेश्वरी व महिला कर्मचारियों ने एक वाहन रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत आयोजित संगोष्ठी में महिला कर्मचारियों से उनकी समस्याओं की जानकारी लेते हुए उनके समाधान के उपाय सुझाए गएं। अपर नगरायुक्त प्रदीप यादव, सहायक नगरायुक्त जे पी यादव व कर निर्धारण अधिकारी श्रुति माहेश्वरी ने रिबन काटकर हेल्प डेस्क का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पार्षद नीरज शर्मा, मुकेश गक्खड़, स. राजेंद्र सिंह कोहली, संजय गर्ग आदि मौजूद रहे।

मिशन शक्ति के तहत सेंट मैरी एस कॉलेज में बैठक का आयोजन कर नारी शक्ति केंद्र के बारे में जानकारी दी गई। क्षेत्रअधिकारी नगर प्रथम मुनीश चन्द्र व प्रभारी निरीक्षक थाना कुतुबशेर हृदय नारायण सिंह व महिला उप निरीक्षक श्वेता शर्मा थाना कुतुबशेर में एंटी रोमियो टीम की महिला सिपाहियों ने छात्राओं को जागरूक करते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया। महिला उप निरीक्षक स्वेता शर्मा ने छात्राओं को बताया व समझाया कि विषम परिस्थितियों में घबराने की जरूरत नहीं है।

**रामपुर मनिहारान।** इंस्पेक्टर सत्येंद्र नागर ने कहा कि बेटियां खुद की असुरक्षित न समझें पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए हर समय उपलब्ध है।

महिला सशक्तिकरण अभियान मिशन शक्ति फेज 5.0 चमन लाल दिगंबर जैन कन्या इंटर कॉलेज में कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर सत्येंद्र नागर ने बालिकाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानक. ारी दी गई एवं उनकी समस्याओ के बारे में पूछा गया। इंस्पेक्टर सत्येंद्र नागर ने कहा कि बेटियां खुद को असुरक्षित न समझें।पुलिस हर समय उनकी सुरक्षा के लिए उपलब्ध है। इस कॉलेज की प्रधानाचार्या सारिका, राजेश सहित पुलिस स्टाफ व कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा।

**नकुड़।** मिशन शक्ति फेज 5 के तहत शुक्रवार को नकुड़ थाने में छात्राओं के लिए अनूठा कार्यक्रम आयोजित हुआ। क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिसोदिया, थाना प्रभारी संतोष कुमार त्यागी व एंटी रोमियो टीम की मौजूदगी में महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज की छात्राओं को पुलिस कार्यप्रणाली व महिला सुरक्षा योजनाओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का आकर्षण रहा कि कक्षा 12 की माही शर्मा, कक्षा 9 की इकरा और खुशी पंवार को प्रतीकात्मक रूप से थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई।

सीओ सिसोदिया ने कहा कि ऐसे आयोजन पुलिस और युवाओं के बीच विश्वास मजबूत करते हैं। थाना प्रभारी त्यागी ने एंटी रोमियो टीम की कार्यप्रणाली और आपातकालीन मदद पाने के तरीकों की जानकारी दी। कार्यक्रम में एसआई माधुरी शर्मा, कोमल पंवार समेत टीम के सदस्य मौजूद रहे।

**चिलकाना।** थाना मिशन शक्ति टीम द्वारा मोहल्ला मजहर हसन में कार्यक्रम आयोजित करके महिलाओं को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओँ के पम्पलेट भी वितरित किये गए। मिशन शक्ति फेज 05 के तहत नगर के मोहल्ला मजहर हसन में पत्रकार एम एस सोनू कुरैश के कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में मिशन शक्ति टीम इंचार्ज एसआई सुमन ने महिलाओं के साथ संवाद स्थापित कर उनका हौंसला बढ़ाया। इस अवसर पर हैड कांस्टेबल कुलदीप, वतन कुमार, महिला हेड कांस्टेबल ज्योति एवं महिला कांस्टेबल प्रियम आदि मौजूद रहे।

**बेहट।** नगर के जनता इंटर कालेज में मिशन शक्ति फेस 5 के अंतर्गत कक्षा 12 की छात्रा कु खुशी धीमान को एक दिन के लिए प्रधानाचार्या के पद का दायित्व दिया गया। पद भार लेते ही कुमारी खुशी धीमान ने पहले कक्षों में घूमकर पठन पाठन एवं अनुशासन संबंधी दिशा निर्देश दिए। प्रधानाचार्य डॉ सुभाष चंद सागर ने खुशी धीमान को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अशोक कुमार, अरुण कुमार गौतम, राजेश त्यागी ,ऋषिपाल, मुकेश कुमार, मोनू चौहान, आशीष बहुखंडी, राखी शर्मा,नीरज चौहान, राहुल चौहान, प्रदीप शर्मा, नेत्रपाल सिंह आदि ने भी खुशी को कार्यभार गृहण करने की शुभकामनाएं दी।

**गागलहेड़ी।** शुक्रवार को गागलहेड़ी में मिशन शक्ति फैज 5.0 के तहत स्कूलों व कस्बे में थाना गागलहेडी एंटी रोमियो पुलिस द्वारा छात्राओ एंव महिलाओ को जागरूक किया है। थानाध्यक्ष प्रवेश कुमार के कुशल नेतृत्व में एन्टी रोमियो टीम ने थाना क्षेत्र में सियाराम इन्टर कालेज व राजकीय कन्या इन्टर कालेज में छात्र छात्राओं उनके अधिकारों की जानकारी दी। इस दौरान एन्टी रोमियो टीम उनि राकेश शर्मा, ओमपाल सिंह, म.है.का रेणु देवी, ज्योति रहे है।

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर क्षेत्र के डेलमोड़ स्कूल में मिशन शक्ति फेज-5 के तहत छात्राओं को महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करने का अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य लियोन वी. ओर अध्यापिका मीनू की उपस्थिति में वरिष्ठ उपनिरीक्षक भूपेंद्र शर्मा, हैड कांस्टेबल नीतू कुमार और महिला कांस्टेबल सुरेखा ने छात्राओं को संबोधित किया। छात्राओं को महिला सशक्तिकरण, आत्मरक्षा, और उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वरिष्ठ उपनिरीक्षक भूपेंद्र शर्मा ने बताया कि मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित और सशक्त बनाने के लिए जागरूकता फैलाना है। अध्यापिका मीनू ने छात्राओं को सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य लियोन वी. ने इस पहल की सराहना की।

**गंगोह।** महिला सशक्तिकरण अभियान मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत शोभित यूनिवर्सिटी की छात्राओं ने प्रभारी निरीक्षक महिला थाना सहारनपुर बबीता तोमर के पर्यवेक्षण में महिला पुलिस चौकी का भ्रमण किया और अनेक जानकारियां हासिल की।

महिला चौकी प्रभारी नीतू सिंह व महिला आरक्षी गुड्डन द्वारा छात्राओं को सरकार द्वारा महिलाओं के चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याण कारी योजनाओं विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, कन्या सुमंगला योजना, बाल कल्याण योजनाओं, बाल मजदूरी न कराने आदि के बारे विस्तृत जानकारी दी।

चौकी प्रभारी नीतू सिंह ने उनकी समस्याओं व शंकाओं का समाधान किया।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र कुशाग्र शर्मा को नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**जय कुमार पुत्र अजब सिंह निवासी शिव विहार, रेल पार, गली नं.-2, जिला शामली, उत्तर प्रदेश।**

# सम्पादकीय



## हड़बड़ाहट में ट्रम्प

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बेहद हड़बड़ी में दिखाई दे रहे हैं। अमेरिका जैसे शक्तिशाली राष्ट्रपति के लिए इस तरह का आचरण बिल्कुल शोभा नहीं देता। एक तरफ भारत व अमेरिका के अधिकारी व्यापारिक डील को लेकर व्यस्त हैं, तो वहीं दूसरी तरफ इस वार्ता का नतीजा आए बिना ही डोनाल्ड ट्रम्प इस तरह की घोषणा कर देते हैं जो रिश्तों को और उलझा देती है। इस समय भारतीय प्रतिनिधिमंडल वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में अमेरिका गया हुआ है। जहां उसने 22 से 24 सितम्बर तक अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर और भारत के लिए नामिक अमेरिकी राजदूत सर्जियो के साथ बैठक की। बैठक के बाद दोनों ही पक्षों ने माना है कि समझौते के विभिन्न पहलुओं पर रचनात्मक बैठक हुई। इस बीच डोनाल्ड ट्रम्प ने ब्रांडेड या पेटेंट दवाई पर सौ फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। इतना ही नहीं यह टैरिफ एक अक्टूबर से लागू होने की बात भी कही है। हालांकि यह टैक्स उन कंपनियों पर लागू नहीं होगा जो अमेरिका में ही दवा बनाने के लिए अपना प्लांट लगा रही हैं। जैनरिक दवाओं को अभी इस टैरिफ से बाहर रखा गया है। हालांकि ऐसी आशंका जताई जा रही है कि अगला निशाना जैनरिक दवाइयां भी हो सकती हैं जैसाकि जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लि. के चीफ इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटजिस्ट वीके विजय कुमार ने कहा भी है कि भारत जो जैनरिक दवाओं का एक्सपोर्टर है, उसे इससे ज्यादा असर नहीं होगा, लेकिन हो सकता है कि राष्ट्रपति का अगला निशाना जैनरिक दवाएं हों। जैनरिक दवाइयां अमेरिका को एक्सपोर्ट करने वाला भारत सबसे बड़ा देश है। 2024 की ही बात करें तो भारत ने अमेरिका को लगभग 8.73 अरब डॉलर की जैनरिक दवाइयां भेजी। जो भारत के कुल दवा एक्सपोर्ट का 31 फीसदी है। अमेरिका पहले से ही रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर 50 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगा चुका है। यहां यह भी याद दिलाना जरूरी है कि 16 सितम्बर को अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय का एक दल भारत आया था और उसकी नई दिल्ली में वाणिज्य विभाग के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक हुई थी, उस समय भी यह कहा गया था कि बातचीत बेहद सकारात्मक रही है। तो जब दोनों ही पक्षों के अधिकारी बातचीत को सकारात्मक बता रहे हैं, तो ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति के इस फैसले को समझना बेहद मुश्किल हो जाता है कि आखिर वह क्या चाहते हैं। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की समय-समय पर वह प्रशंसा करते दिखाई देते हैं, उन्हें अपना मित्र बताते हैं तो वहीं दूसरी तरफ वह भारत के साथ इस तरह के निर्णय लेने में देर नहीं लगाते जिससे भारत की स्थिति असहज हो जाती है। जाहिर है इस तरह के वातावरण में भारत को बेहद सतर्कता के साथ अमेरिका से ट्रेड के मामले में आगे बढ़ने की जरूरत है।

### भाजपा का दूसरा नाम पेपर चोर



आज भाजपा का दूसरा नाम पेपर चोर है, देशभर में बार-बार होने वाले पेपर लीक ने करोड़ों मेहनती युवाओं की जिंदगी और सपनों को तबाह कर दिया गया है, उत्तराखंड का पेपर लीक कांड इसका ताजा उदाहरण है, लाखों युवाओं ने दिन-रात मेहनत की, लेकिन भाजपा ने चोरी से उनकी पूरी मेहनत पर पानी फेर दिया, हम लगातार मांग कर रहे हैं कि पेपर लीक रोकने के लिए मजबूत और पारदर्शी सिस्टम बनाया जाए, लेकिन मोदी सरकार इस पर आंखें मूंदकर बैठी है क्योंकि उन्हें युवाओं की बेरोजगारी की नहीं, बल्कि अपनी सत्ता की चिंता है, बेरोजगारी आज देश की सबसे बड़ी समस्या है और यह सीधे तौर पर वोट चोरी से जुड़ी है. पेपर चोरों को पता है कि अगर युवाओं को रोजगार नहीं भी मिलेगा, तो भी वे चुनाव में वोट चोरी करके सत्ता में बने रहेंगे।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# प्रकृति, संस्कृति और समाज को जोड़ता सतत पर्यटन

पर्यटन केवल मनोरंजन, सैर-सपाटे या विश्राम का माध्यम नहीं है बल्कि यह मानव सभ्यता के विकास में निरंतर योगदान देने वाला एक ऐसा वैश्विक उद्योग है, जिसने संस्कृतियों को जोड़ा, विविधताओं को समझने का अवसर दिया और आर्थिक समृद्धि के साथ सामाजिक उत्थान का मार्ग प्रशस्त किया। विश्व पर्यटन दिवस 2025 का विषय 'पर्यटन और सतत परिवर्तन' इसीलिए अत्यंत प्रासंगिक है क्योंकि यह न केवल पर्यटन उद्योग के महत्व को रेखांकित करता है बल्कि यह भी दर्शाता है कि पर्यटन किस प्रकार दुनिया में सकारात्मक बदलाव का वाहक बन सकता है। 'संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन' द्वारा प्रतिवर्ष 27 सितम्बर को मनाया जाने वाला यह दिवस विश्व समुदाय को पर्यटन के बहुआयामी महत्व और इसके दूरगामी प्रभावों पर पुनर्विचार करने का अवसर प्रदान करता है।

पर्यटन का दुनिया की अर्थव्यवस्था में स्थान असाधारण है। वैश्विक स्तर पर यह उद्योग प्रतिवर्ष अरबों डॉलर का राजस्व उत्पन्न करता है और करोड़ों लोगों को रोजगार उपलब्ध कराता है। विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्टों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर प्रत्येक दस में से एक नौकरी पर्यटन से जुड़ी है। विकसित देशों के साथ-साथ विकासशील राष्ट्रों की अर्थव्यवस्था में भी यह एक प्रमुख आधार स्तंभ के रूप में कार्य करता है। भारत की बात करें तो यह क्षेत्र देश की जीडीपी में लगभग 10 प्रतिशत योगदान देता है और सीधे या अपरोक्ष रूप से पांच करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराता है। विश्व पर्यटन दिवस का महत्व इसलिए और भी बढ़ जाता है क्योंकि यह हमें केवल आर्थिक आंकड़ों की चमक पर नहीं बल्कि उन सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों पर भी ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित करता है, जिन्हें पर्यटन उद्योग के सतत विकास के लिए प्राथमिकता देना आवश्यक है।

पर्यटन सामाजिक समानता और सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम है। जब एक यात्री किसी दूसरे देश, राज्य या संस्कृति से जुड़ता है तो यह केवल यात्रा नहीं होती बल्कि यह संवाद, सहअस्तित्व और समझदारी का अवसर बनती है। एक ओर यह यात्रियों को नए अनुभव और दृष्टिकोण प्रदान करता है तो दूसरी ओर स्थानीय समुदायों को अपनी संस्कृति, परंपराओं और जीवनशैली को साझा करने का अवसर देता है। यही कारण है कि पर्यटन सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और पारंपरिक कलाओं, शिल्प और रीति-रिवाजों को पुनर्जीवित करने में मदद करता है। कई बार जो कला या परंपरा लुप्त होने के कगार पर होती है, वह पर्यटन के कारण नए जीवन का संचार प्राप्त करती है। विश्व पर्यटन दिवस 2025 का केंद्रीय विचार पर्यटन की परिवर्तनकारी शक्ति है और यह परिवर्तन तभी संभव है, जब पर्यटन विकास के केंद्र में स्थिरता, लचीलापन और सामाजिक समानता को रखा जाए। आधुनिक समय में जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों की कमी जैसी चुनौतियां पर्यटन के समक्ष सबसे बड़ी बाधाएं बनकर उभरी हैं।



पर्यटन का अत्यधिक और अनियंत्रित विकास कई बार प्राकृतिक पारिस्थितिक संतुलन को बिगाड़ देता है। पर्वतीय क्षेत्रों में अत्यधिक पर्यटकों का दबाव ग्लेशियरों और प्राकृतिक संसाधनों पर प्रतिकूल असर डालता है, समुद्र तटों पर अनियंत्रित पर्यटन समुद्री जीवन को खतरे में डालता है और ऐतिहासिक धरोहरों पर भीड़भाड़ से उनका संरक्षण कठिन हो जाता है। यही कारण है कि 'सतत पर्यटन' की अवधारणा आज सर्वाधिक चर्चा में है। सतत पर्यटन का अर्थ है ऐसा पर्यटन, जिसमें प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग हो, स्थानीय समुदायों को अधिकतम लाभ मिले और भविष्य की पीढ़ियों के लिए पर्यावरण सुरक्षित रहे। इस दिशा में अनेक देशों ने उल्लेखनीय पहल की है। उदाहरणस्वरूप, भूटान ने पर्यटन पर 'हाई वैल्यू, लो वॉल्यूम' नीति अपनाई है, जिसके अंतर्गत वह पर्यटकों की संख्या सीमित रखते हुए गुणवत्तापूर्ण अनुभव प्रदान करता है ताकि पर्यावरणीय और सांस्कृतिक संतुलन बना रहे। इसी प्रकार यूरोप के कई देशों ने 'ग्रीन टूरिज्म' मॉडल को अपनाकर पर्यावरणीय जिम्मेदारी को प्राथमिकता दी है। भारत में भी सतत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें इको-टूरिज्म, ग्रामीण पर्यटन और आध्यात्मिक पर्यटन को विशेष महत्व दिया जा रहा है। पर्यटन का महत्व शिक्षा और कौशल विकास के संदर्भ में भी कम नहीं है। यह न केवल यात्रियों को नई संस्कृतियों और भौगोलिक क्षेत्रों से परिचित कराता है बल्कि युवाओं को आतिथ्य, प्रबंधन, संचार और सांस्कृतिक समझ जैसे कौशल सीखने के अवसर भी देता है। भारत जैसे देश, जहां युवाओं की जनसंख्या बड़ी संख्या में है, पर्यटन क्षेत्र के माध्यम से विशाल रोजगार और उद्यमिता के अवसर प्रदान कर सकते हैं। छोटे कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में होम-स्टे, स्थानीय गाइड सेवा, पारंपरिक व्यंजन और हस्तशिल्प आधारित पर्यटन न केवल युवाओं को आत्मनिर्भर बना सकते हैं बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार कर सकते हैं। पर्यटन का एक और महत्वपूर्ण पक्ष शांति और वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देना है। जब विभिन्न देशों के लोग एक-दूसरे से जुड़ते हैं तो यह न केवल सांस्कृतिक समझ को बढ़ाता है बल्कि आपसी विश्वास और सहयोग की नींव भी रखता है। संयुक्त राष्ट्र ने भी पर्यटन को 'शांति का दूत' कहा है। इतिहास गवाह है कि जब भी देशों के बीच पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान बढ़ा है, आपसी संबंध मजबूत हुए हैं। इसीलिए पर्यटन को केवल आर्थिक दृष्टि से नहीं बल्कि वैश्विक शांति और सहयोग की दिशा में एक प्रभावी उपकरण के रूप में देखा जाना चाहिए।

डिजिटल तकनीक ने पर्यटन उद्योग में क्रांतिकारी बदलाव किए हैं। ऑनलाइन बुकिंग, वर्चुअल टूर, एआई आधारित ट्रैवल गाइड और स्मार्ट पर्यटन समाधान ने यात्रियों के अनुभव को न केवल सरल बनाया है बल्कि अधिक सुलभ और सुरक्षित भी बनाया है। हालांकि तकनीक के उपयोग के साथ-साथ जिम्मेदारी भी जुड़ी है। यात्रियों को अपने पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने, स्थानीय संस्कृति का सम्मान करने और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने जैसी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होगा। केवल सरकार या उद्योग नहीं बल्कि प्रत्एक यात्री को भी यह समझना होगा कि उसकी छोटी-सी आदतें पर्यटन को सतत और परिवर्तनकारी बनाने में योगदान कर सकती हैं। भारत जैसे विविधताओं से भरे देश के लिए यह अवसर और चुनौती दोनों है।

यहां हिमालय की पर्वत श्रृंखलाओं से लेकर केरल की बैकवाटर्स, राजस्थान के रेगिस्तान से लेकर पूर्वोत्तर की हरियाली, वाराणसी के घाटों से लेकर कश्मीर की वादियों तक असीमित संभावनाएं हैं लेकिन इन संभावनाओं के साथ जिम्मेदारियों का बोझ भी जुड़ा हुआ है। अगर पर्यटन को अनियंत्रित और असंतुलित तरीके से बढ़ने दिया गया तो यह न केवल प्राकृतिक संसाधनों को नुकसान पहुंचाएगा बल्कि स्थानीय समुदायों और सांस्कृतिक विरासत को भी प्रभावित करेगा। इसलिए पर्यटन विकास की हर नीति में स्थिरता और समावेशिता को प्राथमिकता देनी होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नमकीन स्राव से पनपता रेगिस्तानी पौधा

**व्यापक शोध के बाद अल-हंदावी और उनकी टीम ने पाया कि दिन के समय में उत्सर्जन से बने नमक के रवे रात में पानी सोख कर फूल जाते हैं। टीम द्वारा की गई जांच से साबित हुआ कि जल संचयन में लवणों का प्राथमिक योगदान है, क्योंकि विशिष्ट परिस्थितियों में प्राकृतिक रूप से रवेदार परत वाली शाखाएं धुली हुई शाखाओं की तुलना में काफी अधिक पानी एकत्र करती है। यहां तक कि 50 प्रतिशत से कम आर्द्रता पर भी रवों पर ओस बन सकती है। एथल टमारिस्क की विशिष्टता इसके द्वारा उत्सर्जित लवणों का जटिल मिश्रण है।**

मध्य पूर्व के शुष्क क्षेत्र में एथल टमारिस्क Tamari aphylla नामक एक रेगिस्तानी पेड़ जिंदा रहने के लिए एक अनूठी रणनीति अपनाता है। यह पौधा झुलसाने वाली गर्मी में पानी प्राप्त करने के लिए नमकीन स्राव का फायदा उठाता है। प्रोसीडिंग्स ऑफ नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में प्रकाशित यह अध्ययन संकेत देता है कि पौधे दूभर परिस्थितियों में जीवित रहने के लिए किस तरह के रासायनिक जुगाड़ करते हैं। गौरतलब है कि लवण से समृद्ध तटीय मिट्टी में पनपने वाला यह पौधा एक लवणमृदोद्भिद (हैलोफाइट) है जो अतिरिक्त लवण को ग्रंथियों से बूंदों के रूप में स्रावित करके पत्तियों पर जमा करता है। जैसे-जैसे दिन गर्म होता है, इन चमकदार बूंदों का पानी तो वाष्पित हो जाता है जिससे पौधे पर सफेद रवों की परत जम जाती है जो अंतत: तेज हवा से झड़ जाते हैं।



इस रणनीति का खुलासा तब हुआ जब अबू धाबी स्थित न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी की वैज्ञानिक मारिएह अल-हंदावी ने संयुक्त अरब अमीरात के गर्म, आर्द्र रेगिस्तानों से गुजरते समय इन रवों पर पानी को संघनित होते देखा। उनका अनुमान था कि इस प्रक्रिया में उत्सर्जित लवण-मिश्रण के रासायनिक संघटन की महत्वपूर्ण भूमिका रही होगी। व्यापक शोध के बाद अल-हंदावी और उनकी टीम ने पाया कि दिन के समय में उत्सर्जन से बने नमक के रवे रात में पानी सोख कर फूल जाते हैं। टीम द्वारा की गई जांच से साबित हुआ कि जल संचयन में लवणों का प्राथमिक योगदान है, क्योंकि विशिष्ट परिस्थितियों में प्राकृतिक रूप से रवेदार परत वाली शाखाएं धुली हुई शाखाओं की तुलना में काफी अधिक पानी एकत्र करती है। यहां तक कि 50 प्रतिशत से कम आर्द्रता पर भी रवों पर ओस बन सकती है। एथल टमारिस्क की विशिष्टता इसके द्वारा उत्सर्जित लवणों का जटिल मिश्रण है, जिसमें सोडियम क्लोराइड, जिप्सम (कैल्शियम सल्फेट) और एक अन्य घटक-लीथियम सल्फेट-शामिल है जिसमें सोडियम क्लोराइड और जिप्सम की अपेक्षा कम आर्द्रता पर भी नमी को अवशोषित करने की क्षमता कहीं अधिक होती है। कई विशेषज्ञों के अनुसार यह अध्ययन एक नए स्तर की समझ प्रदान करता है जिससे यह पता चलता है कि कैसे रेगिस्तानी पौधे लवणों से छुटकारा भी पाते हैं और हवा से पानी संचय के लिए इनका उपयोग भी करते हैं। इन लवणों का संघटन रेगिस्तानी पौधों द्वारा विकसित जटिल रणनीतियों को उजागर करता है। शोधकर्ताओं द्वारा किया गया यह अध्ययन अन्य रेगिस्तानी पौधों में भी इस प्रकार की विशेषता का संकेत देता है। संभव है कि अपना अस्तित्व बचाने के लिए हर पौधे के पास कोई विशिष्ट गुप्त नुस्खा हो। बहरहाल, इस अध्ययन से हमें विश्व भर में पानी की कमी से निपटने के तरीके के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्राप्त हुई है जो आगे खोज की संभावना का संकेत देती है। **-स्रोत फीचर्स**

# सभी रोगों की जड़ है आपका मोटापा

चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि मोटापा आने से जीवन में पाबंदियों और परेशानियों के बढ़ जाने से जीवन की खुशियों में कमी आने लगती है और यही नहीं मोटापे से युक्त बेडौल शरीर अनेक बीमारियों को निमंत्रण देता है। यह सच ही है मोटे और थुलथुल शरीर की एक ओर तो लोग हंसी उड़ाते हैं, वहीं दूसरी ओर यह अनेक रोगों की जड़ भी होता है। मोटापे से ग्रस्त व्यक्ति अन्य कई शारीरिक समस्याओं से घिर जाता है जैसे मोटापे से पीड़ित व्यक्ति के रक्त संचार में बाधा पहुंचती है। इस के साथ ही खतरा बढ़ जाता है हाई ब्लडप्रेशर, हार्ट अटैक जैसी कई अन्य जानलेवा बीमारियों का। खून की नलिकाओं में कैल्शियम व वसा की परत चढ़ जाती है, जिससे वे संकरी हो जाती हैं। इसी वजह से रक्त सामान्य रूप से नलिकाओं में नहीं बह पाता। इस प्रकार मोटे व्यक्ति के रक्त संचार में रुकावट पैदा होती है।

ज्यादा मोटापा होने पर आदमी अगर थोड़ा सा भी काम करे, तो वह हांफने लगता है अर्थात उसकी सांस फूलने लगती है, साथ ही वेरीकोस वेंस (शिराओं के अवरुद्ध होकर फूल जाना) हार्निया, श्वसन तंत्र का संक्रमण जैसी बीमारियां भी मोटे व्यक्ति को आ घेरती हैं। जिसके कारण मोटा व्यक्ति पराश्रित हो जाता है। मोटापा मधुमेह रोग के लिए खुला निमंत्रण होता है। मोटे व्यक्ति मोटापे के बुरे प्रभाव को अच्छी तरह जानते हैं इसीलिए वे भीतर से काफी डरे हुए व हीनभावना का शिकार होते हैं। दवा, गोली, व्यायाम के साथ-साथ मोटापा कम करने के लिए आपरेशन भी एक आधुनिक चिकित्सा पद्धति है। इसके अन्तर्गत दो प्रकार से मोटापे को दूर किया जाता है। एक में आमाशय का आकार कम कर दिया जाता है और दूसरे में, छोटी आंत की बाईपास सर्जरी करके मोटापे को दूर किया जाता है। मोटापे की वजह कम से कम श्रम करने वाली आधुनिक जीवन शैली है, ऐसा चिकित्सा विशेषज्ञ मानते हैं। यह ज्यादातर मध्य आयु वर्ग में शुरू होता है पर यह जरूरी नहीं कि यह मध्य आयु वर्ग में ही हो, यह किसी भी आयु वर्ग में शुरू हो सकता है।

मोटापा एक वंशानुगत रोग होता है। इसलिए जिन के परिवार में कोई भी मोटापे से भूतकाल या वर्तमान में परेशान हो तो उनको इसके लिए सावधानी बरतनी चाहिए। स्टीरोइड्स इंसुलिन और गर्भ निरोधक गोलियां आदि कुछ दवाएं भी मोटापे की वजह बन सकती हैं। कुछ बीमारियों के कारण मोटापा होता है जैसे थायरायड ग्रंथि का कम काम करना (हाइपो थायरायडिज्म), पिट्यूटरी ग्रंथि का कम काम करना, (हाइपो पिट्यूटरिज्म), कशिंग सिंड्रोम (एड्रीनल ग्रंथि का अधिक काम करना), हाइपागोने डिज्म (सेक्स ग्रंथियों का कम काम करना) इत्यादि। चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि हर एक ग्राम वसा से नौ कैलोरी ऊर्जा का उत्पादन होता है और उनका कहना है कि हमें हर रोज 800-1600 कैलोरी का ही भोजन ग्रहण करना चाहिए। चिकित्सकों के अनुसार शराब पीने वालों को तो शराब का सेवन बिल्कुल कम कर देना चाहिए, क्योंकि 30 सीसी व्हिस्की में पानी मिला कर पीने से 70 कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है। किसी भी व्यक्ति को कितनी ऊर्जा (कैलोरी) की आवश्यकता होती है, यह जानना हमारे लिए आवश्यक है। एक व्यस्क पुरुष को 2600 एवं व्यस्क स्त्री को 2100 कैलोरी की आवश्यकता होती है। एक आराम की जिंदगी जीने वाली स्त्री को 2000 और पुरुष को 2400 कैलोरी की जरूरत पड़ती है। मध्यमश्रमी पुरुष को 2600, अधिक परिश्रमी पुरुष को 3500 और कठोर परिश्रम करने वाले पुरुष को 4100 कैलोरी आवश्यक होती है। आप कितने मोटे हैं इसका अनुमान आप अपने वजन को देखकर लगा सकते हैं उदाहरण के लिए यदि आप की ऊंचाई 165 सेंटीमीटर है, तो 45 किलोग्राम आपके लिए कम वजन, 56.70 किलोग्राम सामान्य वजन है और यदि आप का वजन 85 किलोग्राम है, तो आप मोटे हैं और अगर आप का वजन 113 किलोग्राम है, तो आप ज्यादा मोटे हैं। अगर आप मोटे हैं, तो 0.5 से 1 किलाग्राम भार प्रतिमाह कम करने की ठान लें। इसके लिए व्यायाम करना काफी हद तक लाभप्रद होता है, क्योंकि इससे हमारी ऊर्जा की खपत होती है। कड़े परिश्रम के समय 10 किलो कैलोरी खेलकूद और साइकिल चलाते समय सात किलो कैलोरी तथा टहलते समय पांच किलो कैलोरी ऊर्जा प्रति मिनट खर्च होती है। मोटापा एक ऐसी चीज है, जिसके कारण आप दूसरों के द्वारा उपहास का केन्द्र बन सकते हैं। अत: हमें अपनी सेहत का ख्याल रखना चाहिए। खानपान की अच्छी आदतों का पालन करना चाहिए। तली हुई चीजों से परहेज करना चाहिए, क्योंकि इनसे कोलेस्ट्रोल की मात्रा बढ़ती है। रोज व्यायाम व खेलकूद से भी शरीर चुस्त दुरुस्त रहता है।



मोटापे को दूर करने के लिए कई प्रकार की दवाओं का इस्तेमाल किया जाता है। आइए इनके बारे में जानें।

**एंफीटामीन**- इस दवा का इस्तेमाल आजकल कम होता जा रहा है, क्योंकि यह दवा दिमाग में ज्यादा उत्तेजना पैदा कर देती है और इससे भूख भी बहुत कम ही घटती है, जबकि चिकित्सक ज्यादा भूख घटाने की आशा करते हैं।

**सीरोटोनीनार्जेक दवाएं**- जैसे डेक्सफेन फ्लोरेमीन, फेन लोरेमीन आदि। इन दवाओं का इस्तेमाल उस स्थिति में किया जाता है, जबकि वजन बहुत तेजी से कम करना हो। जैसे हाई ब्लडप्रेशर या मधुमेह में ये दवाएं भूख घटाने की जगह व्यक्ति की तृप्ति का अहसास देती हैं।

**कोलीसिस्टो कायनीन दवाइंया**- इस प्रकार की दवाएं भूख को शांत करती हैं। इन सबके अलावा आंतों के (लाइपेज एंजाइम) को निष्क्रिय करने वाली दवाओं का इस्तेमाल भी किया जाता है।

# वेस्ट बैंक पर इजरायल का कब्जा मंजूर नहीं: ट्रम्प

## कहा: मैं इसकी इजाजत नहीं दूंगा, नेतन्याहू के अगले हफ्ते अमेरिका आने पर इस मुताल्लिक होगी बातचीत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वेस्ट बैंक (फलस्तीन का हिस्सा) पर इजरायल का कब्जा मंजूर नहीं है। उन्होंने कहा है कि वे कभी इसकी इजाजत नहीं देंगे। हाल ही में इजरायल के अधिकारियों ने वेस्ट बैंक के कुछ हिस्सों को इजरायल में मिलने की बात कही थी। इस पर ट्रम्प ने ओवल आफिस में कहा, मैं इजरायल को वेस्ट बैंक को मिलाने की परमिशन नहीं दूंगा।

ऐसा नहीं होगा। अब बहुत हो चुका है। इस हफ्ते फ्रांस, ब्रिटेन समेत कई देशों ने फलस्तीन को मान्यता दी है। इस फैसले का इजरायल ने विरोध किया था। इसके बाद वेस्ट बैंक पर कब्जे को लेकर इजरायली अधिकारियों की बयानबाजी शुरू हो गई थी। नेतन्याहू अगले हफ्ते सोमवार को अमेरिका के दौरे पर जाने वाले हैं। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच व्हाइट हाउस में मुलाकात होगी। ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में नेतन्याहू का यह चौथा वाशिंगटन दौरा है। वेस्ट बैंक, जार्डन के पश्चिम और येरुशलम के पूरब में स्थित है। 1948 में अरब-इजरायल जंग के बाद जार्डन ने इस पर कब्जा कर लिया था। जार्डन नदी के पश्चिम में होने की वजह से तब इसका नाम वेस्ट बैंक रख दिया गया। 1967 में 6 दिनों तक चले जंग के बाद इजरायल ने इस इलाके को जार्डन से छीन लिया। तब से वेस्ट बैंक पर इजरायल का कब्जा बरकरार है। इस इलाके में 30 लाख से ज्यादा लोग रहते हैं। इसमें ज्यादातर फलस्तीनी हैं। इजरायल ने वेस्ट बैंक पर कब्जे के बाद कई यहूदी बस्तियां भी बसाई। अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के मुताबिक यहां बनाई गई इजरायली बस्तियां अवैध हैं। ट्रम्प लंबे समय से नेतन्याहू के करीबी सहयोग का दावा करते रहे हैं। लेकिन उन पर अब अरब नेताओं का दबाव भी है। संयुक्त अरब अमीरात ने चेतावनी दी है कि किसी भी इजरायली कब्जे को रेड लाइन माना जाएगा।

ट्रम्प ने कहा है कि वो इजरायल को ऐसा कोई भी कदम नहीं उठाने देंगे, जिससे अरब देशों के नेताओं में नारा. जगी हो। 1967 के युद्ध में इजरायल ने वेस्ट बैंक, पूर्वी यरुशलम और गाजा पटी पर कब्जा किया था। फलस्तीनियों की मांग है कि ये तीनों क्षेत्र भविष्य में उनके राज्य का हिस्सा होने चाहिए। मानना है कि इजरायल का कब्जा टू स्टेट साल्यूशन (दो राष्ट्र समाधान) या अलग फलस्तीनी देश बनाने की संभावना को खत्म कर देगा। इजरायल की मौजूदा सरकार फलस्तीनी देश के बनने का विरोध करती है और वेस्ट बैंक के ज्यादा से ज्यादा हिस्से को अपने में मिलाना चाहती है।



- इस हफ्ते फ्रांस, ब्रिटेन समेत कई देशों ने फलस्तीन को मान्यता दी है
- इस फैसले का इजरायल ने विरोध किया था
- ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में नेतन्याहू का यह चौथा वाशिंगटन दौरा है



बिहार। मोतीहारी में हर घर अधिकार रैली में शामिल होतीं कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी रैली में अपार भीड़ से गदगद नजर आईं।

## UNRWA के लिए धन, राजनीतिक समर्थन का आग्रह

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गुरुवार को निकट पूर्व में फलस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के लिए धन और राजनीतिक समर्थन का आग्रह किया।

गुटेरेस ने यूएनआरडब्ल्यूए के समर्थन में आयोजित मंत्रिस्तरीय बैठक में कहा कि मैं आज आपसे अपील करता हूं कि आप यूएनआरडब्ल्यूए को आवश्यक धनराशि और राजनीतिक समर्थन प्रदान करें, ताकि फिलिस्तीनियों, इजरायिलों और क्षेत्र के लिए शांति एवं स्थिरता का निर्माण किया जा सके। अपने संबोधन में, संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा कि फलस्तीनी शरणार्थियों की कई पीढ़ियां शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और अन्य आवश्यक सेवाओं के लिए यूएनआरडब्ल्यूए पर निर्भर रही हैं। अक्टूबर 2023 से पहले, इसने पूरे क्षेत्र में पांच लाख लड़कियों और लड़कों को स्कूली शिक्षा प्रदान की। आज यह 26 लाख लोगों को आपातकालीन भोजन और नकद सहायता प्रदान करता है और इसके प्राथमिक क्लीनिकों में प्रति वर्ष 1-5 करोड़ लोग आते हैं। गुटेरेस ने कहा कि इन सबके बावजूद, यूएनआरडब्ल्यूए को अत्यधिक और बढ़ते दबाव में काम करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, इसके कर्मचारी गाजा में मारे जा रहे हैं, इसके परिसर नष्ट हो गए हैं, और इसे बजट की कमी का सामना करना पड़ रहा है।

- यूएनआरडब्ल्यूए को बढ़ते दबाव में काम करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध प्रवास को रोकने के लिए ब्रिटेन में अब डिजिटल आईडी

**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने शुक्रवार को कहा कि अवैध प्रवास को रोकने के लिए सरकार अब डिजिटल आइडी योजना को क्रियान्वित करने जा रही है। उन्होंने यहां आयोजित ग्लोबल प्रोग्रेस एक्शन सम्मेलन में अपने संबा. धन में कहा कि मुझे पता है कि आप इस देश में अवैध प्रवास के स्तर को लेकर चिंतित हैं। डिजिटल आईडी यहां अवैध रूप से काम करने को और भी कठिन बनाने का एक और उपाय है, जिससे हमारी सीमाएं और भी सुरक्षित हो जाएंगी।

### भारत ने आतंकवाद के प्रति अपने शून्य सहिष्णुता दृष्टिकोण को दोहराया

**संयुक्त राष्ट्र/नई दिल्ली।** भारत ने आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ लड़ाई में दुनिया के एकजुट होने की आवश्यकता पर बल दिया है। भारत ने 'आतंकवाद पीड़ितों के मित्र समूह' की छठी मंत्रिस्तरीय बैठक में सीमा पार आतंकवाद के संकट का उल्लेख किया और आतंकवाद के प्रति अपने शून्य सहिष्णुता वाले दृष्टिकोण को दोहराया है। सचिव 'पश्चिम राजदूत' सिबी जॉर्ज ने इस बैठक में भारत का पक्ष रखा।

### मीरवाइज ने लगातार तीसरी बार नजरबंद होने का किया दावा

**श्रीनगर।** कश्मीर के प्रमुख मौलवी एवं हुर्रियत अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक ने शुक्रवार को कहा कि अधिकारियों ने उन्हें फिर से नजरबंद कर दिया है, जिससे वह श्रीनगर की ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में नमाज अदा नहीं कर सकेंगे। मीरवाइज ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह लगातार तीसरा शुक्रवार है जब उन्हें मस्जिद में जाने से रोका गया है। उन्होंने लिखा कि पुलिस ने अभी सूचित किया है कि आज फिर, लगातार तीसरे शुक्रवार को, मुझे घर में नजर. बंद कर दिया गया है और जामा मस्जिद जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी? मीरवाइज ने आरोप लगाया कि प्रतिबंध मनमाने तरीके से और बिना किसी जवाबदेही के लगाए गए हैं।

## यमन में इजरायल का बड़ा हवाई हमला

- चार बच्चे समेत नौ की मौत, कई लोग घायल

**सना।** यमन की राजधानी सना में इजरायल के भयावह हवाई हमले में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हुए हैं। शुक्रवार को इस बात की जानकारी यमन के हूथी विद्रोहियों ने दी। यह हमला गुरुवार को हुआ था, जो इजरायल और ईरान समर्थित हूथियों के बीच गाजा युद्ध को लेकर बढ़ते तनाव का हिस्सा है।

इससे पहले गुरुवार को हूथियों द्वारा दक्षिणी इजरायल के ईलात शहर में ड्रोन हमला किया गया था, जिसमें 22 लोग घायल हुए थे, जिसके जवाब में इजरायल ने ये हमला किया। मामले में हूथी नियंत्रित क्षेत्र की स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि मरने वालों में चार बच्चे, दो महिलाएं और तीन बुजुर्ग शामिल हैं। इसके अलावा 59 बच्चे, 35 महिलाएं और 80 बुजुर्ग घायल हुए हैं। राहत कर्मी मलबे के नीचे फंसे लोगों की तलाश कर रहे हैं, इसलिए मौतों की संख्या बढ़ सकती है। इजरायली सेना ने कहा कि उन्होंने सना में हूथी सैन्य कमांड सेंटर, कैंप और सुरक्षा केंद्रों को निशाना बनाया। वहीं हूथी प्रवक्ता ने दावा किया कि इजरायली हमले ने आवासीय इलाकों और बिजली सुविधाओं को नुकसान पहुंचाया, लेकिन उनकी सुरक्षा प्रणालियों ने हमला रोकने में मदद की। ऐसे में अब बात अगर सना के निवासी की करें तो उन्होंने इस हमले के बारे में बताया कि एक हमले में एक भवन क्षतिग्रस्त हुआ, जहां हूथी नेता रहते थे। विस्फोट इतना जोरदार था कि आस-पास के कई घर और वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। इसके साथ ही स्थानीय लोगों ने बताया कि विस्फोट के बाद पूरा इलाका धूल और काले धुएं से भर गया था।

## कंबोडिया से जुड़े अंतर्राज्यीय साइबर ठग गिरोह का भंडाफोड़ चार लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम दिल्ली साइबर थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जिसके तार कंबोडिया में सक्रिय धोखेबाजों से जुड़े पाए गए हैं। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से चार अत्याधुनिक मोबाइल फ़ोन बरामद किए हैं। यह गिरोह नकली ट्रेडिंग ऐप बनाकर लोगों को करोड़ों रुपये का चूना लगा रहा था। दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बुलंदशहर निवासी मनीक अग्रवाल (25) ,अब्दुल्ला उर्फ लूसिफर (23), मोहम्मद आमिर उर्फ रॉकी (26) और शनमियां खान के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता टी- सिंह ने बताया कि 10 जून 2025 को उन्हें '101 शून्य वेल्थ सर्किल' नामक एक व्हाट्सऐप समूह में जोड़ा गया।

# शहबाज-मुनीर से मुलाकात से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस करते रहे ट्रम्प

## पाकिस्तानी पीएम और आर्मी चीफ को 30 मिनट इंतजार कराया

**वाशिंगटन।** पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने गुरुवार देर रात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात की। बैठक से पहले ट्रम्प ने शहबाज को करीब 30 मिनट तक इंतजार कराया। इस दौरान ट्रम्प प्रेस कॉन्फ्रेंस करते रहे। दरअसल पाक पीएम रात करीब 2 बजे व्हाइट हाउस पहुंचे थे। उस वक्त ट्रम्प कार्यकारी आदेशों पर साइन कर रहे थे और पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

इस दौरान शहबाज व्हाइट हाउस में ही ट्रम्प का इंतजार करते रहे। बाद में दोनों के बीच करीब 1 घंटा 20 मिनट तक बैठक चली। यह मुलाकात व्हाइट हाउस में बंद कमरे में हुई। इस मीटिंग से मीडिया को दूर रखा गया। व्हाइट हाउस की तरफ से ट्रम्प और शरीफ-मुनीर की बातचीत को लेकर कोई तस्वीर या वीडियो अब तक जारी नहीं की गई है। अमूमन अमेरिकी राष्ट्रपति जब किसी विदेशी नेता से मिलते हैं, तो व्हाइट हाउस आधिकारिक तस्वीरें जारी करता है। ट्रम्प और शहबाज के यह 3 दिन में दूसरी मुलाकात थी। इससे पहले दोनों नेताओं ने 23 सितम्बर को न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के दौरान मुलाकात की थी। उस बैठक में कतर, तुर्की, सऊदी अरब, इंडोनेशिया, मिस्र, यूएई और जार्डन के नेता भी शामिल थे। उस दौरान गाजा जंग रोकने पर बात हुई थी। शहबाज शरीफ की किसी अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ ओवल आफिस में पहली मुलाकात थी। पाकिस्तान के किसी पीएम अमेरिकी राष्ट्रपति से 6 साल बाद मुलाकात हुई है। इससे पहले जुलाई 2019 में इमरान खान और ट्रम्प के बीच बैठक हुई थी। इससे पहले शहबाज शरीफ ने 23 सितम्बर को न्यूयार्क में ट्रम्प से मुलाकात की थी। इस दौरान मुस्लिम देशों के कई नेता मौजूद थे। बैठक से पहले पत्रकारों से बात करते हुए ट्रम्प ने कहा कि व्हाइट हाउस में एक 'महान नेता' आ रहा है। ट्रम्प ने मीडिया से कहा पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और फील्ड मार्शल आ रहे हैं। वे बहुत अच्छे व्यक्ति हैं और प्रधानमंत्री भी। दोनों ही (शहबाज और मुनीर) बहुत अच्छे हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि बैठक में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी मौजूद थे।



- व्हाइट हाउस ने फोटो-वीडियो तक जारी नहीं किया
- बाद में दोनों के बीच करीब 1 घंटा 20 मिनट तक बैठक

## छात्राओं से छेड़छाड़ का आरोपी चैतन्यानंद की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े एक मामले में आरोपी स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती की अग्रिम जमानत याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया। अदालत ने याचिका पर विचार करने के बाद यह निर्णय लिया कि उन्हें अग्रिम जमानत देना उचित नहीं होगा। चैतन्यानंद पर छात्राओं के साथ छेड़छाड़ और यौन शोषण के भी गंभीर आरोप लगे हैं। सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने जमानत का पुरजोर विरोध करते हुए अदालत को बताया कि आरोपी पिछले एक महीने से फरार है।

# फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी को 5 साल की जेल

## 92 लाख का जुर्माना भी लगा, 2007 में लीबियाई तानाशाह से पैसे लेने की साजिश रची थी

**पेरिस।** फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी को पेरिस की एक अदालत ने गुरुवार को आपराधिक साजिश के आरोप में 5 साल जेल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उन पर 1 लाख यूरो (लगभग 92 लाख रुपये) का जुर्माना लगाया गया और 5 साल तक कोई सरकारी पद लेने पर रोक लगा दी गई है।

यह मामला 2007 के राष्ट्रपति चुनाव में उनकी जीत के लिए लीबिया के तत्कालीन तानाशाह मुअम्मर गद्दाफी की अवैध फंडिंग से जुड़ा है। हालांकि, कोर्ट ने सरकोजी को भ्रष्टाचार जैसे अन्य आरोपों से बरी कर दिया। 70 साल के सरकोजी ने फैसले को कानून के खिलाफ बताते हुए ऊपरी कोर्ट में अपील करने का ऐलान किया है। निकोलस सरकोजी 2007 से 2012 तक फ्रांस के राष्ट्रपति रहे थे। उनकी पत्नी कार्ला ब्रूनी एक फेमस सिंगर और मॉडल हैं। निकोलस सरकोजी अपनी पत्नी कार्ला ब्रूनी के साथ सुनवाई के लिए कोर्ट पहुंचे थे। अदालत ने फैसला दिया कि सरकोजी ने अपने करीबी सहयोगियों के साथ मिलकर 2007 के इलेक्शन कैंपेन के लिए लीबिया से पैसे लेने की साजिश रची थी। हालांकि, यह साबित नहीं हो सका कि ये पैसा उनके कैंपेन में इस्तेमाल हुआ, इसलिए उन्हें भ्रष्टाचार जैसे अन्य आरोपों से बरी कर दिया गया। फिर भी अदालत ने कहा कि यह साजिश गंभीर अपराध है, क्योंकि इससे लोगों का भरोसा टूटता है। सरक. ोजी को एक महीने के अंदर जेल जाना होगा। आधुनिक फ्रांस के इतिहास में यह पहली बार है जब किसी पूर्व राष्ट्रपति को जेल जाना पड़ेगा। सरकोजी ने सभी आरोपों से इन्कार किया है। उनका कहना है कि यह मामला 'राजनीतिक साजिश' है और गद्दाफी परिवार ने बदला लेने के लिए ये आरोप लगाए हैं। सरक. ोजी ने कहा: अगर उन्हें जेल में सोना पड़ा, तो वे सिर ऊंचा करके सोएंगे।



- 70 साल के सरकोजी ने फैसले को कानून के खिलाफ बताते हुए ऊपरी कोर्ट में अपील करने का ऐलान किया

## भारत का परमाणु क्षमता को बढ़ाने की दिशा में सराहनीय काम: विश्व परमाणु संघ

**मास्को।** विश्व परमाणु संघ की महानिदेशक समा बिलबाओ लियोन ने विश्व परमाणु सप्ताह समारोह में कहा है कि भारत अपने स्वदेशी कार्यक्रम के साथ परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में शानदार काम कर रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि चीन, भारत और अन्य एशियाई देशों में परमाणु ऊर्जा का अच्छा विकास हुआ है। लियोन ने समारोह में अंतर्राष्ट्रीय मीडिया से बात करते हुए यह भी कहा कि दुनिया भारत की क्षमता की ओर देख रही है। उल्लेखनीय है कि यह समारोह रूसी परमाणु उद्योग की 80वीं वर्षगांठ को समर्पित है। उन्होंने कहा कि कई देश आपूर्ति श्रृंखला के लिए भारत की ओर देख रहे हैं। उन्होंने 2047 तक भारत के 100 गीगावाट के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के पास करने के लिए बहुत बड़ा काम है और सभी का ध्यान इसी पर है कि इसे कैसे पूरा किया जाएगा। उन्होंने नीतिगत विकास पर कहा कि भारत को अपने परमाणु ऊर्जा अधिनियम और परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम में संशोधन करने की जरूरत है।

- चीन, भारत और अन्य एशियाई देशों में परमाणु ऊर्जा का अच्छा विकास हुआ

# तुर्की के जवाब में भारत ने साइप्रस का मुद्दा उठाया

## कहा: यूएन के मुताबिक समाधान हो, एर्दोगन ने यूएन में कश्मीर मुद्दे का किया था जिक्र

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को वीकली प्रेस कान्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने बताया कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने हाल ही में साइप्रस के विदेश मंत्री से बात की है। इस दौरान उन्होंने साइप्रस विवाद को यूएन नियमों के मुताबिक हल करने पर बात की। दरअसल तुर्की ने 1974 में साइप्रस के उत्तरी हिस्से पर कब्जा कर लिया था, तब से वहां विवाद की स्थिति बनी हुई है।

भारत के आज के बयान से तीन दिन पहले तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन ने यूएन में जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया था। इस पर जायसवाल ने कहा कश्मीर मुद्दे पर हमारा स्टैंड 10 साल से पूरी तरह क्लियर है। जायसवाल ने नाटो प्रमुख मार्क रुटे के उस बयान को पूरी तरह खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा था पीएम मोदी ने यूक्रेन वार मुद्दे पर राष्ट्रपति पुतिन से बात की है। जायसवाल ने कहा कि ऐसी कोई बातचीत नहीं हुई। उन्होंने नाटो से सावधानी से बयान देने को कहा। इसके साथ यह भी कहा कि भारत अपने लोगों के लिए सस्ती बिजली और देश की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाता रहेगा। हाल ही में मार्क रुटे ने कहा था कि अमेरिका ने जो टैरिफ भारत पर लगाए हैं, उसका असर रूस पर भी पड़ रहा है।

उनके मुताबिक, टैरिफ की वजह से भारत ने रूस से उसकी यूक्रेन युद्ध रणनीति को लेकर जवाब मांगा है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी इस बारे में रूसी राष्ट्रपति पुतिन से बात कर रहे हैं। जायसवाल ने बताया कि इस साल जनवरी से अब तक 2,417 भारतीय अमेरिका से वापस आए। ये लोग सही दस्तावेजों के बिना वहां थे। भारत चाहता है कि लोग कानूनी तरीके से विदेश जाएं। अवैध तरीके से विदेश जाने वालों को रोकने के लिए केंद्र सरकार राज्यों के साथ मिलकर काम कर रही है। लोगों को जागरूक करने और झूठे नौकरी के आफर से बचने की सलाह दी गई है।



- इस पर जायसवाल ने कहा कश्मीर मुद्दे पर हमारा स्टैंड 10 साल से पूरी तरह क्लियर है

## लश्कर डिप्टी चीफ बोला: हिंदुस्तान व हिंदुओं का सफाया होगा

- पहलगाम हमले के पहले का वीडियो सामने आया, भारत में इस्लामी राज लाने की धमकी दी

**इस्लामाबाद।** लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का डिप्टी चीफ सैफुल्लाह कसूरी का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो भारत से हिंदुओं का सफाया करने की धमकी देता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ये वीडियो 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले से पहले का है।

कसूरी इस हमले के मास्टरमाइंड में से एक है। वीडियो में वह कहता है कि हमारे काफिले न रुकेंगे, न थमेंगे और तब तक चौन से नहीं बैठेंगे जब तक पूरे हिंदुस्तान पर 'ला इलाहा इलल्लाह' (अल्लाह के अलावा कोई दूसरा नहीं) के परचम लहरा नहीं देते। कसूरी आगे कहता है कि ये वक्त आने वाला है, कोई नाउम्मीदी नहीं। हम जिस मैदान में खड़े हुए हैं, अपने दुश्मन को चारो खाने चित्त किया है। ये हिंदू हमारे सामने क्या है। हिंदुस्तान का हिंदू मिट जाएगा और इस्लाम का राज आने वाला है। कसूरी वीडियो में कहता है कि ये भाषण वो लश्कर के मुरीदके हेडक्वार्टर से दे रहा है। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान लश्कर के इस हेडक्वार्टर पर हमला बोला था। बाद में पाकिस्तानी सेना ने झूठा दावा किया था कि यह आतंकवादी अड्डा नहीं, बल्कि एक मस्जिद है। कसूरी ने पाकिस्तान को 'अल्लाह की दी हुई पनाहगार' बताया। उसने कहा: पाकिस्तान सलामती और अमन की सरजमीं है, ये दुनियाभर के मुस्लिमों का हमदर्द और मददगार है। इसके अलावा कसूरी ने दुनिया से पाकिस्तान की कद्र करने और जुड़ने को कहा।

